सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-287 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 12 अप्रैल 2025
13 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com





मुख्यमंत्री योगी ने मंच पर किया पीएम का स्वागत

## पीएम मोदी ने काशीवासियों को 39 करोड़ की 44 परियोजनाओं की दी सौगात
# काशी के विकास ने नई गति पकड़ी : मोदी



- हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही
- पहचान का नया पासपोर्ट है जीआई टैग
- इलाज के लिए अब जमीन बेचने की जरूरत नहीं
- हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी में 39 करोड़ की 44 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इसके अलावा 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम ने इस दौरान जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रही है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यह बताता है यह उत्पाद इस जमीन की पैदाइश है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी। कहा कि यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है। पीएम ने कहा हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं उनका सिद्धांत है परिवार का साथ परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। दस साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा कि हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं। पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। लौटाने का प्रयास किया है। वाराणसी में 50 हजार वय वंदना कार्ड पहुंच गया है, यह आंकड़ा नहीं। नम्र प्रयास है। वहीं उन्होंने आयुष्मान योजना को लेकर कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की मजबूरी नहीं है। दर- दर भटकने की जरूरत नहीं है। आयुष्मान कार्ड से मरीजों का इलाज निशुल्क हो जाएगा।

### शिल्पकारों को पीएम ने दिलाई पहचानः योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है, उस नई काशी को, उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी। ट्रैफिक जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी पीएम के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### हम बंदूक के बल पर बात नहीं करते : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ बातचीत में सरकार, देश तथा जनता के हितों की रक्षा करेगी और इस बारे में जल्दबाजी में कोई भी कदम नहीं उठाएगी। उन्होंने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं इंडिया फर्स्ट के दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं और विकसित भारत 2047 का मार्ग सुनिश्चित कर रही हैं। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने पत्रकारों से कहा, हमने पहले भी कई बार कहा है कि हम बंदूक की नोक पर बात नहीं करते हैं। समयबद्ध तरीके से काम करना अच्छा है, लेकिन जब बात देश हित और जनहित की हो तो तब किसी भी तरह की जल्दबाजी अच्छी नहीं होती। दोनों देशों ने इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा है।

# हर मामले की जांच सीबीआई को सौंपना सही नहीं
# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया हाईकोर्ट का आदेश

**शिकायतकर्ता के आरोप अस्पष्ट और बेबुनियाद**



**नई दिल्ली।** न्यायालय उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने से संबंधित पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का एक आदेश खारिज कर दिया है और कहा है कि कि ऐसे निर्देश नियमित रूप से पारित नहीं किए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता हो कि सीबीआई से जांच कराने की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्टया सीबीआई जांच की आवश्यकता प्रतीत होती हो। सीबीआई जांच का निर्देश नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा, बिना किसी निश्चित निष्कर्ष के अगर और मगर जैसे तर्क सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच का निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। उच्च न्यायालय के मई 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला दिया है। पीठ ने कहा कि अक्टूबर 2022 में पंचकूला में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुद को खुफिया ब्यूरो का महानिरीक्षक (आईजी) बताते हुए शिकायतकर्ता को धमकाया और उसे अपने खाते में 1.49 करोड़ रुपये स्थानांतरित करने के लिए कहा। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपी नेदवाओं का कारोबार करने वाले शिकायतकर्ता को अपने सहयोगियों के साथ काम करने के लिए मजबूर किया और उससे जबरन पैसे वसूले। शिकायतकर्ता ने उच्च न्यायालय से मामले की जांच का जिम्मा राज्य पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया। उच्च न्यायालय ने याचिका स्वीकार कर ली, जिसके बाद आरोपी ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। दो अप्रैल के अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय के समक्ष दायर याचिका में अस्पष्ट और बेबुनियाद आरोप लगाए गए थे।

# राजद एमएलए रीतलाल के 11 ठिकानों पर छापे
### 10.5 लाख कैश और जमीन के 14 डीड मिले



**पटना।** बिल्डर से रंगदारी मांगने पर पटना पुलिस ने एसटीएफ और एटीएस के साथ दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के 11 ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह से देर शाम तक छापेमारी की। छापेमारी दल का नेतृत्व दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह कर रहे थे। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए भारी संख्या में बल की तैनाती की गई। आर्म्स डिटेक्टर से भी घरों की तलाशी ली गई। हालांकि, अवैध हथियार नहीं मिले। एएसपी ने बताया कि विधायक के ठिकानों से साढ़े 10 लाख नकद, साढ़े 77 लाख के ब्लैंक चेक, जमीन के 14 डीड, कई एग्रीमेंट पेपर, 17 चेकबुक, पांच स्टांप पेपर, छह पेन ड्राइव, वाकी-टाकी आदि बरामद हुए। छह-सात ब्लैंक चेक और जमीन के दस्तावेज शिकायतकर्ता के आरोपों की पुष्टि कर रहे हैं। पूरे दिन हुई कार्रवाई के दौरान विधायक और उनके साथ प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त फरार थे। मामले में विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में फिर हिंसा, भीड़ ने ट्रेन पर पत्थर फेंके

- झड़प में 10 पुलिसकर्मी घायल
- आसपास के इलाकों से बुलाई गयी फोर्स
- मंगलवार को भी मुर्शिदाबाद में हुई थी हिंसा




**कोलकाता।** केंद्र के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई, जब उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस पर पथराव के साथ निमतिता स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन पर पत्थर फेंके।

भीड़ ने स्टेशन पर तोडफ़ोड़ भी की और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। हिंसक प्रदर्शनों के कारण मुर्शिदाबाद से गुजरने वाली दो ट्रेनों को रद करना पड़ा और पांच का मार्ग बदला गया है। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुर्शिदाबाद के कई इलाकों- विशेषकर शमशेरगंज और सुती में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग एकत्रित होकर सड़क पर आ गए और वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को भी जाम कर दिया। विरोध प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया जब उन्होंने कथित तौर पर एक पुलिस वैन पर पथराव किया, जो कैदियों को ले जा रही थी। झड़प के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ लगभग 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने उनपर पथराव किया। काफी देर तक हंगामा चलता रहा और जब आसपास के इलाकों से फोर्स बुलाई गई तब हालात नियंत्रण में आए।

पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। मालूम हो कि मुर्शिदाबाद में मंगलवार को भी वक्फ कानून के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा हुई थी। भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव किया गया था और उसकी गाडियों में आग लगा दी गई थी। यह घटना जंगीपुर इलाके में हुई थी, जहां दोपहर में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इस कानून को वापस लेने की मांग को लेकर इकट्ठा हुए थे। बुधवार तक पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली में मौसम बिगड़ा ग्वालियर में फंसे पीएम मोदी

- डेढ़ घंटे की देरी से विमान ने भरी उड़ान

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम के कार्यक्रम में शामिल होकर ग्वालियर एयर फोर्स स्टेशन पहुंचे। लेकिन, मौसम खराब होने की कारण उनका विमान एक घंटे से अधिक समय तक रुका रहा। दिल्ली में आचानक चली आंधी और बारिश के कारण उनका विभाग उड़ान नहीं भर सका।

दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी आनंदपुर धाम के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हेलीकॉप्टर से शाम करीब 6 बजे ग्वालियर एयर फोर्स स्टेशन पर पहुंचे। जहां, से उन्हें अपने विमान से दिल्ली रवाना होना था। लेकिन, अचानक हुए मौसम बदलाव से दिल्ली में आंधी और बारिश शुरू हो गई। इस कारण पीएम मोदी का विमान उड़ान नहीं भर सका। करीब डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद 7:30 बजे विमान ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बता दें कि पीएम मोदी के अशोकनगर जाने और वहां से आने के दौरान पांच-पांच मिनट का ट्रांजिट विजिट ग्वालियर में था। लेकिन, खराब मौसम के कारण उन्हें करीब डेढ़ घंटे ग्वालियर एयर फोर्स स्टेशन पर रुकना पड़ा।

# कन्हैया कुमार पटना पुलिस की हिरासत में



**पटना।** बिहार के सियासी गलियारी में आज काफी गहमागहमी है। राहुल गांधी के पटना से जाने के दो दिन बाद कांग्रेस राजधानी में बड़ा प्रदर्शन शुरू हुआ। कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में निकले, लेकिन उनके वहां से निकलते ही पुलिस ने उनको राजापुल के पास ही रोक दिया। कन्हैया कुमार आज सदाकत आश्रम से निकलने के बाद अपनी यात्रा के दौरान सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। यात्रा में शामिल लोगों पर वाटर केनन भी चलाया गया। इस दौरान अन्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कन्हैया कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इधर, प्रदर्शन से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की जनता बेराजगारी और गरीबी से त्रस्त है। मजबूरी में उन्हें पलायन करना पड़ रहा है।

# काला धन और 15 लाख रुपये का क्या हुआ : फारूक अब्दुल्ला

- वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध का किया समर्थन



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की आड़ में केंद्र सरकार पर काला धन वापस लाने और प्रत्येक नागरिक को 15 लाख रुपये देने के अधूरे वादे पर कटाक्ष किया। आज यहां एक बातचीत में पत्रकारों ने डॉ. फारूक अब्दुल्ला से तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने के संदर्भ में उनकी राय जानने का प्रयास किया।

डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कि मुबारक हो, किसी को तो वापस लाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा काला धन वापस लाने के वादे का क्या हुआ? हर नागरिक को मिलने वाले 15 लाख रुपये कहां हैं? उन्होंने केंद्र सरकार को जनता को अतीत में किए गए अधूरे वादों की याद दिलाई और सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाए। फारूक अब्दुल्ला ने इस अवसर पर सऊदी अरब के फतवा बोर्ड द्वारा जारी फतवे की तरफ भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इस समय सबसे अहम यह फतवा है। उन्होंने कहा कि कोशिश हो रही थी कि यहूदियों, ईसाइयों और मुस्लिमों की धार्मिक किताबों को एक ही साथ लिखा जाए, उनके धर्मस्थल एक स्थान पर हों। फतवा बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि आखिर मजहब इस्लाम है और पाक कुरान ही अंतिम है। अंतिम पैगम्बर हजरत मुहम्मद है और जो इससे पीछे हटेगा या इस विश्वास का विरोध करता है, वह दुश्मन-ए-इस्लाम है। वह जहन्नुम में जाएंगे और उनके साथ देने वाले भी जहन्नुम में जाएंगे। वक्फ संशोधन अधिनियम के मुद्दे पर पीडीपी द्वारा आज श्रीनगर में किए गए विरोध प्रदर्शन पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हुजूर अच्छा है, विरोध प्रदर्शन करें, यह आजाद वतन है, सभी को आजादी है, जिसे जितना करना है विरोध प्रदर्शन कर सकता है।

## दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी के बाद हुई बारिश
# तेज हवा के बीच बारिश ने धोया प्रदूषण

- 15 से अधिक उड़ानें डायवर्ट
- ओलावृष्टि की आशंका ऑरेंज अलर्ट जारी
- बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान



राजधानी में तेज हवा के बीच हल्की बूंदाबांदी ने प्रदूषण को धो दिया है। इससे लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिली है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 164 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 92 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है।

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं शहर में चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की चेतावनी दी और दिल्ली-एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और 40-80 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तेज हवाएं और ओले बागानों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। खुले इलाकों में लोगों और मवेशियों के घायल होने, कमजोर संरचनाओं को आंशिक नुकसान, कच्चे घरों और झोपड़ियों को मामूली नुकसान और ढीली वस्तुओं के उड़ जाने की संभावना भी है। ऑरेंज अलर्ट से संकेत मिलता है कि निवासियों को तैयार रहना चाहिए और आईएमडी की सलाह के अनुसार काम करनी चाहिए। आईएमडी ने लोगों को घर के अंदर रहने, खिड़कियों और दरवाजों को सुरक्षित रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। पेड़ों के नीचे नहीं, बल्कि सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने और कंक्रीट की सतहों के संपर्क से बचने की भी सिफारिश की है। लोगों से बिजली के उपकरणों को बंद करने, जल निकायों से तुरंत बाहर निकलने और बिजली का संचालन करने वाली वस्तुओं से दूर रहने का आग्रह किया गया है। जानकारी के अनुसार, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर 15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट ऑपरेटर डायल ने शाम 7.15 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में खराब मौसम के कारण, दिल्ली एयरपोर्ट पर कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे उड़ान संबंधी नवीनतम अपडेट के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें।

इंडिगो ने कहा कि दिल्ली और जयपुर में धूल भरी आंधी चल रही है, जिससे उड़ान और लैंडिंग प्रभावित हो रही है और संभावित रूप से हवाई यातायात जाम हो रहा है। ऑपरेटर ने पोस्ट में कहा कि इससे देरी या डायवर्जन हो सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली और आसपास के एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें आने वाले घंटों में खराब मौसम की स्थिति की चेतावनी दी गई है।

# हमारा लक्ष्य है कि हर किसान को गेहूं का सही मूल्य मिलेः दुर्गा शक्ति नागपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद 2025 को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिलेभर में गेहूं खरीद व्यवस्था को सुगम और किसानहितैषी बनाने के लिए प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। डीएम के निर्देश पर सभी उप जिलाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर समीक्षा और संवाद की प्रक्रिया शुरू कर दी है इसी कड़ी में शुक्रवार को सभी तहसील क्षेत्रों में एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील स्तर पर लेखपालों, क्रय केंद्र प्रभारियों और कृषकों की संयुक्त बैठकें आयोजित हुई, जिनमें गेहूं खरीद की नीतियों और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ज़ोर दिया गया। साथ ही मंडियों में स्थापित क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी गहन जायज़ा लिया। अधिकारियों ने तोल मशीनों की सटीकता, पानी, छाया और किसानों के बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और सुधार के निर्देश भी दिए आयोजित बैठकों में एसडीएम ने कहा कि हर किसान को यह महसूस होना चाहिए कि प्रशासन उसके साथ खड़ा है। लेखपालों को फील्ड में जाकर किसानों से सीधे संवाद करना होगा। जरूरत पड़ने पर केंद्रों तक ले जाकर मदद करें। इस निर्देश के तहत अब लेखपाल गांव-गांव जाकर खरीद प्रक्रिया की जानकारी देंगे, कागज़ी कार्यवाही में सहायता करेंगे, और सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी किसान समर्थन मूल्य से वंचित न रह जाए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर किसान को उसके गेहूं का सही मूल्य मिले और किसी को भी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। लेखपालों की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की होनी चाहिए। किसानों को क्रय केंद्रों तक पहुंचने, पंजीकरण कराने, भू।अभिलेख सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं में पूरी मदद मिलनी चाहिए।

# भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य गांवों का समग्र विकास करनाः बृजेश सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी/मितौली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गाँव चलो अभियान के अंतर्गत जिला मंत्री बृजेश सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश ने कस्ता विधानसभा क्षेत्र के रामपुर रामदास और ओलरापुर गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पार्टी की नीतियों और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान बृजेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य गांवों का समग्र विकास है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभों को विस्तार से बताया जिला पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव प्रयास कर रही है इस जनसंपर्क कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता, पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने नेताओं का आभार व्यक्त किया और सरकार की योजनाओं की सराहना की।

# विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई अभियुक्तों की गिरफ्तारियां

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैलानी पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों रमेश पुत्र इतवारी निव0 रामपुर ग्रन्ट डाटपुर जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 4182/21 धारा 323/504/452 भादवि अभि0 धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्रीराम निवासी वृदावन थाना मैलानी जनपद खीरी सम्बन्धित अ0सं0 26/20 धारा 60(2) आबकारी अधि0 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है थाना धौरहरा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 195/2025 धारा 109(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रामजीवन गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया थाना मैलानी पुलिस द्वारा करीब 250 लीटर यूरिया अपमिश्रित कच्ची शराब व 01 किलो 400 ग्राम यूरिया खाद व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों रामपाल पुत्र मुरली निवासी ग्राम समहा थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत व छोटेलाल पुत्र रामविलास निवासी ग्राम कांप ग्रन्ट थाना मैलानी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । मौके पर करीब 1000 लीटर लहन को नष्ट किया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 140/2025 धारा 60(2) E& Act व 274 बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है थाना मितौली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 104/2025 धारा 69/115(2)/352/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अक्षय कुमार पुत्र शिवचरन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा मु0सं0 2027/14 अ0सं0 151/06 धारा 323/353/324/323/504/506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त मन्नु उर्फ अभिमन्यु पुत्र पुत्तुलाल निवासी ग्राम श्रीनगर थाना फूलबेहड जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की ढाई माह पहले शादी हुई थी। गुरूवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव तेंदुआ निवासी राम सागर के 25 वर्षीय बेटे दुर्गेश ने गुरूवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन दुर्गेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि दुर्गेश की शादी मडराही गांव से हुई थी। अभी शादी को ढाई माह भी नहीं बीता था और यह घटना हो गई।

## सब्जी से भरे ओवरलोड ई रिक्शा ने दस वर्षीय बच्चे को कुचला, बच्चे हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** खीरीटाउन कस्बे के मोहल्ला बाजार निवासी दस वर्षीय बच्चा शुक्रवार की सुबह सड़क पार कर रहा था, इस दौरान लखीमपुर की ओर से आ रहे सब्जी से भरे ओवरलोड ई रिक्शा ने उसे कुचल डाला। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचते, इससे पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना खीरी क्षेत्र के बाजार मोहल्ला निवासी तनवीर का 10 वर्षीय पुत्र मोहम्मद फरहान शुक्रवार की सुबह लहरपुर रोड स्थित इलाहाबाद बैंक के पास सड़क पार कर रहा था। बताते हैं लखीमपुर की ओर से आर रहे सब्जी से भरे ई रिक्शा की चपेट में आ गया। हादसे में मो. फरहान गंभीर रूप से घायल हो गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन जब तक बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचते उससे पहले ही फरहान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दरोगा ने शादी का वादा कर युवती से किया शारीरिक शोषण, कराया गर्भपात, मुकदमा दर्ज

**आगरा।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के कौशांबी थाने में तैनात दरोगा अविनाश कुमार के खिलाफ आगरा के ट्रांस यमुना थाने में दर्ज मुकदमे से पुलिस विभाग की छवि पर तो सवाल उठना स्वाभाविक है। दरोगा अविनाश कुमार के खिलाफ आगरा के ट्रांस यमुना थाने में अपने शोषण का आरोप लगाने वाली युवती आगरा की ही निवासी है। उसका कहना है कि दरोगा अविनाश से उसकी पहचान हाथरस में हुई थी, जो बाद में दोस्ती में बदली और शारीरिक संबंधों तक जा पहुंची। दरोगा ने उसे शादी का वायदा कर शारीरिक शोषण किया। दरोगा पद पर चयन से पहले ही शोषण का सिलसिला शुरू हो गया था जो दरोगा बनने के बाद भी जारी रखा।

पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2022 से दरोगा अविनाश शादी का झांसा देकर उसका शोषण करता आ रहा था। फरवरी के अंतिम सप्ताह में उसे जानकारी हुई कि अविनाश की शादी कहीं और तय हो चुका है। इस पर उसने अविनाश से बातचीत की। विगत 16 मार्च को उससे मिलने आगरा आया और ट्रांस यमुना क्षेत्र के ही एक होटल में ले गया। वहां उसे फिर से झांसा दिया कि परिवार के दबाव में शादी तय कर ली है। दरोगा ने यहां भी उससे संबंध बनाए। दर्ज कराए मुकदमे में पीड़िता ने शारीरिक शोषण के अलावा गर्भपात कराने और धमकी के आरोप भी लगाए हैं। वही आगरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही सवाल यह उठ रहा है कि जिस पुलिस को अनुशासित होना चाहिए, उसी के कुछ कर्मचारी इस तरह की हरकतें करने पर उतर आए हैं। महिलाओं की ओर से शोषण का पुलिस पर यह पहला आरोप नहीं है। इससे पहले कई वरिष्ठ अधिकारियों तक पर इस तरह के आरोप लग चुके हैं। पुलिसकर्मियों की ये हरकतें विभाग के अनुशासन को तो तार-तार कर ही रही हैं।

# अपर जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में एनडीए एवं सीडीएस परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु ब्रीफिंग

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (नगर) अनूप कुमार की अध्यक्षता में एनडीए एवं सीडीएस परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सूरसदन प्रेक्षागृह में सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इन्सपैक्टिंग ऑफिसर, सहायक सुपरवाइजर की ब्रीफिंग सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि संघ लोक सेवा आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा आगरा नगर में दिनांक 13 अप्रैल 2025 को नगर में बनाये गये 31 परीक्षा केन्द्रों में से 10 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक, अपरान्ह 12:30 बजे से 02:30 बजे तक एवं अपरान्ह 04:00 बजे से 06:00 बजे के मध्य तीन पारियों में कम्बाइन डिफेन्स सर्विस (सीडीएस) परीक्षा-1, 2025 एवं 21 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक एवं अपरान्ह 02:00 बजे से



04:30 बजे के मध्य दो पारियों में नेशनल डिफेंस एकेडमी एण्ड नवल एकेडमी (एनडीए एण्ड एनए) परीक्षा-1, 2025 की परीक्षा सम्पन्न होगी। यह भी बताया गया कि कम्बाइन डिफेन्स सर्विस (सीडीएस) परीक्षा में कुल 4634 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे, जिसके लिए 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 10 लोकल इन्सपैक्टिंग ऑफिसर, 10 सहायक सुपरवाइजर-1 तथा 10 सहायक सुपरवाइजर-2 नामित किए गये हैं। इसके अतिरिक्त 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 03 लोकल इन्सपैक्टिंग ऑफिसर, 04 सहायक सुपरवाइजर-1 तथा 03 सहायक सुपरवाइजर-2 आरक्षित किए गये हैं। इसी प्रकार नेशनल डिफेंस एकेडमी एण्ड नवल एकेडमी (एनडीए एण्ड एनए) परीक्षा में कुल 9495 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे, जिसके लिए 08 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 21 लोकल इन्सपैक्टिंग ऑफिसर, 21 सहायक सुपरवाइजर-1 तथा 21 सहायक सुपरवाइजर-2 नामित किए गये हैं। इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इन्सपैक्टिंग ऑफिसर, सहायक सुपरवाइजर-1 तथा सहायक सुपरवाइजर-2 04-04 आरक्षित किए गये हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) ने निर्देशित किया कि नामित सुपरवाइजर तथा सहायक सुपरवाइजर परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 07 बजे पहुंचकर सभी परीक्षा संचालन हेतु समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगे, साथ ही परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य के सहयोग से आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार कक्ष निरीक्षक तथा अतिरिक्त कक्ष निरीक्षक की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। सभी सुपरवाइजर तथा सहायक सुपरवाइजर परीक्षा प्रारम्भ तथा समाप्ति के उपरान्त परीक्षा की पुस्तिकाओं व उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण तथा अपनी उपस्थिति में सील्ड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निर्धारित प्रारूपों पर अबिलम्ब सूचनायें आयोग को भिजवाना भी सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि परीक्षा से सम्बन्धित प्रपत्र प्रधानाचार्यों को हस्तगत करायेंगे तथा परीक्षा प्रारम्भ होने पर अपने-अपने सेक्टर केन्द्रों पर निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए शान्तिपूर्ण व सुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

## डा0 बबीता सिंह चौहान 17 अप्रैल को सर्किट हाउस में करेंगी महिला जनसुनवाई



**आगरा।** अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ0प्र0 शासन डा0 बबीता चौहान द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एंव पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलानें के लिये महिला जनसुनवाई का आयोजन दिनांक 17.04.2025 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे सर्किट हाउस सभागार में किया गया है। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा0 बबीता चौहान द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा बैठक/महिला जनसुनवाई की जायेगी। महिला जनसुनवाई में अपने अपने विभाग की सूचनायें लेकर संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे तथा प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

## निर्विरोध रूप से प्रधान बने विक्की बिडलान

**सहारनपुर।** नंदपुरी कॉलोनी स्थित वाल्मीकि बस्ती के प्रधान पद के चुनाव में विक्की बिडलान को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। तत्पश्चात उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। नंदपुरी कॉलोनी स्थित वाल्मीकि बस्ती में प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। बाद में तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए थे। जिसके चलते मुख्य चुनाव अधिकारी राजपाल शर्मा ने विक्की बिड़लान को निर्विरोध रूप से प्रधान निर्वाचित घोषित कर उन्हें प्रमाण-पत्र सौंपा। विक्की बिडलान के प्रधान निर्वाचित होने पर लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी मनायी। इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में जिला वाल्मीकि सभा के अध्यक्ष विनोद घावरी ने नवनिर्वाचित प्रधान विक्की बिडलान को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित प्रधान विक्की बिडलान ने समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वह हर संभव खरा उतरने का प्रयास करेंगे और जो समस्याएं उनके संज्ञान में लाई जाएगी उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण, अरुण आदिवाल, मनोज बिरला, जयपाल शर्मा, सुंदर बिरला एडवोकेट, सुंदर ढिल्लौड, सुरेंद्र पटवारी, विजय कुमार समेत गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जामा मस्जिद में नजरुद्दीन ने रखा जानवर का सिरः माहौल बिगाड़ने की हुई कोशिश तो आगरा पुलिस ने चंद घंटों में कर दिया खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा शहर के मंटोला थाना क्षेत्र में स्थित शाही जामा



मस्जिद में शुक्रवार सुबह जानवर का कटा हुआ सिर मिलने के बाद पैदा हुए तनाव के माहौल में जुमा की नमाज तो शांति से अदा हुई, लेकिन नमाज के बाद लोगों का गुस्सा नापाक हरकत को लेकर भड़क उठा। वही माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर पानी फेरते हुए आगरा पुलिस ने चंद घंटों में ही खुलासा कर आरोपी गिरफ्तार कर लिया। हैरानी की बात यह थी कि आरोपी खुद मुस्लिम था जिसको लेकर आक्रोशित लोग आरोपी को अपने हवाले करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामा होने पर बाहर मौजूद पुलिस को मस्जिद के अंदर जाकर हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद ही लोग शांत हुए। शुक्रवार को हुई हरकत के बाद आगरा की शाही जामा मस्जिद पर जुमे की नमाज के बाद हंगामा करते मुस्लिम समाज के युवक थे। जुमे की नमाज से पहले ही आरोपी नजरुद्दीन उर्फ कलुआ के पकड़े जाने के बाद लोगों का गुस्सा ठंडा पड़ गया था। इस घटना को लेकर इतना डर का माहौल पैदा हो गया था कि जामा मस्जिद के आसपास के कपड़ा मार्केट जुमे की नमाज अदा होने के बाद ही खुले। नजरुद्दीन के तनाव पैदा करने वाले कृत्य को लेकर हर कोई आशंकित हो उठा था कि कहीं शहर का अमन चैन खराब न हो जाए। सुबह जामा मस्जिद पर पहुंचे मुस्लिम समाज के लोग जिस तरह हंगामा करने लगे थे, उससे सभी के माथे पर चिंता की लकीरें थीं, लेकिन पुलिस ने जिस तत्परता से तीन घंटे के अंदर आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया, उससे मामला एकदम से ठंडा पड़ गया। इस तनाव का असर जामा मस्जिद के आसपास के कपड़ा बाजार पर भी पड़ा। आम तौर पर 10 से 11 बजे के बीच खुल जाने वाली दुकानें दोपहर बाद तभी खुलीं जब जुमे की नमाज शांति के साथ अदा हो गई। शाही जामा मस्जिद ही नहीं, इसके आसपास की कई मस्जिदों में भी शांति से नमाज पढ़ी गई। इस दौरान एहतियात के लिहाज से भारी पुलिस बल की भी तैनाती रही।

## मां दुर्गा धाम मंदिर में विधि विधान से की मूर्तियों प्राण प्रतिष्ठा

**सहारनपुर।** श्री शाकंभरी सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह मूर्तियों की कलश यात्रा व परिक्रमा के पश्चात पूरे विधि विधान के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठान की गई। स्थानीय बेहट रोड गांव देवला ग्राम स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आचार्य स्वराज कुमार योगी, सुखवीर शर्मा एवं राजेश शर्मा ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात मां लक्ष्मी, महर्षि वाल्मीकि, संत शिरोमणि रविदास की मूर्तियों की कलश यात्राव परिक्रमा करायी गयी और मंत्रोच्चारण के बीच मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। कार्यक्रम में संस्थापक देवेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष रविंद्र लाम्बा तथा मंत्री बृजेश अग्रवाल ने श्रद्धालुओं का आभार जताया।

## अनर्गल टिप्पणी के खिलाफ सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सपा महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ की गई अनर्गल बयानबाजी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अपने पद से त्याग पत्र देने की मांग करने के साथ ही अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग की गई।

सपा महिला सभा के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष महजबी खान के नेतृत्व में हबीबगढ़ में एकत्र हुयी तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा की गयी टिप्पणी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महजबी खान ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर अपनी गलत मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव दलित शोषित, वंचित व पिछड़ा वर्ग के सच्चे मसीहा है जो पीडीए के माध्यम से पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यकों को एक जुट करने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की लोकप्रियता से घबराकर भाजपाई उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने का काम कर रहे है। पूर्व प्रदेश सचिव राशदा व जिला सचिव साबिर ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अपने पद से इस्तीफा देने के साथ ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ की गई बयानबाजी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा सपा महिला सभा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 20 हजार का ईनामी व अन्तर्राज्जीय लुटेरा मेहताब के खिलाफ सहारनपुर व अन्य राज्यों में लगभग 27 मुकदमें दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने लूटपाट कर हत्या के



प्रयास में वांछित चल रहे 20 हजार रूपये के ईनामी व अन्तर्राज्जीय लुटेरे बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने लुटेरे के दबोचकर उसके कब्जे से अवैध अलाह, बाईक व नगदी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 8 जनवरी को वादी सैफ अली खान पुत्र शफाकत खान निवासी शत्रुघन कॉलोनी थाना गागलहेड़ी की तहरीर पर मोनू पुत्र नवाब सिंह गुर्जर निवासी बंशीपुर थाना दौराला जनपद मेरठ, तौसीफ पुत्र जमील तेली निवासी गप्पन रोड कैलाशपुर थाना गागलहेड़ी राहुल पुत्र ब्रहम सिंह गुर्जर निवासी पीपलहेड़ी थाना खतौली, मेहताब पुत्र मंजूरा उर्फ बेचेन निवासी मौहल्ला बडा आल कला कस्बा व थाना कैरान के खिलाफ वादी के घर में घुसकर वादी के परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट करने, वादी के घर से 50 हजार रूपये व आईफोन लूटकर ले जाने तथा विगत् 8 जनवरी को वादी मुजम्मिल खान पुत्र असगर खान निवासी शत्रुघन कालोनी थाना गागलहेडी की तहरीर पर मोनू, तौसीफ, राहुल व मेहताब के खिलाफ वादी के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करने व वादी के घायल हो जाने के मामले में थाना गागलहेड़ी पर अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत किए गए थे। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि आज थाना गागलहेड़ी पुलिस ने थाना प्रभारी सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रवेश शर्मा व राशिद खान सूरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उग्राहू मार्ग स्थित उरफी के बाग के पास से 20 हजार रूपये के ईनामी व अन्तर्राज्जीय लुटेरे मेहताब पुत्र मंजूरा उर्फ बैचेन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये लुटेरे के कब्जे से एक 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक बाईक व पांच हजार रूपये की नगदी बरामद कर ली। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि दबोचा गया बदमाश मेहताब पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है तथा मेहताब के खिलाफ जनपद सहारनपुर व अन्य राज्यों में लगभग 27 मुकदमें दर्ज है। उन्होने बताया कि दबोचा गया मेहताब शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, जिसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी द्वारा 20 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना गागलहेड़ी पुलिस मेहताब के अनय साथियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# स्कूलों द्वारा ड्रेस व फीस के नाम पर की जा रही लूट के खिलाफ कांग्रेसजनो खोला मोर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने स्कूलों में किताब, ड्रेस व फीस बढ़ोत्तरी के नाम पर अभिभावकों से हो रही लूट व युवा कार्यकर्ताओं ने पैट्रोलियम पदार्थो की मूल्य वृद्धि के खिलाफ जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन किसी भी अधिकारी के न पहुंचने पर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर चस्पा कर अपना रोष जताया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि स्कूलों द्वारा फीस, किताबों, स्कूल ड्रेस आदि के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। इस लूट तंत्र के चलते अभिभावक मानसिक प्रताडना का शिकार हो रहे है।

आज इस पूर्व निर्धारित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की पूर्व सूचना के



बावजूद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी जब ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे तो कांग्रेसजनों ने इससे आक्रोशित होकर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की और प्रशासन पर जनता की आवाज को अनसुनी करने का आरोप लगाया । ज्ञापन लेने के लिए किसी भी अधिकारी के ना पहुंचने से आक्रोशित कांग्रेसजनों ने जिलाधिकारी के कार्यालय के बाहर ज्ञापन चस्पा कर अपना विरोध जताया । उधर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने भी युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पेट्रोलियम पदार्थों की वृद्धि के विरुद्ध राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर चस्पा किया। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि यदि शासन, प्रशासन के ढुलमुल रवैया में शीघ्र ही कोई बदलाव नहीं आया और कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो हम सड़कों पर उतरकर इस लूट के विरुद्ध जनांदोलन चलाएंगे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 8 साल बेमिसाल की बताई उपलब्धि

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे विभिन्न अभियानों की श्रृंखला में एक कार्यक्रम गांव चलो अभियान के निमित्त विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अन्तर्गत विकास खण्ड लोटन के भूसौला अदाई, बड़हरा, धर्मोली, डीगुलिया,रामनगर रसियावल आदि ग्राम पंचायतों में जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जनसंपर्क कर सरकार के 8 साल बेमिसाल का पत्रक वितरित किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया क्षेत्र की जनता से संवाद कर उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है, जिससे जनता का विश्वास सरकार पर और मजबूत हो सके। योगी मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में सेवा, समर्पण और अंत्योदय के संकल्प के साथ गांव-गांव जनजागरण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उक्त अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोटन दृग्नारायण सिंह,मंडल महामंत्री कृष्ण दत्त त्रिपाठी,भाजपा नेता सौरभ त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहें।

# सपा के पूर्व विधायक पूर्णमाशी देहाती का हार्टअटैक से मौत

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष तथा दो बार विधायक रहे डॉक्टर पूर्णमाशी देहाती ने शुक्रवार को 70 वर्ष की आयु में लखनऊ स्थित अपोलो हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। इनके निधन की खबर मिलते ही सपाइयों में शोक की लहर दौड़ गई।

बता दें कि सपा के अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष और कुशीनगर में विधान सभा नौरंगिया और रामकोला सीट से विधायक रहे पूर्णमासी देहाती का निधन लखनऊ स्थित अपोलो हॉस्पिटल में शुक्रवार को दिल का दौरान पड़ने से हो गया। वह 70 वर्ष के थे। समाजवादी पार्टी में देहाती का कद काफी बड़ा था। वे पार्टी के नीतियों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते थे तथा योजनाओं को आम लोगों में बताते थे। श्री देहाती



बहुत ही मिलनसार व साधारण व्यक्ति थे। इनका जीवन संघर्षो में बीता। इनके निधन पर सपा के जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, पूर्व मंत्रों राधेश्याम सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, रणविजय सिंह, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, पूर्व जिला पंचायत मेहदी हसन, अकमल हुसैन, राकेश उर्फ भोला यादव, वरुण शर्मा, कमलेश प्रजापति, परवेज आलम सहित लोगों ने शोक व्यक्त किया। इनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव संपन्न होगा।

# तेज़ गति से जा रही कार हुई अनियंत्रित बिजली पोल से टकराई, दो घायल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली पोल से टकरा गई जिससे पोल टूट गया और दोनों घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु भेजवाया जहां स्थित सामान्य बनी हुई है। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र की सलहदीपुर गांव के पास की है। शुक्रवार दोपहर बाद आजनपारा चौराहे की तरफ से एक लाल रंग की कार से दो लोग पट्टी चौराहे की तरफ जा रहे थे तभी सलहदीपुर गांव के निकट सड़क के किनारे अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई जिससे बिजली का पोल टूट गया और यह दोनों घायल हो गये। घटना में कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज हेतु अस्पताल ले गई जहां इलाज चल रहा है घायलों की पहचान बेवाना थाना क्षेत्र के हतवा गांव निवासी शनि व जितेंद्र के रूप में हुई है। उप निरीक्षक धीरज ने बताया दोनों को अस्पताल भिजवाया गया है स्थिति सामान्य है।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम धर्मेंद्र राजेंद्र प्रसाद निषाद था जिसको बदलकर धर्मेंद्र निषाद रख लिया है। अब मुझे धर्मेंद्र निषाद के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**धर्मेंद्र निषाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद**
**ग्राम-सिकंदरपुरअहियाई पोस्ट-धर्मदासपुर थाना- तहबरपुर**
**जिला- आजमगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- करहिया गोसांई वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत करहिया गोसांई विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 23-04-025 को 03:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत करहिया गोसांई के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करहिया गोसांई के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करहिया गोसांई कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत करहिया गोसांई के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान - ओमप्रकाश, ग्रा.पं. करहिया गोसांई, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**
**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सईदुल्लाह, ग्रा.पं. करहिया गोसांई, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कुसुम्ही वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कुसुम्ही विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 23-04-025 को 03:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कुसुम्ही के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कुसुम्ही के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कुसुम्ही कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कुसुम्ही के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान - प्रेम कुमार, ग्रा.पं. कुसुम्ही, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**
**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सुशील द्विवेदी, ग्रा.पं. कुसुम्ही, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- बघिनी वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बघिनी विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 22-04-025 को 03:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बघिनी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बघिनी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बघिनी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बघिनी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-अख्तर अली, ग्रा.पं. बघिनी, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**
**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सुशील द्विवेदी, ग्रा.पं. बघिनी, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- मैना वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मैना विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 22-04-025 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मैना के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मैना के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मैना कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मैना के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-शमीमा, ग्रा.पं. मैना, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**
**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सुशील द्विवेदी, ग्रा.पं. मैना, वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- तुर्कवलिया वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत परसिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत परसिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत परसिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान - इश्तियाक**
**ग्रा.पं. परसिया**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सईदुल्लाह**
**ग्रा.पं. परसिया**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- पड़री वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत पड़री विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 19-04-025 को प्रातः 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पड़री के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पड़री के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पड़री कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पड़री के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान - राम वृक्ष**
**ग्रा.पं. पड़री**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सईदुल्लाह**
**ग्रा.पं. पड़री**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- संदलजोत वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत संदलजोत विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 23-04-025 को प्रातः 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत संदलजोत के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत संदलजोत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत संदलजोत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत संदलजोत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान - अशोक**
**ग्रा.पं. संदलजोत**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सईदुल्लाह**
**ग्रा.पं. संदलजोत**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

# अनिश्चितता का माहौल

अमेरिका के टैरिफवार की वजह से दुनियां में अनिश्चितता का माहौल है। इसे लेकर अमेरिकी बेच मार्क इन्डेक्स एस एन्ड पी जो करोना वाइरस की वजह से 2020 में जो गिरावट आई थी उससे भी ज्यादा पिछले हफ्ते बेन्चमार्क इन्डेवान्स एस एन्ड पी 5009.1 प्रतिशत गिर गया।

यह करोना वाईरस के बाद सबसे बड़ी गिरावट है। एस एन्ड 500 इस साल के फरवरी के पिक से 17 प्रतिशत से ज्यादा गिर चुका है। 20 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आने पर बाजार मन्दी में चला जाता है। इसका असर दुनियां के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हांककाग में बेन्च मार्क इन्डेक्स 12 प्रतिशत से नीचे बन्द हुआ ताईवान का बाजार 10 प्रतिशत नीचे बन्द हुआ। जापान का निक्केई 225 इन्डेक्स करीब 8 प्रतिशत फिसल गया। दक्षिण कोरिया का 5 प्रतिशत नीचे बन्द हुआ। भारत का बेन्च मार्क इन्डेक्स में पिछ्ले साल अक्टूबर से ही गिरावट आ रही है। अमेरिका का पुराना ट्रेन्ड रहा है जब भी निवेशक वहां का संकट में रहता है वहां का केन्द्रीय बैक किसी न किसी तरह मदद करता है। पर इस बार केन्द्रीय बैक खामोश है कोई इशारा नही दे रहा है। अमेरिकी केन्द्रीय बैक चीफने कहा अमेरिकी टैरिफअनुमान से ज्यादा है। उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर पडेगा। समझने के लिये वख्त चाहिये। निष्कर्ष निकलता है केन्द्रीय बैक से इस बार कोई मदद नहीं मिलने जा रही है। ट्रम्प के टैरिफका दुनिया में क्यों असर होगा। इसे लेकर इसके लिये अभी इन्तजार करना बेहतर होगा। मार्केट के जानकारों का सलाह है कि अनिश्चितता का दूर होने का अभी इन्तजार करें। ब्लूम बर्ग ने सुत्रों के हवाले से बताया है कि चीन में अमेरिकी टैरिफके असर से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिये चीनी सरकार स्टीमुल्स पैकेज लाने की सोच रही है। भारत की हाल के तिमाहिये मे कन्जम्पशन डिमान्ड में दबाव दिखा था पर इसमें अब रिकवरी के संकेत मिले हैं। आने वाले समय में इसमे और सुधार होने की सम्भावना दिख रही है। एक बात यह भी गौर करने की है कि ट्रम्प के टैरिफका भी गौर करने की है कि ट्रम्प के टैरिफको भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक असर नहीं पडेंगा। इसके बचने के लिये भारत सरकार अमेरिका के साथ द्वीपक्षीय बातचीत कर रही हैं भारत पर टैरिफ भी दूसरे देशो की तुलना में कम लगा है। कुछ दिनों में रिजर्व बैक की ओर ब्याजदरों में कटौती की भी उम्मीद है। भारत के बजट में 12 लाख की आय पर टैक्स छूट और ब्याजदरों में कमी से भी डिमान्ड को मजबूती मिल सकती है। फिर भी निवेशकों को सलाह है कि जल्दीबाजी में कोई फैसला न लें। सब चीजे यथावत चल रही थी ट्रम्प को जाने क्या सूझ गया। टैरिफमें सुधार कर अमेरिका को आर्थिक रूप से और मजबूत बनाया जाय अमेरिका कम टैरिफदे और ज्यादा टैरिफ ले। पर विशेषज्ञों का कथन है इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। वहां मन्दी का भी प्रभाव पड़ सकता है। वहां मन्दी भी बन सकते है साथ इस प्रभाव से दुनियां में भी मन्दी में फंस सकती है। फिर भी निवेशक जल्दी में कोई फैसला न लें।

## पहाड़ों के बीच प्रगति का सेतु 'अंजी खड्ड'



जब घाटियां गहरी होती हैं और पहाड़ रास्ता रोकते हैं, तब इंसान के सपने ऊंचे हो जाते हैं। कश्मीर के दिल तक पहुंचने के इन्हीं ऊंचे सपनों ने फिर से एक नई कहानी को जन्म दिया है। ये कहानी एक पुल की है जो सिर्फ लोहे और केबल से नहीं, हिम्मत और हुनर से भी बना है। ये कहानी है भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज- अंजी खड्ड ब्रिज की जो जम्मू-कश्मीर की चुनौतीपूर्ण घाटियों के बीच, अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है। कटरा और रियासी के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने जा रहा यह अद्भुत संरचना भारतीय इंजीनियरिंग के आत्मविश्वास और कौशल की मिसाल है।

यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कटरा-बनिहाल रेल खंड में बनाया गया है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ जैसी सभी सीमाओं को पार कर यह ब्रिज घाटी को देश के बाकी हिस्सों से और मजबूती के साथ जोड़ रहा है। आकर्षक डिजाईन के साथ बने इस ब्रिज का निर्माण कार्य सिर्फ 11 महीने में ही पूरा कर लिया गया है जो नदी तल से 331 मीटर ऊंचाई पर स्थित है जबकि नीव से 193 मीटर ऊंचा एक मजबूत सेंट्रल पायलन पर टिका हुआ है, जो इसकी पूरी संरचना को संतुलन में रखता है। अंजी खड्ड ब्रिज, चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भी है।

इस ब्रिज को 96 केबलों के सहारे बनाया गया है जिनका कुल वजन 849 मीट्रिक टन और कुल लंबाई 653 किलोमीटर है। 725 मीटर लम्बे इस ब्रिज की संरचना में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है। मौजूदा आवश्यकताओं के मद्देनजर बने इस ब्रिज से जम्मू-कश्मीर के विकास के तार जुड़े हुए हैं। यह ब्रिज घाटी के दूर-दराज इलाकों में बसे गांवों और कस्बों का बड़े शहरों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है जिससे विकासशील जगहों पर चिकित्सा, शिक्षा और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आसान हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के वजह से स्थानीय लोगों लिए रोज़गार के नए अवसरो का सृजन होगा साथ ही घाटी में व्यापार और पर्यटन को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। पुल की कुल लंबाई : 725 मीटर नदी के तल से ऊंचाई : 331 मीटर सेंट्रल पायलन की ऊंचाई : 193 मीटर केबल की संख्या : 96 केबल का कुल वजन : 849 मीट्रिक टन केबल की कुल लंबाई : 653 किलोमीटर निर्माण में कुल स्टील का इस्तेमाल : 8,215 मीट्रिक टन

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**टीबी परीक्षण तक पहुंच बढाना उत्तर प्रदेश की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है। 2024 में, उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे अधिक टीबी परीक्षण किए, जिसमें 14 टीबी कल्चर लैब के साथ 13.01 लाख से अधिक नैट जांच की गयी। 756 ट्रूनैट मशीनों और 170 सीबीनैट मशीनों के साथ, उत्तर प्रदेश उच्च-स्तरीय टीबी परीक्षण क्षमताओं के मामले में भारत में दूसरे स्थान पर है। इन निवशों का फल मिला है, 2024 में पूरे देश में सबसे अधिक 6,82,078 टीबी मामलों की पहिचान उत्तर प्रदेश में हुई।**

# टीबी को जड़ से मिटाने का प्रणः उत्तर प्रदेश ने दिखाई नई ताकत

**डॉ. प्रसाद**

उत्तर प्रदेश भारत में क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी बनकर उभरा है, जिसमें टीबी ममलों का जल्द पता लगाने और समुदायों को टीबी उन्मूलन के लिए प्रेरित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है, सक्रिय मामले की खोज को बढ़ाया है और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी रोगी पीछे न छूटे।

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्रीजी के निर्देशन में 7 दिसंबर 2024 में 15 जिलों में शुरू हुआ 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान जनवरी 2025 तक सभी 75 जिलों में विस्तारित किया गया और इसने शानदार परिणाम दिए हैं। 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 4.07 करोड़ से अधिक उच्च जोखिम आबादी की टीबी लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की गई। यह पहल विशेष रूप से उन टीबी रोगियों की पहचान करने पर केंद्रित रही है जिनमें कोई लक्षण नहीं हैं। एआई-सक्षम पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों के उपयोग ने शुरुआती पहचान को तेज और सटीक बनाया है। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के दौरान 44.30 लाख से अधिक एक्स-रे जॉच और 8.34 लाख नैट जांच की गयी, जिसके परिणामस्वरूप 2,13,000 नये





टीबी रोगियों की पहिचान और उपचार संभव हुआ है।

महाकुंभ मेले में, जहां लाखों लोग इकट्ठा होते हैं, टीबी स्क्रीनिंग अभियान ने 20 नए मामलों की पहिचान की, जिनमें एक दवा-प्रतिरोधी ममला भी शामिल था। यह इस अभियान की व्यापकता और प्रभावशीलता को दर्शाता है। टीबी परीक्षण तक पहुंच बढाना उत्तर प्रदेश की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है। 2024 में, उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे अधिक टीबी परीक्षण किए, जिसमें 14 टीबी कल्चर लैब के साथ 13.01 लाख से अधिक नैट जांच की गयी। 756 ट्रूनैट मशीनों और 170 सीबीनैट मशीनों के साथ, उत्तर प्रदेश उच्च-स्तरीय टीबी परीक्षण क्षमताओं के मामले में भारत में दूसरे स्थान पर है। इन निवशों का फल मिला है, 2024 में पूरे देश में सबसे अधिक 6,82,078 टीबी मामलों की पहिचान उत्तर प्रदेश में हुई।

तकनीक के साथ-साथ सामुदियक भागीदारी भी उतनी ही महत्पूर्ण रही है। निःक्षय पोषण योजना, जो टीबी रोगियों को पोषण के लिए सीधी वित्तीय सहायता प्रदान करती है, उनके लिए जीवनरेखा बन गई है। 2018 से अब तक, इस योजना के तहत 29.30 लाख टीबी रोगियों को 887 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। धनराशि में वृद्धि के बाद अब सरकार द्वारा उपचार अवधि के दौरान टीबी रोगी को प्रथम किस्त के रूप में 3,000 रुपये और 84 दिन बाद पुनः 3,000 रुपये की दूसरी किस्त दी जा रही है। इस प्रयास के लिए उत्तर प्रदेश की दवा-संवेदनशील टीबी के लिए उपचार सफलता दर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय औसत 91 प्रतिशत से अधिक है। 2024 में, टीबी रोगियों के 11.82 लाख करीबी संपकों को टीबी प्रिवेन्टिव उपचार प्रदान किया गया।

2019 में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने टीबी रोगियों को गोद लेने और उन्हें पोषण सहायता प्रदान करने की एक अनूठी योजना शुरू की। 2022 में इसे माननीय राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया गया और अब तक 63 हजार से अधिक निःक्षय मित्रों के माध्यम से 3.71 लाख टीबी रोगियों को 4.77 लाख पोषण किट वितरित की जा चुकी हैं।

'निःक्षय दिवस', जो हर महीने की 15 तारीख को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया जाता है, टीबी की सक्रिय पहिचान और उपचार को बढावा देने में महत्पूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मासिक जांच कार्यक्रम के चलते हजारों टीबी ममलों की पहिचान हुई और उनका प्रभावी उपचार सुनिचित हुआ।

उत्तर प्रदेश के टीबी कार्यक्रम लगातार प्रगति देखी गई है। इसकी प्रदर्शन रेटिंग 2021 में 80 से बढकर 2024 में 91.3 हो गई, जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' पहल के तहत 2023 में 1,372 गांवों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया और 2024 में 7,159 गांवों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया है।

टीबी ममलों की सक्रिय खोज और उपचार, जिसमें एआई-सक्षम डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से बिना लक्षण वाले रोगियों की पहचान भी शामिल है, के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी ने उत्तर प्रदेश को भारत में टीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रणी बना दिया है। राज्य का नवाचार के प्रति अथक प्रयास और जमीनी स्तर पर भागीदारी, एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है जिससे अन्य राज्य भी अपना सकते हैं। यदि यह गति जारी रही, तो उत्तर प्रदेश और भारत के लिए टीबी मुक्त भविष्ट अब केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक संभावित वास्तविकता है।

# राजस्थान की बलिदानी मिट्टी को सींचने वाले परम प्रतापी थे महाराणा सांगा

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

वर्तमान में खिसक रही राजनैतिक कुर्सी को बचाने के लिए भारत के कई राजनैतिक दल ब्यान बाजी की प्रतियोगिता में रसातल तक पहुंच चुके हैं। तुष्टिकरणवादियों ने सभी हदे पार करते हुए अब देश के परम प्रतापी, अपना सर्वस्व न्यौछवर करने वाले महान सेना नायक, शत्रुओं के काल, शूरवीर महाराणा सांगा जैसे ऐतिहासिक पुरुषों को भी अपनी राजनीति की बिसात पर घसीट लिया है। सपा के स्वछंद हो रहे नेताओं जी बयानों पर प्रतिदिन घमासान होता है। ऐसे ही एक नेता के ब्यान से उत्तर प्रदेश में राणा सांगा विवाद पर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। राणा सांगा पर बयान देने के बाद आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर जमकर हंगामा भी हुआ था।

करणी सेना के नेतृत्व में सांसद के ब्यान से दुखी आम भारतीय देशभक्त भारी संख्या में रामजी लाल सुमन के घर के बाहर इकट्ठा हुए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। करणी सेना सहित बहुत से लोग सांसद की सदस्यता भंग करने की मांग कर रहे हैं किंतु जो महापुरुषों को बिना वजह गालियां दे रहे हैं, इनके नैरेटिव को समझना बहुत आवश्यक है। यह कौन सा गैंग है जो प्रतिदिन देश की अस्मिता को तार-तार करने पर लगा हुआ है। इस गैंग के नेपथ्य में कौन रिमोट लेकर बैठा हुआ है। कहां से इनकी फंडिंग हो रही है। इनके नैरेटिव का मुख्य उद्देश्य क्या है, क्यों जानबूझकर ये भारत के स्वाभिमान को चोट पहुंचा रहे हैं। इन प्रश्नों के उत्तर देश की जनता के लिए बहुत आवश्यक हैं। 21 मार्च को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की



समीक्षा पर बहस चल रही थी। बहस में पक्ष-विपक्ष में संवाद हो रहा था ऐसे में रामजी लाल सुमन ने इस बहस में हिस्सा लेते हुए एक बयान दिया, जिससे पूरे सदन में विवाद हो गया। सत्तासीन सदस्य उनके ब्यान से भड़क गए। रामजीलाल सुमन ने कहा कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को भारत में आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा, ये तो बीजेपी के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है, लेकिन हिंदुस्तान का मुसलमान तो बाबर को अपना आदर्श मानता नहीं है, वे तो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानते हैं, सूफी-संतों की परंपरा को अपना आदर्श मानते हैं। जबकि हकीकत भी लोगों के सामने ही है कि कौन किसे आदर्श मानता है। सपा सासंद ने सवाल उठाए कि बाबर को भारत में कौन लाया था और कहा, इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा ने बाबर को भारत बुलाया था, तो मुसलमान तो बाबर की औलाद हैं और तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। ये हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। सांसद ने आगे कहा, हम लोग बाबर की तो आलोचना करते हैं लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते हैं। अब तुम हमारे रणबाँकुरों को गद्दार भी कहो और देश की जनता से यह भी अपेक्षा करो कि कोई इनके बयानों पर विरोध प्रदर्शन भी न करें, ऐसा कैसे संभव है। पिता की मौत के बाद राणा सांगा 1509 में मेवाड़ के उत्तराधिकारी बने थे। राणा सांगा ने अपने शासनकाल में मेवाड़ का एक शक्तिशाली और समृद्ध राज्य बना दिया था। भारत के इतिहास में राणा सांगा का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राणा सांगा के बिना मेवाड़ का उल्लेख अधूरा है। राणा सांगा मेवाड़ के एक शक्तिशाली और प्रसिद्ध राजा थे, जिन्होंने 16वीं शताब्दी में शासन किया था। राणा सांगा का जन्म वर्ष 12 अप्रैल 1482 को मेवाड़ के चित्तौड़गढ़ में हुआ था। वह राणा रायमल के पुत्र थे। उनका पूरा नाम महाराणा संग्राम सिंह था लेकिन वे राणा सांगा के नाम से प्रसिद्ध हुए। पिता की मौत के बाद राणा सांगा 1509 में मेवाड़ के उत्तराधिकारी बने थे। मेवाड़ की सीमा पूरब में आगरा, दक्षिण में गुजरात की सीमा तक थी। उनकी सेना में 80 हजार घोड़े, 500 हाथी और करीब दो लाख पैदल सैनिक थे। दुश्मन उनके नाम से ही खौफ खाते थे। खातोली का युद्ध 1517 में दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी के नेतृत्व वाले लोदी वंश और राणा सांगा के नेतृत्व वाले मेवाड़ साम्राज्य के बीच लड़ा गया था। इस युद्ध में राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को बुरी तरह हराया था। उसने 1518-19 में फिर से हमला करके राणा सांगा से बदला लेने की कोशिश की, लेकिन राणा सांगा ने उसे फिर से राजस्थान के धौलपुर में बुरी तरह से हरा दिया। इब्राहिम लोदी वहां से भाग गया। फिर लोदी को हराने के लिए बाबर से मदद मांगना कितना बेमानी सा लगता है। सिसोदिया राजवंश के सदस्य महाराणा संग्राम सिंह ने 1509 से 1528 ई. तक मेवाड़ पर महाराणा के रूप में शासन किया। उन्होंने चित्तौड़गढ़ में अपनी राजधानी के साथ वर्तमान राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, सिंध और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों को जीतकर अपनी रियासत में मिला लिया। अपने विजयी अभियान में सांगा ने कई पड़ोसी सल्तनतों के विरुद्ध कई सफलताएँ हासिल की। उनकी महान जीतों में दिल्ली के लोदी वंश को खातोली, धौलपुर और रणथंभौर में मिली कई हार शामिल थीं, जिससे राणा सांगा को दक्षिणी मालवा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोदी वंश के अधिकांश क्षेत्र पर कब्ज़ा करने में मदद मिली। मालवा सल्तनत के विरुद्ध 1519 में गागरोन की लड़ाई के बाद सांगा ने पूर्वी मालवा के अधिकांश हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया था। उन्होंने कई मौकों पर गुजरात के सुल्तान को भी हराया। उन्होंने आधुनिक हरियाणा के मेवातों पर विजय प्राप्त कर खानज़ादों को भी अपने अधीन कर लिया। राणा सांगा का शासन 1521 में अपने चरम पर था। संग्राम का साम्राज्य दक्षिण में मालवा सल्तनत की राजधानी मांडू से लेकर उत्तर-पश्चिम में सिंधु नदी तक फैला हुआ था तथा उत्तर पूर्व में बयाना और आगरा तक फैला हुआ था। लगभग सभी राजपूत सरदार उसके प्रति निष्ठा रखते थे। बयाना की लड़ाई में संयुक्त मुगल-अफगान सेनाओं के खिलाफ शुरुआती सफलता के बावजूद, सांगा को खानवा में एक महत्वपूर्ण हार का सामना करना पड़ा, मुख्य रूप से बाबर के बारूदी हथियारों के इस्तेमाल के कारण, जो उस समय उत्तरी भारत में अज्ञात था। तलवार, भाले में महारथ हासिल करने वाले इस योद्धा ने जब बाबर की हमलावर सेनाओं के खिलाफ युद्ध किया तो बारूद आक्रमण के कारण इन्हें पीछे हटना पड़ा, जिसका अनुभव पहली बार हो रहा था। मुगल इतिहासकार अब्द अल-कादिर बदायुनी ने सांगा को पृथ्वीराज चौहान के साथ सभी राजपूतों में सबसे बहादुर कहा, जिन्हें राय पिथौरा के नाम से भी जाना जाता है। सांगा को अपने समय का सबसे महान शासक माना जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने दिल्ली, मालवा और गुजरात के सुल्तानों के खिलाफ 18 भीषण युद्ध जीते थे और वे अपनी वीरता और नेतृत्व के लिए प्रसिद्ध थे। सांगा को 80 से अधिक घाव मिले थे, उनकी एक आंख और एक हाथ नहीं था और विभिन्न मुठभेड़ों में उनका एक पैर अपंग हो गया था। यह देश ऋणी है महाराणा सांगा के अस्सी घावों का। अस्सी घाव लगे थे तन पे, फिर भी व्यथा नही थी मन मे। उन्हें उत्तरी भारत का अंतिम स्वतंत्र हिंदू शासक माना जाता है जिसने व्यापक सीमाओं को नियंत्रित किया। उनके शासनकाल की उनके कई समकालीनों ने प्रशंसा की, जिनमें पहला मुगल सम्राट बाबर भी शामिल था, जिसने उन्हें उस समय का सबसे महान भारतीय शासक बताया। संग्राम सिंह रायमल का तीसरा पुत्र था। राणा सांगा ने 1517 और फिर 1519 में मालवा के शासक महमूद खिलजी द्वितीय को हराया। यह लड़ाई इदर और गागरोन में हुई थी। उसने महमूद को पकड़ लिया और 2 महीने तक बंदी बनाकर रखा। बाद में महमूद ने माफ़ी मांगी और फिर कभी हमला न करने की कसम खाई, इसलिए राणा सांगा ने सनातन युद्ध नियमों का पालन करते हुए उसे रिहा कर दिया।

# वक्फ : संदर्भ और खतरा

**स्वाधीन भारत की नियति रही कि दो प्रकार की सोचवाले मुसलमान भारत में हैं : एक जो मौलाना आजाद, रफी अहमद किदवई की भांति राष्ट्रवादी और पाकिस्तान-विरोधी है। दूसरे वे जिन्नावादी जो भारत में पलकर, बड़े हो कर भी, अपनी सोच को सेक्युलर नहीं बना पाये। वे पाकिस्तान गये नहीं और स्वाधीनता के वातावरण में अपने को ढाल नहीं पाये। इसी सोच की परिणति है कि आज हिन्दू जम्मू और मुस्लिम कश्मीर विघटन की कगार पर जा पहुंचे हैं।**

ब्रिटिश राज द्वारा 1923 में बनाए मुस्लिम वक्फ एक्ट का संशोधन कर नरेंद्र मोदी सरकार ने यूं तो सुधारवादी और प्रगतिवादी संपत्ति अधिनियम बनाया है। मगर इस पर प्रतिक्रिया का सामना करने के लिए न पार्टी न शासन ने पर्याप्त तैयारी की थी। नतीजे में कई जगह कानून और व्यवस्था की चरचराने की आवाज सुनाई पड़ रही है। मुस्लिम अलगाववाद जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव पक्की की थी, मोहम्मद अली जिन्ना मार्का जनद्रोही नेता उभर कर आ गए। भारतीय सेकुलर गणराज्य फिर हिल डुल रहा है। इस पर हर भारत प्रेमी को गंभीरता से सोचना होगा।



के. विक्रम राव

इस संदर्भ में मेरी नई किताब अब और पाकिस्तान नहीं (प्रकाशक : पंकज शर्मा अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स पता 4697/3, 21-ए अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली, मो0 9868345527) में 15 अगस्त 2008 पर लिखे मुस्लिम अलगाववाद का खतरा वाला लेख फिर परोस रहा हूं। स्वाधीनता के इकसठ वर्ष बाद भी यदि भारतीय राष्ट्र-राज्य फिर मजहब के कारण विभाजन की कगार पर आ जाये, तो हर देशभक्त हिन्दुस्तानी को आत्मचिन्तन करना होगा कि इस्लाम के नाम पर पड़ोस में एक कौम स्थापित होने के बावजूद खण्डित भारत में सेक्युलर अवस्थापना क्यों दृढ़ नहीं हो पाई है? गांधीजी द्वारा वर्णित भारतमाता की दो आखें (हिन्दु-मुसलमान) क्या काना बनाना चाहती हैं?

इसी पसमंजर में स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्र के सर्वोच्च मुस्लिम राजनेता मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा लिखी आत्म-कथा की चन्द पंक्तियों को दुबारा पढ़ने की जरूरत है ताकि भारत में पनपते रहे राष्ट्रवादी मुस्लिम सोच तथा जिन्नावादी सोच में विषमता परखी जा सके। इससे मुमकिन है सारे भारतीय मुसलमानों की देशभक्ति पर लगता सवालिया चिन्ह मिटे, या कम से कम फीका पड़ सके। वर्ना खतरा है कि सेक्युलर भारत कहीं धर्मप्रधान राज्य न बन जाये। मौलाना आजाद ने लिखा (इंडिया विन्स फ्रीडम- पृष्ठ 208) था कि 14 अगस्त 1947 (पाकिस्तान का स्थापना दिन) के बाद भारत में रह गये मुस्लिम लीगी राजनेता मेरे पास आये। उन्होंने मोहम्मद अली जिन्ना का अपने कराची प्रस्थान के अवसर पर दिया गया संदेशा दिखाया। जिन्ना ने इन मुस्लिम राजनेताओं को सुझाया था कि भारत का विभाजन हो गया है अतः ये मुसलमान अब भारत के निष्ठावान नागरिक बनकर रहें। इन मुस्लिम लीगी नेताओं ने मुझसे शिकायत की कि जिन्ना ने उन्हें धोखा दिया।

मौलाना आजाद की राय में भारत में रह गये इन मुस्लिम राजनेताओं की बेवकूफी थी जब वे यह समझते थे कि पाकिस्तान के मायने हैं कि




मुसलमान चाहे जहां हो एक अलग कौम माने जायेंगे। आपकी इसी बेवकूफी के कारण हिन्दुओं के दिमाग में आक्रोश और नाराजगी पैदा हो गई, उन्होंने कहा। मौलाना आजाद ने याद भी दिलाया कि इसी भ्रम में मुसलमानों ने पाकिस्तान के पक्ष में 1946 के मतदान में वोट दिया था। मुसलमान प्रत्याशियों का ही समर्थन किया था। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े सेक्युलर राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता रफी अहमद किदवई तीन चुनाव क्षेत्रों से पराजित हुए और जीते तो सयुंक्त मतदान क्षेत्र से जहां हिन्दू वोटर बहुमत में थे। हेमवती नन्दन बहुगुणा, जो उत्तर प्रदेश में मुस्लिम मतदाताओं के काफी चहेते रहे, ने लखनऊ में पत्रकारों को बताया था कि वे इलाहाबाद में एक मुस्लिम लीगी नेता की सभा में श्रोता थे। उस लीगी ने समर्थन किया इलाहाबाद के मुस्लिम बाशिन्दों की उस मांग का कि गंगातटीय इस नगर को भी पाकिस्तान में शामिल कर दिया जाय। इस कदर भ्रामक प्रचार इन मुस्लिम लीगियों ने आजादी के दिन तक किया था कि नब्बे प्रतिशत भारतीय मुसलमान जिन्ना के पक्षधर हो गये थे। त्रासदी तो उन भारतीय मुसलमानों की ज्यादा हुई जो सिंघ और आज के बांग्लादेश गये थे। उन्हें आज भी मोहजिर (शरणार्थी) कहा जाता है। हिंसा के वे बहुत शिकार होते हैं।

स्वाधीन भारत की नियति रही कि दो प्रकार की सोचवाले मुसलमान भारत में हैं : एक जो मौलाना आजाद, रफी अहमद किदवई की भांति राष्ट्रवादी और पाकिस्तान-विरोधी है। दूसरे वे जिन्नावादी जो भारत में पलकर, बड़े हो कर भी, अपनी सोच को सेक्युलर नहीं बना पाये। वे पाकिस्तान गये नहीं और स्वाधीनता के वातावरण में अपने को ढाल नहीं पाये। इसी सोच की परिणति है कि आज हिन्दू जम्मू और मुस्लिम कश्मीर विघटन की कगार पर जा पहुंचे हैं। अब प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि स्वाधीन भारत आज अपने सेक्युलर चरित्र को कैसे बचाये? पहला कदम तो यही कि खान अब्दुल गफ्फार खान के सिद्धांत से भारत के जिन्नावादी सोच के मुसलमानों को प्रभावित और शिक्षित कराया जाय कि राष्ट्रीयता का आधार मजहब नहीं हो सकता। वह भौगोलिक होता है। स्वाधीनता और बटवारे के इकसठ वर्ष बाद एक गंभीर पहलू उभर कर आता है कि दोनों विभाजित राष्ट्र अपना रिश्ता बेहतर क्यों नहीं बना पाये? इसका खास कारण है हिन्दुओं की असहिष्णुता और मुसलमानों की उग्रवादिता। इसी का चरम परिणाम था भारत का विभाजन और पाकिस्तान का जन्म। गांधी जी ने इन दोनों सम्प्रदायों के अवगुणों को दूर करने के सघर्ष में अपनी आहुति भी दे डाली। गांधी जी के अखण्ड भारत के प्रयासों को जवाहरलाल नेहरू ने क्षीण कर डाला। गांधी जी ने सुझाया था कि जिन्ना प्रधानमंत्री हो जाये, मगर अंग्रेज यहां से चले जायें। गांधी जी जानते थे कि ब्रिटिश राज के खात्मे के बाद जिन्ना के साथ गैर-मुस्लिम लीगी मुसलमान नहीं रह पाएंगे। जिन्ना को अपनी असली औकात, जो उनकी 1936-37 में थी, पता चल जायेगी। भारत का बटवारा नहीं होगा। इसे नेहरू और पटेल ने नहीं माना।

सोशलिस्ट पार्टी की नेता कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने इतिहास पर अपने साक्ष्य की रिकार्डिंग में कहा था कि जवाहरलाल नेहरू और वल्लभ भाई पटेल वृद्ध हो गये थे। वे अपने जीवन की गोधूलि की बेला पर सत्तासुख भोगने के लोभ का संवरण नहीं कर पाये। यदि गांधीजी के प्रयासों की वजह से कुछ और देर हो जाती तो भी स्वतंत्रता तो साल भर बाद मिल ही जाती। किन्तु नेहरू और पटेल बहुत जल्दी में थे। जिन्ना के साथ सौदा हो गया। भारत बट गया। डा. राममनोहर लोहिया ने भी अपनी पुस्तक भारत के विभाजन के अपराधी में इसी तथ्य को उज़ागर किया है।

## आईजीआरएस शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना आवश्यक

**अम्बेडकरनगर।** जन समस्याओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करके स्थित की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने फीडबैक में असंतुष्टों की संख्या अधिक होने पर कड़ी नाराजगी जताया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में है। शासन स्तर से एक एक शिकायत के निस्तारण के गुणवत्ता की बहुत ही बारीकी से जांच कर मॉनिटरिंग की जाती है। शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त कर रैंकिंग की जाती है।

असंतुष्ट फीडबैक का प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर पड़ता है। उन्होंने विभागाध्यक्षों को विभिन्न माध्यमों से पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेने, समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आख्या को अपलोड करने के पहले स्वयं देखने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक प्रकरणे निस्तारण में शिकायतकर्ता को संतुष्ट होना चाहिए।

# रोजगार सेवक को गाली देने को लेकर रोजगार सेवकों ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जिला विकास अधिकारी गोपाल कुशवाहा द्वारा आईजीआरएस की जांच करने ग्राम पंचायत जमुनी में ग्राम रोजगार सेवक रवि शंकर मिश्र को गाली गलौज देने व धन मांगने का आरोप लगाते हुए ग्राम रोजगार सेवकों ने विकास खण्ड शोहरतगढ़ के प्रांगण में शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय शोहरतगढ़ के सामने धरने पर बैठ गये।

वहीं ग्राम रोजगार सेवक ब्लाक अध्यक्ष विजय दूबे की अध्यक्षता में ग्राम रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के नाम से खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने बताया कि हम रोजगार सेवकगण विकास खण्ड शोहरतगढ़ में कार्यरत है। शुक्रवार को जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा के द्वारा ग्राम पंचायत



जमुनी में अनेकों ग्रामीणों एवं मनरेगा के कार्य कर रहे मजदूरों के समक्ष जांच के दौरान रोजगार सेवक रविशंकर मिश्र को अभद्र भाषा एवं गाली का प्रयोग किया गया एवं हाथ उठाकर मारने की धमकी दी गयी। जिस पर वहां कार्य कर रहे मजदूरों एवं ग्रामवासियों द्वारा विरोध भी किया। ग्राम रोजगार सेवक रविशंकर मिश्र को ग्रामवासियों के बीच अपमानित किया गया, जिसके कारण वह अत्यन्त आहत है। यदि ग्राम रोजगार सेवक रविशंकर मिश्र के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो पूर्णरूप से डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा जी होंगे। हम सभी रोजगार सेवकगण डीडीओ के इस कृत्य की घोर निन्दा करते है। वहीं रोजगार सेवकों ने मांग किया है कि जब तक डीडीओ के इस कृत्य के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, तब तक हम लोग अपने सभी कार्य स्थगित करते है। इस दौरान रोजगार सेवकों में रवि शंकर मिश्र, दीनदयाल, रामरक्षा, सूर्य प्रकाश मिश्रा, काशीराम, सुनील गुप्ता, राजाराम, राकेश चौधरी, गिरिजेश चौधरी, योगेन्द्र कुमार, राजदेव, दिनेश कुमार, राम लगन, रणजीत गोस्वामी, वीरेन्द्र यादव, सुग्रीव यादव, कुलदीप, अमर सहाय उपाध्याय, राजेन्द्र शुक्ला, रामपाल चौधरी, अनीता, मीरा देवी, पूजा सहित ग्राम प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्रा, जिला महामंत्री सुनील सिंह, ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम, प्रधान अनुराधा, प्रधान मीरा, प्रधान ओम प्रकाश यादव, प्रधान अजय कुमार मिश्रा, प्रधान शिवलाल, प्रधान महथा उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत का बजट अधिवेशन का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को नगर पंचायत भारत भारी अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में नगर पंचायत का बजट अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें भारत भारी नगर पंचायत के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 22 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया। सभी वार्डो के सभासदों की मौजूदगी में सर्व सम्मती से बजट पास हुआ। नगर पंचायत भारत भारी के संपूर्ण विकास के लिए बजट में कई प्रावधान किये गए है। जिसमें राज्यवित आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, सीवरेज एवं जल निकासी, पंडित दिन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, पंडित दिन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, शहरी क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण योजना, नगरीय झील/ तालाब/ पोखरा संरक्षण योजना, 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क योजना, टाउन फण्ड, आकांक्षी नगर योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नागरोदय योजना आदि योजनांतर्गत में 22 करोड़ का बजट पारित किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत के सभी सदस्य बीना देवी, अरविंद मिश्रा,शफातुल्लाह,स्वर जीत, गंगोत्री, आकाश कुमार पांडे, बाल केश चौधरी,शिवम सिंह, नियाज़ अहमद, अब्दुल सबूर, रेहाना, आसमां खातून, सुनीता यादव, अदरून निशा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने सहजनवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोरखपुर डा राजेश ने सहजनवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहजनवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे सभी मशीनों सभी कार्यालय एंव कार्यशैली का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई उसके बारे में उन्होंने सुझाव दिया और निर्देशित किया एवं कहा कि इस सामुदायिक केंद्र में चिकित्सकों की कमी है, जिसको बढ़ाने के लिए कहा, इसमें लगे सोलर जो काम नहीं कर रहे हैं उसको ठीक कराने के लिए डिजिटल एक्सरे मशीन लगाने के लिए, डेंटल एक्स-रे मशीन लगाने के लिए, पैथोलॉजी के लिए अलग कमरा आवंटित करने के लिए कहा। ऑटोमेटिक रिमोट कंट्री टेबल के लिए मरीज के लिए अलग ओटी के लिए अलग मानीटरी की व्यवस्था होनी चाहिए। मरीज को जो भी सुविधाएं हैं वह आवश्यकता अनुसार उपलब्ध होना चाहिए। सीएमओ के साथ उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एके चौधरी भी थे। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा के अधीक्षक व्यास कुशवाहा, डॉक्टर सुनील कुमार, डॉक्टर अशोक कुमार एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ मौजूद थे।

## प्राइवेट विद्यालयों में बड़ी हुई फीस के विरोध में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के आवाहन पर ज़िला अध्यक्ष शकुंतला देवी एवं शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने महामहीम संबोधित ज्ञापन ज़िला मुख्यालय पर ज़िलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा और मांग की जो भी निजी स्कूल है उन्होंने विद्यालय को लूटतंत्र का अड्डा बना दिया है वे न सिर्फ फीस में वृद्धि कररहे है बल्कि अपनी बताई हुई दुकानों से ही पुस्तक और यूनिफॉर्म खरीद ने के लिए मन माने मूल्यों पर अभिभावकों पर दबाव बना रहे है इतनी महंगाई के दौर में उन गरीब परिवारों के बच्चे कैसे विद्यालय जा सकेंगे ऐसे निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की मान की। इस ज्ञापन देने में उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्टी ज़िलाध्यक्ष शकुंतला देवी, खुशहाल मियांअंकुर मिश्रा शहर अध्यक्ष,पुन्नी शुक्ला पूर्व शहर अध्यक्ष, हिलाल शफीकी प्रदेश सचिव सोशल मीडिया विभाग,वरुण त्रिपाठी विधि विभाग जिला अध्यक्ष,खालिद उस्मानी निश वर्तमान अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष, शिवाशीष तिवारी यूथ विधान सभा अध्यक्ष पति,रवीश द्विवेदी, तारिक बशीर,वरिष्ठ आसिफ भाई, नूर हसन भाई, संदीप राजपूत, वात्सल्य मिश्रा, वसीमुज्जमा खान, संतोष गुप्ता, अभय, सलमान, पप्पो, सुनीता, राजेंद्र, विशाल आदि।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारत के महान समाज सुधारक, विचारक और शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती गरिमामयी ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि महात्मा फुले ने समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी, जिसमें किसी के साथ भेदभाव न हो। आज जब हम उनके आदर्शों को याद करते हैं, तो यह संकल्प लेना जरूरी है कि हम भी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में समानता, भाईचारे और शिक्षा का प्रचार-प्रसार करेंगे। समाजवादी पार्टी ऐसे महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा फुले ने उस समय समाज में शिक्षा की ज्योति जलाने का कार्य किया जब शोषित और वंचित वर्गों को पढ़ना-लिखना तक मना था। उन्होंने नारी शिक्षा, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के लिए जो आंदोलन शुरू किया, वह आज भी हमें प्रेरणा देता है। उनके विचार आज के युग में और भी प्रासंगिक हो गए हैं।

## सपा कार्यकर्ताओं ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में किया कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व महासचिव राम गोपाल यादव समेत सांसद रामलाल सुमन पर करणी सेना द्वारा की लगातार अभद्र टिप्पणी व संगठन के राष्ट्रीय सचिव विनय शंकर तिवारी की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव के अगुवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन् किया। इस दौरान सरकारों के खिलाफ जमकर नारे-बाजे भी हुई। कार्यक्रम में राज्यपाल के नाम संबोधित सात सूत्रीय मांगों के समाधान का ज्ञापन भी उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्या को सौंपा। सपाई दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के इसारे पर बिना नोटिस के ईडी द्वारा गिरफ्तारी की गयी है। सरकार में बैठे लोग पीडीए के बढ़ते जनाधार को देखकर घबरा गये है। इसी कारण वह सपा के बड़े नेताओं को गलत तरीके से गिरफ्तार कराकर बदनाम करने पर तुले है। इससे सपाई कार्यकर्ता अब डरेंगे नहीं। सपा का दूसरा नाम संघर्ष है। उन्होंने कहा कि जनता ध्यान महंगाई एवं भ्रष्टाचार से हटाने के लिए कभी हिंदू मुस्लिम करती है तो कभी सपा समेत अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के घर ईडी एवं सीबीआई भेज देती है। करणी सेना के लोग सरेशाम सीएम के सह पर असलहा लेकर सांसद रामलाल सुमन के घर पर हमला बोले दिए इसे रोक पाने पुलिस नाकाम रही है।

## डीएम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बुढनामऊ (कन्या) एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बुढनामऊ (कन्या) व प्राथमिक विद्यालय बुढ़नामऊ वि0क्षे0 बढपुर का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में शैक्षिक गुडवत्ता संतोजनक पाई गई जिलाधिकारी द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी द्वारा छात्रों से मिड डे मील में मिल रहे खाने की गुणवत्ता व मात्रा के बारे में जानकारी की प्राप्त की गई व बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिये अभियान चलाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए गये।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04219/04220 शाहगंज – अयोध्या धाम – शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 180 फेरे

| गाड़ी सं. 04219 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | ---- |
| 01:40 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 02:10 |

**चलने के दिनः 04219 शाहगंज** से एवं **04220 अयोध्या धाम से** दिनांक 12.04.2025 से 10.07.2025 तक। **ठहरावः** मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईगंज स्टेशन। **स्थानः** सामान्य श्रेणी।

**03311/03312 धनबाद जं. – चंडीगढ़ – धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 03311 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03312 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:50 | धनबाद जं. | 09:00 | ---- |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ | 19:10 | 19:20 |
| 04:30 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 06:00 |

**चलने के दिनः 03311 धनबाद जं.** से दिनांक 15, 18 एवं 22.04.2025 (मंगलवार व शुक्रवार) को एवं **03312 चंडीगढ़** से दिनांक 17, 20 एवं 24.04.2025 (गुरुवार और रविवार) को। **ठहरावः** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत एवं अंबाला छावनी स्टेशन। **स्थानः** 3 टियर वाता.।

**03313/03314 धनबाद जं. – चंडीगढ़ –धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 03313 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03314 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:50 | धनबाद जं. | 09:00 | ---- |
| 07:45 | 07:50 | वाराणसी जं. | 00:45 | 00:50 |
| 04:30 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 06:00 |

**चलने के दिनः 03313 धनबाद जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक एवं **03314 चंडीगढ़** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 14.04.2025 से 30.06.2025 तक। **ठहरावः** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत एवं अंबाला छावनी स्टेशन। **स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकॉनमी।

**01029/01030 लोकमान्य तिलक (ट.) – छपरा जं. – लोकमान्य तिलक (ट). एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 01029 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01030 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:55 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 08:00 | ---- |
| 06:00 | 06:10 | वाराणसी जं. | 01:20 | 01:30 |
| 13:15 | ---- | छपरा जं. | ---- | 19:00 |

**चलने के दिनः 01029 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 13.04.2025 से 25.05.2025 तक एवं **01030 छपरा जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 15.04.2025 से 27.05.2025 तक। **ठहरावः** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं., औंडिहार जं, गाज़ीपुर सिटी एवं बलिया जं. स्टेशन। **स्थानः** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1102/2025 — पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** — सदैव आपकी सेवा में — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के लिए प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलों के प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डीएम-सीडीओ को निर्देश दिए गए हैं कि जिले में धर्मार्थ मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन मार्गो के निर्माण, पब्लिक एम्निटीज एवं पार्किंग सुविधाओं के विकास, भूमि क्रय के प्रस्ताव, आईपीआईएस पोर्टल पर समेकित सूचना फीडिंग समेत राजकीय एवं सार्वजनिक मंदिरों की सही सूचना एवं विवरण एकत्रित कर उचित प्रस्ताव भेजे जाएं। प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन मुकेश मेश्राम ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश भर के सभी जिलों के लिए चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 3100 करोड़ तक के प्रस्ताव प्राप्त किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक महत्व वाले प्राचीन मंदिरों, जहां प्रतिवर्ष 05 लाख श्रद्धालु पहुँचते हों, विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को विकसित किए जाने का प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण मंदिरों के साथ ही बौद्ध स्थलों, जैन तीर्थ स्थलों, कबीर मठ, रविदास मंदिर, बौद्ध विहार, बाल्मीकी मंदिरों सहित नाथ सम्प्रदाय से जुड़े धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के लिए प्रस्ताव जल्द से जल्द उपलब्ध कराए जा सकते हैं। मुकेश मेश्राम प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य ने बताया कि पूर्व में जहां संपर्क मार्गो की मरम्मत कराए जाने का प्राविधान था, वहीं चालू वित्तीय वर्ष में सड़क चौड़ीकरण के साथ नवीन सड़कों का भी निर्माण कराया जाएगा। सड़कों के किनारे समुचित एवं सुरक्षित उच्चस्तरीय प्रकाश व्यवस्था, ड्रैनेज व्यवस्था, पाथ-वे, साइनेज, सघन वृक्षारोपण के कार्यों को भी प्रस्तावों में सम्मिलित किया जाए।

## अखिलेश के खिलाफ प्रदर्शन, हिरासत में लिए गये अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता



**अलीगढ़।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के अलीगढ़ आगमन पर विरोध करने पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के दो कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में काले झंडे लेकर विरोध जताया। पुलिस ने महासभा के जिला अध्यक्ष सहित एक को हिरासत में लेकर थाने भेजा। यह घटना अलीगढ़ के जीटी रोड स्थित बोनेर तिराहे की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अलीगढ़ आगमन पर अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा के कार्यकर्ता गोंडा रोड पर काली पट्टियां और झंडों से विरोध करते नजर आये। मौके पर पुलिस भी रही पुलिस ने महासभा के जिला अध्यक्ष सहित एक को हिरासत में लेकर थाने भेजा। यह घटना अलीगढ़ के जीटी रोड स्थित बोनेर तिराहे की है। दरअसल अखिलेश यादव शुक्रवार को अलीगढ़ पूर्व विधायक की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए अलीगढ़ पहुंचे। महाप्रतापी सनातनी रक्षक राष्ट्रीय गौरव राणा सांगा पर समाजवादी पार्टी राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ ने गुरुवार को ही प्रेस कांफ्रेंस करके अलीगढ़ की धरती पर मुगलई सोच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का अलीगढ़ आगमन पर विरोध का एलान किया था।

## दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ



**उरई (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत प्रारंभ हुआ। इस अभियान का नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय प्रताप राजावत, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कपिल देव गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की गयी। समस्त नगर वासियों से अपील की गयी कि इस दस्तक अभियान में आपके घर आने वाली टीम का सहयोग करे,उनके द्वारा पूछी जाने वाली जानकारी उन्हें अवश्य दें।पूरे नगर में 21 टीमें कार्य करेंगी।इस अवसर पर भाजपा महामंत्री कुंअर सिंह यादव, सभासद हर्षित श्रीवास्तव, संजू खत्री, रूपेश साहू,चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार, डॉ योगेश आर्या, डॉ राजीव दुबे, डॉ सहन बिहारी गुप्ता, श्री अवधेश राजपूत एवं समस्त आशाएं,समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## बिना फिटनेस सड़कों पर दौड़ रहे 70 स्कूली वाहन

**अम्बेडकरनगर।** छात्रों की जान जोखिम में डालकर सड़क पर दौड़ रहे स्कूल वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन पर अंकुश लगाने के लिए जिम्मेदार कितना गंभीर हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 70 स्कूली बस बगैर फिटनेस के ही छात्रों को लाने ले जाने का काम कर रही हैं। इतना ही नहीं ज्यादातर चालक ऐसे हैं, जो प्रशिक्षित ही नहीं हैं। इसके चलते अक्सर हादसे होते रहते हैं। बस यह संयोग ही है कि अब तक जिले में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। एआरटीओ कार्यालय के अनुसार 1150 स्कूली बस व छोटे वाहन पंजीकृत हैं। इसमें 220 वाहनों के पास फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं था। संबंधित स्कूल प्रशासन को नोटिस भेजी गई, तो 150 ने फिटनेस प्रमाणपत्र हासिल कर लिया। हालांकि अभी 70 वाहन ऐसे हैं, जिनके पास फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं है। इन्हें नोटिस भेजी गई है। यह एआरटीओ कार्यालय का आंकड़ा है। वास्तविकता इससे परे है। जिले में तमाम ऐसे वाहन हैं, जो पंजीकृत ही नहीं हैं। ऐसे में उनके पास फिटनेस प्रमाणपत्र है भी या नहीं, इसकी जानकारी एआरटीओ कार्यालय को नहीं है। इतना ही नहीं, सभी वाहनों में प्राथमिक उपचार की सुविधा होने के निर्देश हैं।

# एआई के प्रयोग से निरंतर उन्नत हो रहा कृषि क्षेत्र : चतुर्वेदी

अवधनामा संवाददाता



**एमजीयूजी के कृषि संकाय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय में शुक्रवार को 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) का परिचय एवं कृषि में इसके अनुप्रयोग' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सहायक आचार्य सच्चिदानंद चतुर्वेदी ने कहा कि आज के दौर में एआई के प्रयोग से कृषि क्षेत्र निरंतर स्मार्ट उन्नत हो रहा है।

श्री चतुर्वेदी ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से सटीक खेती की जा रही है। सेंसर और ड्रोन का उपयोग करके मिट्टी की गुणवत्ता, नमी और पोषक तत्वों का विश्लेषण किया जाता है। इससे उर्वरक, पानी और बीजों का सही मात्रा में उपयोग संभव हो पाता है। फसलों में लगने वाले रोगों और कीटों का शुरुआती चरण में पता लगाकर समय रहते उनका उपचार किया जा सकता है। साथ ही एआई आधारित मशीनें और रोबोट्स खेतों में बोआई, कटाई और सिंचाई जैसे कार्यों को तेजी और कुशलता से पूरा कर रहे हैं। इस अवसर पर महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सहायक आचार्य दर्शन श्रीवास्तव ने कहा कि एआईमौसम का सटीक पूर्वानुमान देकर किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से बचने में मदद करता है, और बाजार में फसल के मूल्य का पूर्वानुमान लगाकर उन्हें सही समय पर बेचने का अवसर भी देता है। एआई कृषि को अधिक लाभदायक, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार बना रहा है। एमजीयूजी कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे ने अतिथि वक्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रगति सिंह एवं आभार ज्ञापन संजना गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कृषि संकाय के डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. शाश्वती प्रेमकुमारी, डॉ. नवनीत सिंह सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया सक्रिय सदस्य का सम्मेलन का आयोजन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज शोहरतगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सक्रिय सदस्य का सम्मेलन किया गया सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी जिला प्रभारी हरिशचन्द्र व लाल जी त्रिपाठी रहे भाजपा सम्मेलन में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि पार्टी के लिए हर सक्रिय सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जगदम्बिका पाल ने हर सक्रिय सदस्य का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी के लिए हमें हर सम्भव मदद का प्रयास करना होगा। इस अवसर पर दल सिंगार दूवे, कृष्ण पाल चौधरी, राधारमण त्रिपाठी,विनित कमलापुरी, अनिता जयसवाल, पवन मिश्रा, संयोजक, अमित यादव व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, सुनिल अग्रहरि चेयरमैन बढनी,रवि अग्रवाल चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़, रविन्द्र कुमार वर्मा पूर्व जिला महामंत्री, शिव शक्ति मण्डल अध्यक्ष शोहरतगढ़, योगेन्द्र तिवारी मण्डल अध्यक्ष बढ़नी,श्यामू गुप्ता मण्डल अध्यक्ष कठेला, अरविंद चौधरी मण्डल अध्यक्ष पकड़ी, रमेश मणि मण्डल अध्यक्ष चिल्हिया,पवन मिश्रा प्रधान संघ अध्यक्ष, सौरभ गुप्ता , अभिषेक चौधरी, गुड्डू पाण्डेय, पदमाकर शुक्ला, नर्वदेश्वर मणि, श्री राम चौहान,विनय त्रिपाठी, शिव पाल सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष, मुकेश श्रीवास्तव, विकास सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने किया गेहूं क्रय केंद्र वी पैक्स जोगिया का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर द्वारा पीसीएफ के गेहूं क्रय केंद्र वी पैक्स जोगिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा किसान संपर्क रजिस्टर को देखा गया। किसान संपर्क रजिस्टर में अंकित किसानों के मोबाइल नंबर पर फोन कर गेहूं खरीद के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

# सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के जिलाध्यक्ष बने अजय तिवारी नीलू

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में संगठन का विस्तार हेतु सर्वसम्मति से अजय रावत क्षेत्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी की सहमति से जिले में अजय तिवारी नीलू को जिलाध्यक्ष व युवा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी मसौरा को बनाया गया। वक्ताओं ने अपने विचार रखे तथा ब्राह्मणों के हित के लिये जो भी कार्य होंगे, उसमें अहम भूमिका में अपना योगदान देने की बात कही गई। साथ जनपद के कार्यकारिणी का विस्तार गांव-गांव तक संगठन में जोड़ने पर बल दिया जायेगा। आने वाले समय मे विभिन्न कार्यक्रम हेतु रूपरेखा तय की जायेगी। इस दौरान अशोक रावत, गिरजा शंकर द्विवेदी, शिवनारायण नायक, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, बृजमोहन संज्ञा, रमेश पाठक, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सपू, कुलदीप तिवारी, अखिलेश कुमार लिटोरिया, आनंद संज्ञा, श्याम बिहारी कौशिक, अभय तिवारी नीलू, नीरज तिवारी मसौरा, आशीष तिवारी, नीरज तिवारी, अशोक कुमार रावत, अनिल कुमार रावत, संतोष कुमार मिश्रा, राहुल चौबे, अजय शंकर पांडे, राममनोहर पस्तोर, अजय रावत, रामकिंकर पटेरिया, महेश पटेरिया, सरमन लाल चौबे, भारत रावत, रमाकांत तिवारी, डा.दीपक चौबे, सुनील पटेरिया, बृजेश चौबे, रमाकांत तिवारी, नीरज दुबे खजुरिया, रामू रिछारिया, राजेश दुबे एड., तिलकराम कौशिक, भोलाशंकर पस्तोर, रितु समाधिया, अंशु तिवारी, कविता पस्तोर, आशा कौशिक, उपासना पाठक, नीलम दुबे, सुमन रावत, संगीता गोस्वामी, वंदना चौबे, प्रेरणा शर्मा, समीक्षा मिश्रा, मुकेश नायक, जयकुमार तिवारी, आकांक्षा टोटे आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अशोक रावत ने की व संचालन सुबोध गोस्वमी ने किया।

# छात्र सम्मान समारोह आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** बी0 डी0 ए0 का. सरायतरीन में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता की गई। विद्यालय में दीपिका, कोमल, प्रेरणा, रिषभ, अनुष्का, स्पर्श, सिद्धि गोयल, देवांश, कनिका वार्ष्णेय, लक्षिका, आदित्य वार्ष्णेय, उमजा रानी, रितिक आर्य, इनाया खान, सानवी, मेघना, अलीशान, चर्चित, अलीफ, इनाया ने अंग्रेजी माध्यम में तथा मोनिका वर्मा, ईशा, अवनी, अर्पित गर्ग, विवेक सैनी, श्रद्धा, कीर्ति, वन्दना ने हिन्दी माध्यम में अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर लव चौधरी, जान्हवी, कृष्णा गुप्ता, तानिया, ध्रुव, शुभ, अल्फेज, सुरभि, नित्या, आदित्य प्रजापति, प्राची आर्य, इशिता, आर्यन, अनाया शर्मा, इमाद, करन, वंश, हर्ष, अब्दुल करीम, पूर्वी, नैना, अशिका गुप्ता, अमन, सुबरा, अंजलि, सृष्टि, दीपाशा गौतम, पल्लवी, नैन्सी आदि रहे। प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं को प्रबन्धक निर्देश वार्ष्णेय, अध्यक्ष देवेन्द्र पाल एड0, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी निवास आर्य, राकेश वार्ष्णेय, सुरेश चन्द अटल, कमल कौशल वार्ष्णेय, त्रिवेदी प्रकाश, योगेंद्र शर्मा, अमित वार्ष्णेय, रामचरन सिंह सैनी, प्रियरत्न आर्य एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय जिलाधिकारी सम्भल डा0 राजेंद्र पैंसिया, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सम्भल श्यामा कुमार तथा उद्योगपति फूल प्रकाश वार्ष्णेय द्वारा फीता काटकर तथा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा एवं शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु0 तान्या वार्ष्णेय एवं नमरा खान ने किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति नीरू चौधरी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ब्लॉकों पर जाकर की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** कांग्रेस जिला व शहर अध्यक्ष शपथ ग्रहण व कार्यभार ग्रहण समारोह की तैयारी को लेकर जयसिंहपुर और दोस्तपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बैठक कर भारी संख्या में आने का आग्रह किया। बता दें कि 15 अप्रैल को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमे अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वही अमेठी सांसद के द्वारा जनपद के सीनियर एवं वयोवृद्ध नेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि पार्टी द्वारा 15 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम की लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है जनपद के ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर जयसिंहपुर में बारोंसा चौराहे पर कॉंग्रेस व दोस्तपुर कस्बे में कॉंग्रेस जनों की बैठक हुई, बैठक में समीर मिश्र, राम भवन पांडेय जयप्रकाश पाठक जफर अहमद इरफान महेंद्र पांडे अरुण मिश्रा सुशील मिश्र जावेद अख्तर अनिल गौतम अंजनी पांडेय, दाढ़ी मिश्र पारसनाथ पाठक दया शंकर पाठक प्रभा पांडेय राजेन्द्र पांडेय लखपत रमेश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# देर रात अचानक कोतवाली पहुंचे एसपी, किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, हवालात आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ने मनायी हैनिमन की जयन्ती

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया आजमगढ़ व केमिस्ट एण्ड मैन्युफैक्करर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में होम्योपैथी के अन्वेषक डा. क्रिश्चियन फ्रेड्रिक सैमुअल हैनिमन की जयन्ती शहर स्थित होटल में मनाया गया। जयंती का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. अशोक सिंह, हमाई अध्यक्ष डा. देवेश दूबे, डॉ. रामाश्रय यादव, चेयरमैन महिला विंग उत्तर प्रदेश डा. नेहा दूबे, सचिव डा. रणधीर सिंह, रमाकान्त वर्मा,सीताराम पाण्डेय, डा. अभिषेक राय, डा. सी.जी मौर्या ने संयुक्त रूप से डा. हैनिमन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डा. हैनिमन के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. अशोक सिंह ने कहा कि डा. हैनिमन ने होम्योपैथी के रूप में एक अमृत कलश प्रदान किया है,उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है।हमाई अध्यक्ष डा. देवेश दूबे ने कहा कि भारत सरकार होम्योपैथी के विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना बगैर होम्योपैथी के करना सम्भव ही नहीं है। आज के परिवेश में होम्योपैथी के जरिये करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे हैं। चेयरमैन महिला विंग उप्र डा. नेहा दूबे ने कहा होम्योपैथी असाध्य रोगों का निवारण करने में पूर्ण रूप से सक्षम है,आज हम सभी चिकित्सकों को डॉ. हैनिमन के बताए हुए सिद्धान्तों पर चलकर पीड़ित मानवता की सेवा करनी चाहिए। संगठन सचिव डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि एलोपैथी दवाएं जहाँ फेल हो रही है, वहां होम्योपैथी दवाएं अच्छा परिणाम दे रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में होम्योपैथी बेहतर विकल्प है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी एवं डॉ. एस.सी .सैनी ने हैनिमन जी के जीवन परिचय पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. भक्तवत्सल, डॉ.नित्यानंद दूबे,डॉ. ए.के. राय, डॉ. नवीन दूबे, डॉ. बी .पाण्डेय, डॉ. अभिषेक राय, डॉ. रणधीर सिंह ,डॉ. एस. के .राय, डॉ. एच. पी.त्यागी, डॉ. मनोज मिश्रा,डॉ. राजकुमार राय, डॉ. चमनलाल,डॉ. गिरीश सिंह, डॉ. प्रभात यादव, डॉ. राजीव आंनद, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. नीरज दूबे, डॉ. अजय मौर्या, डॉ. सिद्धान्त, नरेंद्र श्रीवास्तव, सेराज अहमद, राहुल, मनोज पाण्डेय, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूलों के द्वारा लूट नहीं होने दी जाएगी: डीएम

**मथुरा।** छात्रों व अभिभावकों की समस्याओं व प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही लूट के संदर्भ में आज अभिभावकों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंप कर लूट मचाने वाले शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। अभिभावकों के साथ विस्तृत रूप से वार्ता करने के बाद जिला अधिकारी द्वारा तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर शीघ्र एक बैठक प्रबंधकों के साथ बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लूट किसी भी शिक्षण संस्थान को करने नहीं दी जाएगी। अभिभावक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि निजी स्कूलों किताब, कापी, ड्रेस आदि के लिए दुकानें तय कर रखी हैं। जिन पर मनमानी कीमत पर बच्चों व अभिभावकों को किताब, बुक , ड्रेस आदि सामिग्री खरीदनी पड़ रही है। इसे तुरंत रोका जाए। इस अवसर पर संघ के संस्थापक शशिभानू गर्ग, अध्यक्ष हेमेंद्र गर्ग, मंत्री जगत बहादुर अग्रवाल, परग गुप्ता, सचिन अरोरा, आशीष वर्मा, सचिन चौधरी, आशीष गर्ग, विजय चौधरी, सुधीर वर्मा, गगन बंसल आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व विवादों के मामले को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट में जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में योजित/लम्बित राजस्व वादों और निर्विवाद वरासत, पैमाइश नामांतरण, आपसी बंटवारा एवं भूमि विवादों से सम्बन्धित लंबित वादों की विगत दिवस में कलेक्ट्रेट सभागार में गहन समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को वादों के निस्तारण के लिए नियमित अदालत लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो का स्वयं रिव्यू करें। जनपदीय राजस्व न्यायालयों द्वारा तहसील स्तर से मांगी गई रिपोर्ट को समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए डीएम ने न्यायालय में लम्बित मुकदमों की समीक्षा करते हुये समस्त एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। राजस्व वादों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है इसलिये सम्बन्धित अधिकारीगण अपने दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें। सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक सजग एवं सचेत होकर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को ये जानकारी होनी चाहिए कि संबंधित न्यायालय में कितने वाद हैं और कितने समयावधि लंबित हैं। सभी जिला स्तरीय अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को डिफाल्ट होने की तिथि से तीन दिवस पूर्व अवश्य निर्धारित कर पोर्टल पर अपलोड करें। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। शिकायतकर्ता से वार्ता कर उनसे समाधान एवं संतुष्टि की जानकारी लें। सभी अधिकारी नियमित तौर पर पोर्टल पर संदर्भों को प्राप्त होते ही निस्तारित करने की दिशा में कार्य करें। समीक्षा के दौरान उपस्थित सभी विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग अच्छी रहे। सीएम डैशबोर्ड के आधार पर कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने करौंदी में चलाया स्वच्छता अभियान

**उन्नाव।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान में जिले के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि गांव तथा वार्डों में प्रवास कर संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने करौंदी गांव पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चला परिसर को स्वच्छ किया। बूथ समिति के साथ बैठक की। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ध्वज लेकर गांव और अनुसूचित बस्ती में शोभा यात्रा निकाली। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर चर्चा की। गांव में चौपाल लगा मोदी सरकार के तीसरे और योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के कार्यों और योजनाओं की चर्चा करते हुआ कहा एक गरीब परिवार से चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री आपके लिए दिन रात कार्य कर रहे है।

# अधिकारी किसानों को गायों के लिए भूसा दान को प्रेरित करें

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संरक्षित बेसहारा / निराश्रित गौवंशों के भरण पोषण हेतु क्रय / दान भूसे की उपलब्धता हेतु जनपद स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सभी विकास खंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव गांव जाकर किसानों से वार्ता करें और दान / क्रय हेतु प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करवाएं। जिलाधिकारी ने अपील करते हुए जनपदवासियों से कहा है कि इस समय गेहूं की फसल का कटान किया जा रहा है तथा सभी कृषकों के पास पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। उन्होने सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, कृषकों, पशुपालकों से अपील की है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत संरक्षित बेसहारा / निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु अधिक से अधिक मात्रा में भूसे को गो आश्रय स्थलों पर दान करने का कष्ट करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजनान्तर्गत जनपद में निराश्रित/बेसहारा गोवंश को संरक्षित कराये जाने हेतु समस्त विकासखण्डों में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें जनपद के निराश्रित/बेसहारा गोवंशों को संरक्षित किया जा रहा है, जिसके लिए समस्त गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु भूसा एवं हरे चारे की आवश्यकता रहती है। श्री सिंह ने कहा कि जिन दाताओं द्वारा भूसा दान दिया जायेगा उनको उप जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

## गुजरात के सम्मेलन से हुआ उत्साह का संचार

**मथुरा।** गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती तट पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय अधिवेशन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में हुए अधिवेशन में में मथुरा के कांग्रेस जनों ने भाग लिया गया। इस सम्मेलन से लौटकर कांग्रेसियों ने कहा कि गुजरात का अधिवेशन कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार करेगा। हमें जनता के अधिकारों के लिए और मजबूती के साथ लड़ने के लिए प्रेरित करेगा। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि अहमदाबाद की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है। यह अधिवेशन न केवल एक महत्वपूर्ण आयोजन था, बल्कि यह संविधान, न्याय और जनहित के लिए संघर्ष को मजबूत बनाने का एक अवसर के साथ मेरे लिए अनुभव में बढ़ोतरी का माध्यम भी रहा। कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने वालों में उमाशंकर शर्मा, जिलानी कादरी, अप्रतिम सक्सेना, विपुल पाठक, मानवेंद्र पांडव, रमेश कश्यप, मनोज गौड़, गौरव सिंह, महेश चौबे, अमित राज, नितिन वार्ष्णेय, राजू कुरैशी, सागर माहौर, कासन रिजवी, सतीश राजोरिया, विवेक धनगर, बलवीर सिंह, हिरदेश कुमार आदि कांग्रेस जनों ने कांग्रेस अधिवेशन में भाग लिया।

# जिसने कर्ज लिया वो पिक्चर से गायब

**अवधनामा संवाददाता**

- 90 हजार के बजाय ताज बस सर्विस के संचालक ने जमा किये 434000/-
- पर्दे के पीछे बैंक मैनेजर के कंधे का इस्तेमाल कर रहे साजिशकर्ता

**सुल्तानपुर।** शाखा प्रबंधक के कंधे से मानिंद लोगों का शिकार किया जा रहा। वर्षो पुराने मामले में वसूली के लिए राजनैतिक रसूख का बेजा इस्तेमाल कर एफआईआर दर्ज कराई गई। अब पुलिस पर दबाव बनाकर जेल भेजने की कुत्सित चाल चली जा रही है। करीब डेढ़ दशक पूर्व 28.12.2010 को रु 90 हजार का ऋण वीरेन्द्र कुमार सुत राम अभिलाख निवासी ग्राम बहलोलपुर, थाना कुड़वार को डेयरी योजना के अन्तर्गत लेना बताया गया। बैंक मैनेजर के अनुसार बन्धक के तौर पर ऋणी उपरोक्त ने अपनी कृषि भूमि गाटा सं-270 व 271 रकबा कुल 1.687हे (2) किता) स्थित ग्राम बहलोलपुर को बन्धक रखा था। दिनांक 12.03.2025 को ऋणी वीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बन्धक सुधा भूमि गाटा सं-270 व 271 सम्पूर्ण रकबा 1.687हे0 को साजिस के तहत विक्रय की बात सामने आई और ऋणी द्वारा बैंक कर्मचारी (पूर्व में शाखा पर कार्यरत) मो इम्तियाज खान पुत्र अब्दुल अहद खान निवासी ग्राम धरावां, थाना कुड़वार, जनपद सुलतानपुर की मिली भगत से बन्धक भूमि श्रीमती ममता श्रीवास्तव पत्नी मनोज कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम पलिया मजरे सरकौड़ा, थाना कुड़वार, प्रबन्धक वृजमोहन एजूकेशन सोसाईटी महाविद्यालय द्वारा तथा स्वयं मो0 इम्तियाज द्वारा बैंक द्वारा बन्धक किये जाने का आरोप लगा। इधर राजनैतिक दबाव में ऋण लेने वाले के प्रति साजिशकर्ताओ के लिए सॉफ्ट कॉर्नर अपनाया गया और कुड़वार समेत जनपद में साफ सुथरी साख रखने वाले तथा सरकौड़ा और कुड़वार से प्रधानी का चुनाव लड़ने वाली ममता श्रीवास्तव को बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देने वाली बीजेपी की योगी सरकार में साजिश का शिकार बनाया जा रहा। अव्वल तो यह है कि ताज बस सर्विस के संचालक जिन्होंने कुछ हिस्से की जमीन का बैनामा लिया था उन्होंने ब्याज समेत बढ़ी हुई धनराशि को नोटिस जारी होने की तिथि को यानी 4 अप्रैल को 434000/- जमा कराकर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के शाखा प्रबंधक को बिल बाउचर व एक पत्र के साथ अवगत करा दिया था। जबकि बैनामे के समय इस प्रकार के कोड लोन की जानकारी खरीददार को नही थी। उधर दबाव में आये मैनेजर के अनुसार इम्तियाज अहमद द्वारा बन्धक सुदा भूमि को ताज मोहम्मद पुत्र मोहम्मद खान निवासी चर्च कम्पाउड तिकोनिया पार्क, थाना कोतवाली नगर को बैनामा (विक्रय विलेख) कर दिया गया और बैंक द्वारा लिया ऋण भी बैंक में जमा नहीं किया गया। जिससे बैंक की धनराशि मु 4,33,000/- रूपये उपरोक्त लोगों की साजिश के कारण बैंक में वापस जमा नही हो पा रहा है। बैंक द्वारा ऋण में वसूली हेतु ऋणी व्यक्ति को नोटिस द्वारा बैंक में जमा करने हेतु कहा गया। हालांकि पैसा जमा करने को लेकर ऋण लेने वाले व्यक्ति के कांधे को एक इलाकाई आका की शरण देकर वसूली की चाह रखने वाले ने राजनैतिक खेल खेलना शुरू कर दिया है। जबकि बैंक मैनेजर द्वारा 03/04/2025 को ममता श्रीवास्तव को नोटिस दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर बंधक बनाया गया पैसा को जमा करना है। और उसी दिन 03/04/2025 को मुकदमा पंजीकृत हुआ है। अलहदा सवाल तो यह भी है कि यदि जमीन बंधक थी तो 14 साल बाद 19/03/2025 को खतौनी में बंधक क्यों बनाई गयी। यह सवाल खुद में अनुत्तरित है। लेकिन पर्दे के पीछे वसूली की चाह रखने वाले ने एक बस मालिक को जेल भिजवाया लेकिन हकीकत सब को मालूम है।

## विधायक के प्रस्ताव पर लगी मुहर, तेलिहाई देवी मंदिर का होगा सौन्दर्यीकरण

**उन्नाव।** सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर के प्रस्ताव पर सफीपुर नगर की प्राचीन तेलिहाई देवी मंदिर का पर्यटन विभाग 74.90 लाख रुपए से सुंदरीकरण करायेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त मंदिर नगर का अति प्राचीन मंदिर है जो सनातन धर्मावलंबियो की आस्था का केंद्र है शादी विवाह के मौके पर नगर ही नही आसपास के गांवों से भी लोग मंदिर पर जाकर आशीर्वाद लेते है एवं अपनी मन मुराद पूरी करने के लिए कामना करते है। विधायक श्री दिवाकर से नगर एवम क्षेत्रवासियों ने मंदिर के सुंदरीकरण की मांग की थी जिसपर उन्होंने प्रदेश के पर्यटन मंत्री से मिलकर मंदिर के सुंदरीकरण का प्रस्ताव दिया था जिसे स्वीकृति मिलने की जानकारी मिलने पर नगर के सनातन धर्मावलंबियों, व्यापारियों, समाजसेवियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार जताया...हर्ष व्यक्त करने वालो में मोटेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रवण गुप्ता,व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, पूर्व सभासद संजीव गुप्ता, शंकरी देवी मंदिर समिति के वीपी सिंह सेंगर, अवधेश फौजी, सुनील चौरसिया, अमित कुशवाहा, अनुराग तिवारी, नीरज सैनी, देवकी नन्दन सैनी, सार्वजनिक गणेश महोत्सव से जुड़े दीपक विमल, आशीष विमल, रंजीत बाल्मीकि आदि शामिल है।

## तलैया में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के ग्राम भटेवरा में नहाने गए एक किशोर की तलैया में डूब जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर की मौत से उसके घर में रोना पीटना मचा हुआ है। घर में सांत्वना देने वालों का रात तक तांता लगा रहा। महोबा शहर के मुहल्ला नयापुरा निवासी विवेक कुमार अहिरवार 13 अपने मामा के यहां ग्राम भटेवरा गया हुआ था, गांव के बच्चों के साथ वह गांव में बनी एक तलैया मे नहाने चला गया नहाते समय अचानक गहराई में चले जाने से किशोर डूबने लगा, तभी उसके साथियों और आस पास के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया शोर शराबा सुन कर कुछ लोग तलैया कूद गए और किशोर को बाहर निकाला बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणो की अस्पताल में भारी भीड़ जमा होई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर जांज पड़ताल शुरू कर दी है। किशोर की मौत की खबर मिलने पर महोबा से भी उसके परिजन ग्राम भटेवर पहुंच गए।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जागरूकता के चलते बढ रहे मरीज



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के चौराहा स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में जागरूकता के चलते लगातार वृद्धि देखी जा रही है। चिकित्सालय प्रभारी डा. नादिरा खातून ने जानकारी दी कि कुल 30 मरीजों का परीक्षण कर उनकी शारीरिक समस्याओं के अनुसार उचित आयुर्वेदिक परामर्श और निशुल्क औषधियां प्रदान की गई। शुक्रवार को आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी ने बताया कि विभिन्न बीमारियों जैसे पाचन संबंधी विकार, ज्वर, सर्दी-खांसी, त्वचा रोग एवं जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं के साथ मरीज यहां पहुंच रहे हैं। सभी का विधिवत परीक्षण कर आयुर्वेदिक उपचार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से लोग तेजी से लाभान्वित हो रहे हैं और इसके प्रति उनकी रुचि बढ़ रही है। चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को न केवल औषधियां दी जा रही हैं, बल्कि उनके खान-पान और जीवनशैली में सुधार हेतु आवश्यक सलाह भी दी जाती है। बताया कि पडोसी कस्वा सिकन्दरपुर में उनकी तैनाती होने के कारण सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को स्थानीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मरीजों को देखतीं हैं। इस दौरान बार्डवॉय सुशील परिहार मौजूद रहे।

## पोल से टकराई हेक्टर एक की हुई मौत, तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शुक्रवार की दोपहर करीब 03 बजे क्षेत्र के कस्वा समधन के पश्चिमी गेट के पास हेक्टर गाड़ी जो कि फर्रुखाबाद से कन्नौज की तरफ जा रही थी, अचानक अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। जिसमे 55 वर्षीय शिवकुमार सिंह राठौर पुत्र स्वर्गीय रामनरेश सिंह, 30 वर्षीय सत्यम सिंह राठौर पुत्र शिवकुमार सिंह, 28 वर्षीय वर्षा सिंह पत्नी सत्यम सिंह राठौर, 50 वर्षीय अनीता पत्नी शिवकुमार सिंह राठौर निवासी ग्राम गढ़िया जगन्नाथ थाना राजा का रामपुर जनपद एटा गभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिये निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। उधर रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में इलाज के दौरान सत्यम राठौर की मृत्यु हो गई व अन्य तीनों घायल सदस्यों को मधुराज हॉस्पिटल कानपुर में भर्ती कराया गया है जहां पर उनकी हालात सामान्य है।

## यातायात प्रभारी ने यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चलाया विशेष वाहन चेकिंग अभियान

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले की यातायात पुलिस टीम ने जिले में सड़क सुरक्षा एंव यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चेकिंग और स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात के नियम बताए गए। बिना हेल्मेट और बिना शीट बेल्ट वाहन चलाने पर चालकों का चालान किया गया और उन्हे सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। नशे में वाहन चलाने के मामलों की गंभीरता को देखते हुए ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग की गई, और संबंधित चालकों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालाकों को ट्रेफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने ट्रैफिक बार्डन की भूमिका निभाते हुए वाहनों को सही रूट पर निकाला गया। जब कि दूसरे तरफ के वाहनों को चंद मिनटों के लिए रोका गया, छात्रों ने चैराहों पर खड़े होकर यातायात को नियत्रित करने में सहयोग किया और वाहन चालकों से शील्ड बैल्ट, हेल्मेट लगाने की अपील भी की।

## रंजिश के चलते दो भाईयों से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम बनियानी निवासी संतोषी देवी पत्नी मनोहर सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार को गांव के ही वीर बहादुर, वीर कुमार, दयाराम व रामवती ने रंजिश के चलते रास्ते में रोक कर गाली गलौज करने लगे उसके पति मनोहर सिंह द्वारा विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आये उसके देवर धर्मेंद्र को मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## तलैया में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के ग्राम भटेवरा में नहाने गए एक किशोर की तलैया में डूब जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर की मौत से उसके घर में रोना पीटना मचा हुआ है। घर में सांत्वना देने वालों का रात तक तांता लगा रहा। महोबा शहर के मुहल्ला नयापुरा निवासी विवेक कुमार अहिरवार 13 अपने मामा के यहां ग्राम भटेवरा गया हुआ था, गांव के बच्चों के साथ वह गांव में बनी एक तलैया मे नहाने चला गया नहाते समय अचानक गहराई में चले जाने से किशोर डूबने लगा, तभी उसके साथियों और आस पास के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया शोर शराबा सुन कर कुछ लोग तलैया कूद गए और किशोर को बाहर निकाला बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणो की अस्पताल में भारी भीड़ जमा होई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर जांज पड़ताल शुरू कर दी है। किशोर की मौत की खबर मिलने पर महोबा से भी उसके परिजन ग्राम भटेवर पहुंच गए। घटना के बाद गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है।

## आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, किसानो को भारी नुकसान

**उन्नाव।** सदर तहसील के परियर क्षेत्र में आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचायी है। गुरुवार की सुबह को एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में बादलों की उमड़-घुमड़ शुरू हो गई। सुबह सात बजे तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हुई। इससे खेतों में गेहूं की फसलें भीग गई जिससे अब कटाई व थ्रेसरिंग कराने में लगभग एक सप्ताह का समय और बढ़ गया। जिससे किसान चिंतित हैं। किसानो की अधिकांश फसल अभी खेत में पड़ी होने से किसान बहुत परेशान है। गुरुवार सुबह छः बजे अचानक आसमान में बादलों की उमड़-घुमड़ शुरू हो गई थी।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहां की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरि और खंडगिरि गुफाएं**

उदयगिरि और खंडगिरि गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरि और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिशा संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिशा नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिशा संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



## एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्मई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

## आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए, जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्फुड्डइुड्डहा भी आयोजित की जाती है, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती है।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोझीमाला हिल्स**

कोझीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

# पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण

## प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम हैं पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में हैं। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहाँ दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा-** पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और अपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

# खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है। यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं का आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं। यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर की हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल



की हसीन वादियों में स्थित पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थित पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचें। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर रेस्ट करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाइकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान बनाएं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

# सूरत में आवासीय इमारत की तीन मंजिलों में लगी आग, 18 लोगों को बचाया गया



**सूरत।** सूरत के वेसु इलाके में इमारत में आग लगने की घटना सामने आई है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फायर टेंडर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहा है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी मौके पर मौजूद हैं। गुजरात के सूरत में शुक्रवार तड़के सुबह एक बहुमंजिली इमारत में आग लग गई। भीषण आग के चलते कुछ लोग उपरी की मंजिलों पर फंस गए। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने छत पर फंसे 18 लोगों को बचाया। सूरत के मेयर दक्षेश मवानी ने बताया कि आग सुबह करीब 8 बजे शहर के वेसु इलाके में स्थित बहुमंजिला हैप्पी एक्सेलेसिया इमारत की सातवीं मंजिल पर लगी और जल्द ही इसने दो और ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक लगी आग से भगदड़ मच गई। आग से बचने के लिए, कुछ लोग उपरी मंजिलों की ओर भागे।

मवानी ने बताया, सूरत की दमकल ने निवासियों को इमारत से नीचे उतरने में मदद की। छत पर फंसे अठारह लोगों को भी बचाया गया। आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इमारत के सामने रहने वाले गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान की निगरानी की। बचाए गए एक निवासी ने बताया कि कई लोग धुएं और लपटों से बचने के लिए छत पर चले गए। घने धुएं के कारण सीढ़ियों से नीचे उतरना असंभव था। इसलिए हम लोग छत पर चले गए। दमकल कर्मियों ने पहले आग बुझाई और फिर हमारे चेहरे पर गीले तौलिये लपेटकर हमें नीचे उतारा।

संघवी ने बताया कि जब मेरे घर के पास की इमारत में आग लगी तो मैं उस वक्त अपने बगीचे में जॉगिंग कर रहा था। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों ने पहले 40 निवासियों को सीढ़ियों से नीचे उतरने में मदद की और फिर बाकी लोगों को छत से बचाया। संघवी ने बताया, इमारत के कई निवासी मुझे जानते हैं। करीब 50 दमकल कर्मी और पांच अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। उन्होंने छत पर फंसे 18 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## कुलपति चयन में पारदर्शिता की मांग, प्रत्याशी मनोज ने चयन प्रक्रिया में जल्दबाजी पर उठाए सवाल

**मुंबई।** पुणे स्थित गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स में कुलपति पद के चयन को लेकर विवाद नहीं थम रहा है। अब इस मामले में कुलपति पद के उम्मीदवार प्रोफेसर मनोज कर ने यूजीसी और कुलपति संजीव सान्याल को पत्र लिखकर चयन प्रक्रिया को फिलहाल के लिए स्थगित करने की मांग की है। महाराष्ट्र के पुणे में स्थित गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स (जीआईपीई) में कुलपति की नियुक्ति को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसी बीच एक पूर्व बोर्ड सदस्य और कुलपति पद के एक उम्मीदवार प्रोफेसर मनोज कर ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। साथ ही प्रोफेसर कर ने जीआईपीई के चांसलर संजीव सान्याल और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को पत्र लिखकर मांग की है कि जब तक प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं आती, तब तक इसे स्थगित किया जाए।

# अमेरिका से व्यापार वार्ता पर विदेश मंत्री का दावा



**नई दिल्ली।** वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (जीटीएस) में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि एक महीने में अमेरिकी प्रशासन में काफी बदलाव हुए हैं। इस बीच हमने वैचारिक रूप से एक समझौता किया है कि हम एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता करेंगे। हमने पहले ट्रंप प्रशासन से चार साल तक बातचीत की थी। मगर यह सौदा नहीं हो पाया।

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच हो रही व्यापार समझौता वार्ता पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा दावा किया। वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (जीटीएस) में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। पहले भी हमने ट्रंप प्रशासन से चार साल तक बात की थी, लेकिन यह सौदा नहीं हो पाया था। मगर अब हम पूरी तरह से तैयार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एक महीने में अमेरिकी प्रशासन में काफी बदलाव हुए हैं। इस बीच हमने वैचारिक रूप से एक समझौता किया है कि हम एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता करेंगे। हम ऐसा समाधान खोजेंगे जो भारत-अमेरिका दोनों के लिए काम करेगा। यह एक खुली प्रक्रिया नहीं है क्योंकि यह सब व्यापार वार्ता से निराशा के कारण है।

उन्होंने कहा कि हमने पहले ट्रंप प्रशासन से चार साल तक बातचीत की थी। मगर यह सौदा नहीं हो पाया था। मगर इस बार, हम निश्चित रूप से बहुत अधिक तत्परता से तैयार हैं। हम इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं। हमारी व्यापार टीमें वास्तव में उत्साहित हैं। अतीत में हमारे बारे में शिकायत की गई थी कि हम ही वार्ता को धीमा करने वाले हैं। मगर आज यह उल्टा है। हम तीनों मामलों में उस तत्परता से आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल में एक बड़ा बदलाव हुआ है। लेकिन एक और बदलाव हुआ है और यह एक विकास है। यह है चीन की उन्नति। वहां व्यापार की कहानी तकनीक की कहानी भी है। डीप सीक इनमें से एक था। मैं तर्क दूंगा कि चीन द्वारा किए गए परिवर्तन अमेरिकी स्थिति में बदलाव के समान ही हैं। इससे साफ है कि एक व्यक्ति कुछ हद तक दूसरे से प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका-चीन संबंधों के संबंध में हमारे अनुभव बहुत अलग हैं। हमने वास्तव में दोनों चरम सीमाओं को देखा है। स्वतंत्रता के बाद के पहले कुछ दशकों में अमेरिका और चीन के बीच बहुत तीखी प्रतिस्पर्धा थी और हम इसके बीच में फंस गए। इससे भी बदतर था अमेरिका और चीन के बीच गहरा सहयोग और इसका अंत गलत पर होना। इसमें से हमारे लिए कोई भी स्थिति नहीं है। यह एक तरह से गोल्डीलॉक्स समस्या की तरह है। एस जयशंकर ने कहा कि हम प्रतिस्पर्धा और मुकाबले के दौर की ओर बढ़ रहे हैं। विभिन्न देशों को इसके लिए योजना बनाने की आवश्यकता है। यह योजना बनाना भी बहुत कठिन होने जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि पहले हम यह कहते हुए क्षेत्रों को अलग कर सकते थे कि मुकाबला कोई मायने नहीं रखता। यह केवल व्यापार है, यह राजनीति नहीं है, यह रक्षा नहीं है, यह संवेदनशील नहीं है। मगर अब संवेदनशील की हमारी परिभाषा का विस्तार हुआ है। अब कुछ भी केवल व्यापार नहीं है। अब कुछ भी विशुद्ध रूप से व्यवसाय नहीं है। सब कुछ व्यक्तिगत भी है।

यूरोप को लेकर उन्होंने कहा कि पांच साल पहले यूरोप में शायद सबसे अच्छी भू-राजनीतिक स्थिति थी। इसने संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बीच आदर्श त्रिकोणीय संबंधों का निर्माण किया था। आज उस त्रिकोण का हर पक्ष तनाव में है। आपको सभी में से सर्वश्रेष्ठ से बचाना बहुत जटिल है और आप सभी दुनियाओं में से सबसे कठिन बन सकते हैं। मैं कहता हूं कि यूरोप की दुर्दशा के लिए बहुत महत्वपूर्ण तकनीकी पहलू जिम्मेदार हैं।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए खुदे गड्ढे में डूबा बच्चा, महाराष्ट्र के ठाणे में हादसा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुलेट ट्रेन परियोजना के खोदे गए गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मामले में स्थानीय सांसद ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में ठेकेदार पर एक केस भी दर्ज किया गया है। 508 किलोमीटर लंबी हाई स्पीड रेल लाइन मुंबई और अहमदाबाद को जोड़ेगी। परियोजना के हिस्से के रूप में, मुंबई से 60 किलोमीटर दूर भिवंडी में एक डिपो बनाया जा रहा है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए खोदे गए गड्ढे में 12 वर्षीय एक लड़के के डूब जाने के बाद एक ठेकेदार के खिलाफ कथित लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। मामले में स्थानीय एनसीपी सांसद सुरेश म्हात्रे ने दावा किया कि खुदाई स्थल के आसपास कोई बैरिकेड नहीं थे।

# शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा प्रभावित मोथाबाड़ी क्षेत्र का किया दौरा, TMC पर लगाए गंभीर आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को मालदा जिले के हिंसा-प्रभावित मोथाबाड़ी इलाके का दौरा किया। इससे पहले अधिकारी ने दावा किया था कि हिंदू समुदाय की लगभग 86 दुकानों और घरों को लूटकर नष्ट कर दिया गया है, और वे वहां पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे हैं। मोथाबाड़ी से आई तस्वीरों में महिलाएं भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुभेंदु अधिकारी का स्वागत कर रही थीं और नारे लगाती दिख रही थीं। अधिकारी ने उनसे हाथ मिलाया और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि 27 मार्च को मोथाबाड़ी-मालदा क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद से अब तक 61 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। अधिकारी ने एएनआई को बताया, हिंदुओं की 86 दुकानें और घर नष्ट कर दिए गए और लूटे गए। गिरफ्तार किए गए 24 लोग असली आरोपी नहीं हैं। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने इससे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय से 11 अप्रैल को मोथाबारी इलाके में जाने की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद अदालत ने इस शर्त पर अनुमति दी कि वे अकेले जाएं और केवल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच ही क्षेत्र में रहें। उन्होंने कहा, मैंने वहां जाने की कोशिश की, लेकिन मुझे जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की स्थिति का सम्मान नहीं किया। मैं आभारी हूं कि अदालत ने मुझे वहां जाने की अनुमति दी है, लेकिन मुझे अकेले जाने के लिए कहा है... मैं पीड़ित परिवारों से मिलूंगा और उन्हें कुछ मुआवजा भी देना चाहता हूं। पुलिस ने इलाके में निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए कुछ दिन पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल को मोथाबारी इलाके से कुछ किलोमीटर दूर रोक दिया था।

## लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अफसरों को नहीं बुला सकते राज्यपाल, राज्यमंत्री ने गवर्नर को घेरा



**कोलकाता।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस कहा था कि उन्होंने अपने पास लंबित कुछ विधेयकों को मंजूरी देने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक करने की मांग की है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अधिकारियों को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है। तमिलनाडु के बाद अब पश्चिम बंगाल में विधेयकों को रोके जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने विधेयकों को रोकने पर गवर्नर सीवी आनंद बोस को घेरा है। संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अधिकारियों को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्यपाल के पास विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोके रखने का अधिकार नहीं है। अगर किसी विधेयक को लेकर कोई कानूनी चिंता है तो राज्यपाल सरकार को लिख सकते हैं। लेकिन संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि वह अधिकारियों को बुला सकते हैं या चर्चा कर सकते हैं। मैंने संविधान को कई बार पढ़ा है। गुरुवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस कहा था कि उन्होंने अपने पास लंबित कुछ विधेयकों को मंजूरी देने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक करने की मांग की है। राजभवन ने कहा कि राज्यपाल ने 11 विधेयक राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजे हैं। उन्होंने कई अन्य विधेयकों पर राज्य सरकार से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, मगर उचित जवाब नहीं मिले हैं।

# ट्रेन के एक सफर के चलते डीएसपी की जगह नेता बने रामविलास

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुट चुकी हैं। इस चुनावी साल में अमर उजाला बिहार और बिहार की राजनीति, उससे जुड़ी घटनाओं और चेहरों के बारे में अलग-अलग सीरीज के जरिए बता रहा है। इसी से जुड़ी 'सीट का समीकरण' सीरीज की चौथी कड़ी में आज हम आपको अलौली विधानसभा सीट के बारे में बताएंगे। इस सीट पर सबसे बड़ा चेहरा रामविलास पासवान रहे थे। इसके बाद उनके भाई पशुपति कुमार पारस ने इस सीट पर सात बार जीत दर्ज की। अलौली सीट पर सबसे पहले चुनाव 1962 में हुए थे। इस चुनाव में कांग्रेस ने यहां से जीत दर्ज की। कांग्रेस के मिश्री सदा ने स्वतंत्र पार्टी के धनपत दास को 14,443 वोट से हराया था। बाकी दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। 1967 के विधानसभा चुनाव के साथ बिहार में बहुत कुछ बदल चुका था। कांग्रेस बहुमत से दूर रह गई। महज 13 सीट जीतने वाली जन क्रांति दल के महामाया प्रसाद सिन्हा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बने। उन्हें समर्थन मिला संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी यानी संसोपा समेत दूसरे दलों का, पर ये सरकार एक साल भी नहीं पूरे कर सकी। बगावत हुई, बगावत का चेहरा पहली बार जीता एक विधायक बना। सिर्फ चेहरा ही नहीं मुख्यमंत्री भी बना। पांच दिन बाद ही उस चेहरे सतीश प्रसाद सिंह ने अपने गुरु बीपी मंडल के लिए कुर्सी छोड़ दी। मंडल खुद मुख्यमंत्री बने पर दो महीने भी पद पर नहीं रह सके। मंडल के बाद भोला पासवान शास्त्री ने कुर्सी संभाली पर सौ दिन के भीतर उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद 1969 में राज्य में नए सिरे से चुनाव हुए। चुनाव अलौली में भी हुए। अलौली में एक नए नेता की एंट्री हुई। वो नेता जो आगे चलकर देश की राजनीति में बहुत बड़ा चेहरा बना। वो नेता जिसने पूरे अलौली में साइकिल से घूम-घूमकर प्रचार किया।

## सीनेट ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के नाम को दी मंजूरी, लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन को मिली जिम्मेदारी



**वॉशिंगटन।** लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन कई विशेष कमांड का नेतृत्व भी कर चुके हैं। इनमें से कुछ पेंटागन के कुछ खुफिया ऑपरेशन भी हैं। लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन की नियुक्ति की पुष्टि ऐसे समय हुई है, जब दो महीने पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को पद से हटा दिया था। अमेरिकी सीनेट ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के पद पर लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन के नाम को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नामित लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन अमेरिका के अगले जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ होंगे। यह पद बीते दो महीने से खाली था क्योंकि पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ को राष्ट्रपति ट्रंप ने बर्खास्त कर दिया था। नए जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ अमेरिकी वायुसेना के प्रतिष्ठित एफ-16 फाइटर प्लेन के पायलट रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन कई विशेष कमांड का नेतृत्व भी कर चुके हैं। इनमें से कुछ पेंटागन के कुछ खुफिया ऑपरेशन भी हैं। हालांकि वे साल 1986 में बने कानून के तहत जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ बनने की योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, लेकिन अमेरिका में प्रावधान है कि देशहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति कुछ नियमों में छूट दे सकते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन की नियुक्ति की पुष्टि ऐसे समय हुई है, जब दो महीने पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को पद से हटा दिया था। दरअसल जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर सेना की विभिन्न रैंक में समानता, विविधता का समर्थन करते हैं। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इससे नाराज होकर उन्हें पद से हटा दिया था।

ट्रंप पहले ही अमेरिका में समानता और विविधता कार्यक्रम को बंद करने का आदेश दे चुके हैं। सीनेट ने 60-25 मतों से लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन के नाम पर सहमति जताई।

# यून सुक येओल ने छोड़ा राष्ट्रपति निवास, निजी घर के लिए रवाना होते हुए समर्थकों को लगाया गले



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने राष्ट्रपति आवास खाली कर दिया। वह अपने निजी आवास जाते समय अपने समर्थकों से गले और उनसे हाथ मिलाया। राष्ट्रपति आवास खाली करते समय यून के साथ उनकी पत्नी, 11 कुत्ते और बिल्लियां थीं। दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति निवास छोड़ दिया। वह अपनी पत्नी किम कीन ही, 11 कुत्तों और बिल्लियों के साथ समृद्ध दक्षिणी सियोल स्थित अपने निजी निवास लौट गए। वह राष्ट्रपति निवास से काली वैन में सवार होकर निकले। जैसे ही वैन गेट पर पहुंची, उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान यून ने मुस्कुराते हुए समर्थकों की ओर हाथ हिलाया, हाथ मिलाया और गले मिले। फिर गाड़ी में सवार होकर वहां से निकल गए।

यून सुक येओल के आगमन से पहले, उनके दर्जनों समर्थक और आलोचक भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उनके निजी आवास के पास एकत्र हुए। यून के समर्थकों के हाथों में %महामहिम यून, हम आपकी भावना के साथ आगे बढ़ेंगे% के नारे लिखे बैनर थे, जबकि उनके आलोचकों के हाथ में यून सुक योल को मृत्युदंड दो! के नारे लिखे बैनर थे।

बता दें कि एक सप्ताह पहले सांविधानिक न्यायालय ने दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून सुक को राष्ट्रपति पद से हटा दिया था। जनवरी में हन्नाम-डोंग जिले में स्थित राष्ट्रपति परिसर को कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घेर लिया था और यून को हिरासत में लिया था। विद्रोह के आरोपों में आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे यून सुक को सियोल की अदालत ने गिरफ्तारी रद्द कर दी थी, जिसके बाद मार्च में उन्हें हिरासत से रिहा कर दिया गया था। यून सुक येओल ने 2022 के चुनाव में मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने तीन दिसंबर को देर रात मार्शल लॉ की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने राज्य विरोधी उदारवादियों को खत्म करने की कसम खाई और उन पर अपने एजेंडे को बाधित करने के लिए अपने विधायी बहुमत का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

इस दौरान यून सुक ने विधायी गतिविधियों को निलंबित करने की भी घोषणा की। यून ने नेशनल असेंबली को घेरने के लिए सैकड़ों सैनिकों को भेजा, लेकिन सांसद कोरम बनाने में कामयाब रहे। मार्शल लॉ लागू होने के कुछ ही घंटों बाद यून को हटाने के लिए मतदान किया। 14 दिसंबर को असेंबली ने यून पर महाभियोग लगाया और उनकी शक्तियों को निलंबित कर दिया। सांविधानिक न्यायालय ने महाभियोग को बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सांविधानिक न्यायालय ने औपचारिक रूप से यून को राष्ट्रपति पद से हटा दिया। इसके बाद सरकार ने तीन जून को राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की।

## इमरान खान सरकार के साथ संवाद पर सहमत

**पेशावर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुखिया और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर उनकी पार्टी के नेता बड़ा दावा किया है। पीटीआई नेता जुनैद अकबर ने कहा कि- इमरान खान सरकार से बातचीत करने के लिए, सहमत हैं, लेकिन उन्हें बंदूक के दम पर मजबूर नहीं किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान सरकार या किसी भी संस्था के साथ सुलह वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें बंदूक के दम पर मजबूर नहीं किया जा सकता है। यह दावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के एक वरिष्ठ नेता ने किया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की इकाई के अध्यक्ष जुनैद अकबर ने यह टिप्पणी गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान आई।

# नेपाल में राजशाही समर्थक दुर्गा परसाई गिरफ्तार, हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप



**काठमांडू।** पिछले महीने नेपाल में हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से एक प्रदर्शनकारी और एक पत्रकार शामिल है। नेपाल पुलिस ने विरोध प्रदर्शन में शामिल दुर्गा परसाई को उसके बॉडीगार्ड के साथ भारत की सीमा से लगे झापा जिले से पकड़ा। नेपाल पुलिस ने 28 मार्च को काठमांडू में हुए राजशाही समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल दुर्गा परसाई को उसके बॉडीगार्ड के साथ भारत की सीमा से लगे झापा जिले से पकड़ा गया। परसाई पर राजकीय और संगठित अपराध में शामिल होने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परसाई को असम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और नेपाल पुलिस को सौंप दिया। जो उसे झापा ले आई। हालांकि नेपाल और भारत के बीच कोई प्रत्यर्पण संधि प्रभावी नहीं है। इसलिए, असम में परसाई की गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया गया है। इससे पहले विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के आरोप में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव धवल शमशेर राणा और उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा सहित पांच दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इनके खिलाफ राज्य अपराध और संगठित अपराध के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और काठमांडू जिला न्यायालय के आदेश पर उन्हें न्यायिक रिमांड पर ले लिया है। वहीं आरपीपी इन नेताओं और कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई की मांग कर रही है।

पिछले महीने नेपाल में हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से एक प्रदर्शनकारी और एक पत्रकार शामिल है। हिंसा इस कदर नियंत्रण से बाहर हो गई थी कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू लगाना पड़ा और सेना की तैनाती करनी पड़ी। यह हिंसा नेपाल में फिर से राजशाही की मांग को लेकर हुई।

आंदोलनकारियों का दावा है कि संवैधानिक राजशाही हिंदू राष्ट्र की बहाली ही देश की समस्याओं का समाधान है। नेपाल में साल 2006 से पहले राजशाही शासन था। विरोध के बाद राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की होगी जांच



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सेहत को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। अब ट्रंप के स्वास्थ्य की जांच हो रही है तो राष्ट्रपति के सेहत की जानकारी सामने आने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वास्थ्य की शुक्रवार को जांच होगी। ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिकी इतिहास के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति के सेहत की जानकारी सामने आएगी। वार्षिक स्वास्थ्य जांच से पहले ट्रंप ने कहा कि मैंने पहले कभी इतना बेहतर महसूस नहीं किया, लेकिन फिर भी ये चीजें जरूर की जानी चाहिए।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सेहत को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। अब उनकी पारंपरिक स्वास्थ्य जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट से कुछ जानकारी मिलने की संभावना है। अफसरों ने बताया कि ट्रंप के स्वास्थ्य की जांच वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में होगी। कुछ समय पहले टेक्सास के प्रतिनिधि रोनी जैक्सन ने मजाक में कहा था कि अगर ट्रंप स्वस्थ आहार लें तो 200 साल तक जीवित रह सकते हैं। पिछले साल अगस्त में ट्रंप ने कहा था कि वह बहुत खुशी से अपने मेडिकल रिकॉर्ड जारी करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया।

2021 में जब ट्रंप का वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था तो सामने आया था कि उनका स्वास्थ्य बेहतर था। सारे परीक्षण सामान्य थे। मगर ट्रंप ने अपना वजन कम कर लिया था। 2020 में कोरोना वायरस से पीड़ित होने के बाद ट्रंप का वाल्टर रीड में इलाज किया गया था। तब ट्रंप के चिकित्सक ने उनकी स्थिति बेहतर बताई थी। उनके ठीक होने के बाद पता लगा कि ट्रंप जितना बता रहे थे, उससे कहीं ज्यादा बीमार थे।

# ईरानी पेट्रोल के अवैध परिवहन पर अमेरिका सख्त, भारतीय नागरिक और चार कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि 30 जहाजों के बेड़े और कई शिपिंग कंपनियों के मालिक जुगविंदर सिंह बराड़ ईरान के शैडो फ्लीट के रूप में काम कर रहे हैं। अमेरिका ने जुगविंदर सिंह बराड़ समेत दो यूएई और दो भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

अमेरिका ने ईरानी पेट्रोल के अवैध परिवहन पर सख्ती की है। अमेरिका ने ईरान के शैडो फ्लीट (टैंकर जहाजों का समूह, जो प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए तेल का परिवहन करते हैं) के तौर पर काम करने वाले और ईरानी तेल की शिपिंग में शामिल संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एक भारतीय नागरिक और चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। इसमें दो कंपनियां भारत की हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि 30 जहाजों के बेड़े और कई शिपिंग कंपनियों के मालिक जुगविंदर सिंह बराड़ ईरान के शैडो फ्लीट के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी यूएई के अलावा भारत स्थित शिपिंग कंपनी ग्लोबल टैंकर्स प्राइवेट लिमिटेड और पेट्रोकेमिकल बिक्री कंपनी बीएसएम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड भी है।

अमेरिका के ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने जुगविंदर सिंह बराड़ समेत दो यूएई और दो भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। विदेश विभाग का कहना है कि बराड़ और उनकी कंपनियों ने राष्ट्रीय ईरानी तेल कंपनी (एनआईओसी) और ईरानी सेना की ओर से ईरानी तेल का परिवहन किया है। एजेंसी ने कहा कि बराड़ के जहाज इराक, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान की खाड़ी के जलक्षेत्र में ईरानी पेट्रोलियम का जहाज-से-जहाज (एसटीएस) स्थानांतरण करते हैं। इसके बाद यह माल अन्य तस्करों तक पहुंचता है जो अन्य देशों के उत्पादों के साथ तेल या ईंधन को मिला देते हैं और ईरान के साथ संबंधों को छिपाने के लिए शिपिंग दस्तावेजों में हेराफेरी करते हैं। ऐसे में ईरान का माल अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच जाता है।

ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ईरानी शासन अपने तेल की बिक्री को सक्षम करने और अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए बराड़ और उसकी कंपनियों जैसे बेईमान शिपर्स और दलालों के नेटवर्क पर निर्भर है। अमेरिका ईरान के तेल निर्यात के सभी तत्वों को बाधित कर रहा है। विशेष रूप से उन लोगों को जो इस व्यापार से लाभ कमाना चाहते हैं।

# तीन तलाक़ के बाद पूर्व शौहर कर रहा जायदाद हड़पने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने अपने पति पर तलाक होने के बाद भी ज्यादा हड़पने की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पुलिस भी उसके पूर्व पति से मिली हुई है। इस बाबत पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट, मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद हाई कोर्ट से लगाई न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलम खान निवासिनी 37 डी/5 के/10 बी जे के आशियाना करेली जनपद प्रयागराज की रहने वाली है। नीलम ने बताया कि उसका निकाह मोइन खान

**■ हत्या की दे रहा धमकी, पुलिस पर मिलीभगत का आरोप**

निवासी मोमिन पुर भगाही कुलमई थाना करछना जनपद प्रयागराज से 07 मार्च 2010 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मय दहेज के साथ सम्पन्न हुआ। पीड़िता ने बताया कि निकाह के बाद मुझे पता चला कि मेरा शौहर साइको टाइप का है। वह नशीली दवाईयों का सेवन करता है और मेरे साथ सार्वजनिक जगहों पर मारपु करता है जिसकी वजह से मैं मानसिक शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो गई थी। नीलम खान ने आरोप लगाया कि मेरी पुत्री अनम फातिमा के जन्म के पश्चात वह और ज्यादा वहशी हो गया। उसका कहना था की बच्चे नहीं



पैदा करना बच्चे चाहिए तो मेरी भाभी के बच्चों को पालो। मैंने विरोध किया तो उसने मेरी हत्या करने का कई बार प्रयास किया लेकिन हर बार असफल हो गया मैंने उससे दूरी बनाना शुरू कर दिया। नीलम खान ने बताया कि करेली पुलिस ने दो बार मेरा समझौता कराया लेकिन मेरा शौहर अपनी मानसिकता नहीं बदल सका उसने मेरे मकान का बिना मेरी जानकारी में 2 करोड़ 40 लाख में सौदा कर लिया था। उसके भाई सलीम का कहना था कि अपना मकान मेरे नाम पर व दुकान मोइन के नाम पर लिख दो जिसका मैंने विरोध किया तो दोनों ने मुझे जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता का कहना है कि 14 अगस्त 2024 को मेरी बेटी अनम फातिमा के सामने ही मेरे पति मोइन खान पुत्र स्वर्गीय छोटे खान ने मुझे तलाक़ तलाक़ तलाक़ दे दिया। नीलम खान का कहना है कि मैंने करेली प्रभारी तथा वहां मौजूद उपनिरीक्षक, सिपाहियों सभी के सामने तलाक़ का सैकड़ों बार जिक्र किया लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता नीलम खान ने बताया कि 30 दिसम्बर 2024 को प्रभारी निरीक्षक करेली द्वारा समझौता कराया गया कि हम दोनों अलग - अलग रहेंगे कोई किसी में हस्तक्षेप नहीं करेगा। लेकिन वो मेरे घर के दरवाजों पर आकर चिल्लाता है।

नीलम खान पीड़िता के अनुसार बीती 25 मार्च को मैं अपना गृहस्थी का कुछ सामान लेकर छोटे हाथी पर लोड करा रही थी क्योंकि पति द्वारा बार-बार जान से मारने की धमकी देने और करेली पुलिस द्वारा सुनवाई न करने की वजह से मैं अपने बच्चों का एडमिशन लखनऊ कराने हेतु लखनऊ में कमरा ले रखा है। जहां अपना सामान भेज रही थी कि मेरा शौहर पुलिस लेकर आ गया और पुलिस ने पूरा सामान सहित मुझे थाने ले गई।

# सपा ने मनाई ज्योतिबा फुले की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन में मनाई गई। सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने महात्मा फुले के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उनके जीवन वृत्त और समाज में किये गए कार्यों की चर्चा की। सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन एवं यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि ज्योतिबा फुले ने सुधार वादी आंदोलन चलाकर समाज के गैर ब्राह्मण जातियों में नई चेतना का संचार किया। अन्धविश्वास, पाखंड, कर्मकांड, जातिवाद, गैरबराबरी को तर्कपूर्ण समर्थन देकर समाज के पिछड़ों, दलितों में एक अस्मिता और रेडिकल विचारधारा के तहत लामबंद करने की कोशिश की। शिक्षा के प्रति महात्मा फुले दम्पति ने जीवन भर कार्य किया जो इतिहास बन गया। आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी ने कहा कि उन्होंने सत्य शोधक समाज की स्थापना कर तमाम पूर्व वर्ती धाराणाओं को नकार दिया और एक नये, आधुनिक, वैज्ञानिक विचारधारा के समाज की रचना का अलख जगाया। मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने कहा कि महात्मा फुलेजी को महात्मा की उपाधि किसी राजा अथवा पूँजीपति ने नहीं बल्कि देश के शोषित, वंचित समाज ने ही दी थी। उन्होंने गुलाम गिरी, शतक यांचा आशुड, किसान कोडा, ब्राह्मणों का कसब आदि कई पुस्तके लिखी जो आज भी लोंगो का प्रेरणा श्रोत साबित हो रही हैं। इस मौके पर अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पप्पूलाल निषाद, राजू पासी, सचिन श्रीवास्तव, मंगला प्रसाद, जय शंकर भारती, कृपा शंकर बिन्द, कमलेश कुमार पुष्कर,रंग बहादुर पटेल, अजीत यादव, चंद्रशेखर, जगदीश आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- खरदेवरी वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत खरदेवरी विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 23-04-025 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत खरदेवरी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत खरदेवरी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत खरदेवरी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत खरदेवरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-राजू कुमार**
**ग्रा.प. खरदेवरी**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सुशील द्विवेदी**
**ग्रा.पं. खरदेवरी**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कनवर वि.खं. खुनियांव, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कनवर विकास खण्ड खुनियांव द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 23-04-025 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कनवर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कनवर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कनवर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कनवर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-मैनुद्दीन**
**ग्रा.पं. कनवर**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-सुशील द्विवेदी**
**ग्रा.पं. कनवर**
**वि.खं. खुनियांव, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- करही वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत करही विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 14-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत करही के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 05:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करही के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करही कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत करही के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- सुनीता**
**ग्रा.प. करही**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-कृष्ण कुमार शुक्ला**
**ग्रा.पं. करही**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- नचनी वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत नचनी विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 14-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत नचनी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत नचनी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत नचनी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत नचनी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- पूजा**
**ग्रा.प. नचनी**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-कृष्ण कुमार शुक्ला**
**ग्रा.पं. नचनी**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भिवरहा, वि.ख. बक्शा, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 11/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 12-04-2025 से 18-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 04:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**विपिन सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. भिवरहा वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

**कमलेश खरवार**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. भिवरहा वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरचौली, वि.ख. बक्शा, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 11/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 12-04-2025 से 18-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**वेनीराम**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. बरचौली वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

**श्री गौड़ गणेश**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. बरचौली वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

# मिवि ने पेश किया दुनिया का पहला इंसानों के जैसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड मिवि ने आज घोषणा की कि उन्होंने दुनिया का पहला इंसान जैसा व्यवहार करने वाला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिवि एआई तैयार किया है। इस खोज का उद्देश्य इंसान और एआई के बीच के संबंधों में क्रांति लाना है। कंपनी ने अपने स्वतंत्र रिसर्च एंड डेवलपमेंट की मदद से सफलतापूर्वक इंसान जैसा व्यवहार करने वाले एआई को विकसित किया है। यह एआई लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में तकनीक को और भी बेहतर तरीके से शामिल करेगा। यह अधिक उपयोगी एवं यूजर के अनुरूप अनुभव को पेश कर उत्पादकता बढ़ाएगा, साथ ही इंसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाएगा।

इस शानदार सफलता के बारे में बात करते हुए, मिवि के को-फाउंडर और सीएमओ मिदुला देवभक्तुनी ने कहा, मिवि एआई के साथ, हम सिर्फ़ एक प्रोडक्ट लॉन्च नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इंसान और एआई के बीच होने वाली बातचीत के एक नए दौर को

**इनोवेशन**

**अपनी तरह के पहले प्रोडक्ट के रूप में, मिवि एआई हमारे इस अटूट विश्वास को दर्शाता है कि विश्व स्तरीय इनोवेशन भारत में तैयार होगा, जिसका इस्तेमाल दुनिया करेगी।**

परिभाषित कर रहे हैं। यह ग्लोबल इनोवेशन की दिशा में एक बहुत बड़ी छलांग है। इस दुनिया में एआई सिर्फ़ पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया ही नहीं देता, बल्कि वास्तव में गहराई से मानवीय भावनाओं को समझता है, उससे तालमेल बैठाता है और इससे जुड़ता है। यह ऐसी तकनीक को पेश करने का प्रयास है जो किसी उपकरण की तरह कम, बल्कि भावनात्मक रूप से जागरूक और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में आसानी




से उपलब्ध किसी साथी की तरह ज़्यादा महसूस हो।

अपनी तरह के पहले प्रोडक्ट के रूप में, मिवि एआई हमारे इस अटूट विश्वास को दर्शाता है कि विश्व स्तरीय इनोवेशन भारत में तैयार होगा, जिसका इस्तेमाल दुनिया करेगी। यह मिवि के लिए एक मील का पत्थर से भी बढ़कर है; यह वैश्विक मंच पर भारतीय तकनीक के लिए एक निर्णायक क्षण है। मिवि एआई बड्स मिवि एआई की पहली पेशकश है, यह भविष्य में की जाने वाली प्रगति की एक छोटी शुरुआत है। इस क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने पर हमें खुद पर गर्व है। यह भारत की एआई का वक्त है। मौजूदा एआई मॉडल की बात करें तो यह आमतौर पर एक सरल ऑन-स्क्रीन प्रश्न उत्तर वाले फ्रेमवर्क में काम करते हैं, जबकि मिवि ने शुरुआत से ही बातचीत को और भी रोचक बनाने पर काम किया है। एडवांस एलएलएम की तर्क क्षमताओं की मदद से, कंपनी ने सफलतापूर्वक एक पर्सनलाइज्ड कन्वर्सेशन इंजन तैयार किया है और अपने मॉडलों को विषय के अनुसार बातचीत करने के लिए प्रशिक्षित किया है।

मिवि एआई को अपनी तरह के पहले एआई बड्स के ज़रिए उपभोक्ताओं के सामने पेश किया जा रहा है। ये ईयरबड बहुत ही आसानी से और चलते-फिरते बातचीत करने में मदद करते हैं। एआई को एक्टिव करने और स्वाभाविक बातचीत की शुरुआत करने के लिए बस ष्हाय मिविष् कहें। मिवि एआई प्लेटफ़ॉर्म पर तैयार किए गए पहले उत्पाद के रूप में, एआई बड्स इंटेलिजेंट डिवाइस के एक विशाल ईकोसिस्टम की शुरुआत को प्रदर्शित करते हैं। हज़ारों वॉयस सैंपल पर प्रशिक्षित, मिवि एआई बड़े पैमाने पर भारतीयों की बातचीत के लहजे को समझने और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देने के लिए खासतौर पर तैयार किया गया है। यही फीचर सही मायने में एक व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है।

# करीना कपूर खान ने एक नए कैंपेन के साथ लॉन्च किया मैग्नम के खजाने का नया नगीना - मैग्नम पिस्ता

**कानपुर।** सबसे शानदार बेल्जियन चॉकलेट केसाथ लक्जरी एवं आइकॉनिक आइसक्रीम ब्रांड मैग्नम ने आठ साल के लंबे इंतजार के बाद नया मैग्नम पिस्ता फ्लेवर लॉन्च किया है। इस नए फ्लेवर में मैग्नम के सिग्नेचर क्रैक के साथ पिस्ता की खूबियों को मिलाया गया है। इससे यह स्वाद के दीवानों के लिए खास ट्रीट बनकर सामने आएगा। इतना ही नहीं, इसमें दुबई चॉकलेट ट्रेंड के दीवानों के लिएक्रीमीनेस और नटीनेस का बेहतरीन बैलेंस बनाया गया है, जो इंटरनेट पर छाया है। जिंदगी में भव्यता को पिरोने के विजन के साथ मैग्नम ने फिर बॉलीवुड की अल्टीमेट स्टाइल आइकन करीना कपूर खान से हाथ मिलाया है। इससे एक ऐसा अनुभव तैयार हुआ है, जो सिर्फ स्वाद से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि यह खुशियों को उनके सबसे प्यारे अंदाज में जी लेने का जश्न है। नए कैंपेन में खूबसूरती के साथ लक्जरी, फैशन एवं भव्यता को साथ लाया गया है। करीना की मौजूदगी ने सॉफिस्टिकेशन को लेकर मैग्नम की खास पहचान को नई ऊंचाई दी है।




बेल्जियन चॉकलेट के पहले लुभावने के क्रैक से लेकर पिस्ता के नरमी से भरे स्वाद तक, यह नया फ्लेवर लक्जरी को नई पहचान देता है। यह खुशी चाहने वाले लोगों को एक ऐसी दुनिया में जाने का मौका देता है, जहां हर बाइट एक खास एहसास देती है। इसके उत्साह को बढ़ाते हुए मैग्नम की ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर खान ने कहा, 'यह मेरी पंसदीदा मैग्नम आइसक्रीम का 10वां साल है। मैग्नम का स्वाद हमेशा से सबसे खास रहा है। ब्रांड के साथ मेरा गहरा जुड़ाव रहा है। मैग्नम में वह सब कुछ है, जिससे मुझे प्यार है और इसका साथ हमेशा खास होता है। मैग्नम के नए फ्लेवर ऑल न्यू मैग्नम पिस्ता! रिच पिस्ता आइसक्रीम को लॉन्च करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। इसे बेल्जियन चॉकलेट के साथ रोस्टेड पिस्ता को मिलाकर बनाया गया है। यह सच में एक गहरी खुशी का अनुभव देता है। तो फिर मेरे प्लेजर स्टूडियो में कदम रखिए और लीजिए खास स्वाद का आनंद। मुझे उम्मीद है कि आपको यह उतना ही पसंद आएगा, जितना मुझे पसंद है।' एचयूएल के आइसक्रीम बिजनेस के प्रमुख टोलॉय टैनरिडग्ली ने कहा, 'मैग्नम पिस्ता के साथ हम भारतीय ग्राहकों के लिए एक ऐसा इनग्रेडिएंट लेकर आए हैं, जो लक्जरी की पहचान है और दुनियाभर में सबसे ज्यादा ट्रेंडिंग फ्लेवर्स में से है। मैग्नम ने हमेशा से चॉकलेट क्राफ्टिंग और सॉफिस्टिकेटेड आइसक्रीम के मामले में अपनी विशेषज्ञता से खास पहचान बनाई है और हम भारत में भी इसे पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत में प्रीमियम आइसक्रीम मार्केट तेजी से बढ़ रहा है।

# विख्यात अहलावत ने NPS इंडिया 2025 में 4 पदक जीते, अब वे राष्ट्रीय पोकर चैंपियन शोडाउन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

**लखनऊ।** रणनीतिक सोच और प्रतिस्पर्धा की भावना से परिपूर्ण, उत्तर प्रदेश के विख्यात अहलावत 2025 राष्ट्रीय पोकर सीरीज़ इंडिया में शीर्ष खिलाड़ियों में अपना स्थान पक्का किया। 39.41 लाख रुपये की कुल जीत और 4 पदकों की शानदार उपलब्धि, जिसमें 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक शामिल हैं, के साथ विख्यात ने भारतीय पोकर खिलाड़ियों में अपनी खास पहचान बनाई और अपने गृह राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।

अपनी शानदार सफलता के बाद, विख्यात अब 13 से 17 अप्रैल 2025 तक गोवा में आयोजित होने वाले 5-दिनों के राष्ट्रीय पोकर चैंपियन शोडाउन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। NPC में देश के 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे, जो अपने-अपने गृह राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, और उन्होंने NPS इंडिया 2025 में शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पाई है।

यह खेल बहुत महत्वपूर्ण है,




क्योंकि विजेता के लिए 1 करोड़ रुपये का पुरस्कार है और विजयी राज्य के खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त 1 करोड़ रुपये का फ्रीरोल है। अगर विख्यात हक्क्ष् शोडाउन जीतते हैं, तो वह उत्तर प्रदेश के सभी खिलाड़ियों के लिए पोकरबाज़ी पर आयोजित होने वाले 1 करोड़ रुपये के फ्रीरोल टूर्नामेंट में मुफ्त प्रवेश सुनिश्चित करेंगे।

उत्तर प्रदेश के निवासी विख्यात अहलावत की भारतीय पोकर जगत में उभरती हुई पहचान साहसिक बदलावों और अटूट फोकस की प्रेरणादायक कहानी है। आईटी इंजीनियरिंग में पृष्ठभूमि रखने वाले और प्रतिस्पर्धी खेलों के प्रति बचपन से जुनून रखने वाले विख्यात को लॉकडाउन के दौरान एक मित्र के माध्यम से पोकर से परिचय हुआ। जो शौक के तौर पर शुरू हुआ, वह जल्द ही एक करियर-निर्धारक जुनून में बदल गया। अपनी प्रतिभा को पहचानते हुए और लगातार अच्छे प्रदर्शन से प्रेरित होकर विख्यात ने प्रोफेशनल पोकर को अपनाने का साहसी निर्णय लिया–एक ऐसा फैसला जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी।

NPS इंडिया 2025 के आयोजन में विख्यात ने 191 टूर्नामेंट्स में प्रतियोगिता की और 148 में जीत हासिल की। उन्होंने NPS इंडिया 2025 सीरीज़ लीडरबोर्ड में स10 रैंक हासिल किया और कुल 39.41 लाख रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। इसके अतिरिक्त, विख्यात की पोकरबाज़ी पर वर्तमान में कुल जीत 3.43 करोड़ रुपये है।

NPS 2025 ने मेरे लिए एक बदलाव लाने वाला अनुभव साबित हुआ है, जिसने सच में मेरी क्षमता को परखा कि मैं कितनी देर तक संयमित रह सकता हूँ, आगे की सोच सकता हूँ और तेजी से अनुकूलित हो सकता हूँ,÷ विख्यात अहलावत ने साझा किया।

# उद्योग निकाय एसोचैम के यूपी को-चेयरमैन ने नए इन्वेस्ट यूपी सीईओ का स्वागत किया

**लखनऊ।** इंवेस्ट यूपी के नवनियुक्त ष्टश्वह्र विजय किरण आनंद आईएएस को एसोचैम के क्क ष्टश्-ष्टद्धड्डद्बह्लद्धड्डठ्ठ हसन याकूब ने इन्वेस्ट यूपी मुख्यालय लखनऊ में बधाई दी और उनका स्वागत किया।

बैठक में उत्तर प्रदेश में आर्थिक विकास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एसोचैम (एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया - उत्तर प्रदेश स्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) और इन्वेस्ट यूपी के बीच संभावित सहयोग के अवसरों पर प्रकाश डाला गया।

चर्चा के दौरान, दोनों पक्षों ने निवेश आकर्षित करने, सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने और यूपी के औद्योगिक और रोजगार परिदृश्य का समर्थन करने के लिए कौशल पहल को बढ़ाने में तालमेल की खोज की। उद्योग वकालत में एसोचैम की विशेषज्ञता और राज्य की नोडल निवेश एजेंसी के रूप में इन्वेस्ट यूपी की भूमिका संयुक्त रूप से एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के यूपी के दृष्टिकोण को गति दे सकती है।

याकूब ने निवेशक-अनुकूल नीतियों को सुविधाजनक बनाने में इन्वेस्ट यूपी का समर्थन करने के लिए एसोचैम की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जबकि विजय किरण आनंद ने उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए एसोचैम के नेटवर्क का लाभ उठाने के लिए उत्साह व्यक्त किया। इस सहयोग से यूपी के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और पूरे राज्य में सतत विकास में योगदान देने की उम्मीद है।

# सोलर एनर्जी बदलते भारत का नया परिवेश

## सूर्यकॉन लखनऊ 2025 का हुआ सफल आयोजन




## सौर ऊर्जा, स्थिरता, डीकार्बोनाइजेशन एवं यूपी कुसुम योजना पर हुई सार्थक चर्चा

**लखनऊ।** सोलर मीडिया इंडस्ट्री में अग्रणी नाम EQ इंटरनेशनल ने गर्व के साथ आगामी सूर्यकॉन लखनऊ 2025 के शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लखनऊ की सोलर इंडस्ट्री से जुड़ी तमाम कंपनियों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएलसी अवनीश कुमार सिंह उपस्थित थे। जिन्होंने सभी सोलर कंपनियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

सोलर इंडस्ट्री से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में कैसे सोलर एनर्जी को बढ़ावा दिया जाए, जनता को सोलर एनर्जी के बारे में कैसे जागृत किया जाए और टियर टू सिटीज, गांवों में कैसे सोलर की प्रभावशाली पहुंच बनाई जाए पर खास चर्चा हुई।

**इस कार्यक्रम में कई प्रभावशाली सत्र हुए, जिनमे**

सूर्यकॉन + सोलर बायर-सेलर मीट काफी अहम थी जिसमें कार्यक्रम में आई हुई सभी कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में सोलर एनर्जी की बढ़ती डिमांड और उनके लिए उपयुक्त साधने तलाशने के लिए एक दूसरे के सामने अपने विचार प्रकट किए।

उत्तर प्रदेश सोलर, रिन्यूएबल एनर्जी एवं सस्टेनेबिलिटी वार्षिक पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश में कार्यरत सभी सोलर कंपनीज को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया।

**सम्मेलन में मुख्यतः –**

यूटिलिटी-स्केल सोलर, सौर ऊर्जा उत्पादन, स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी), और डीकार्बोनाइजेशन पर चर्चा हुई।

सहज सोलर, सोवा सोलर, सनग्रो, एनिकॉन सोलर, गुडवी सोलर ने मुख्य रूप से कार्यक्रम में शिरकत की।

मुख्य अतिथि के तौर पर एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने इस खास मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सोलर एनर्जी उत्तर प्रदेश के बदलते परिवेश में महत्वपूर्ण योगदान अदा करेगा। उन्होंने कार्यक्रम में सोलर एनर्जी से जुड़े सभी व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मुझे हर्ष है कि आज मैं इस शानदार सत्र में उपस्थित रहा हूं।

EQ इंटरनेशनल के सीईओ आनंद गुप्ता ने कहा यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि हम सब आज एक छत के नीचे मौजूद हैं हमारी हमेशा से कोशिश रहती है कि हम बायर्स और सेलर्स दोनो को ऐसा प्लेटफॉर्म दे पाएं जहां वो अपनी अपनी जरूरतों के मुताबिक आपस में सामंजस्य बैठा पाएं।

इस कार्यक्रम में सौर उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि जैसे डेवलपर्स, इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स, ईपीसी कंपनियाँ, सरकारी प्रतिनिधि, नीतिनिर्माता, रेगुलेटर्स, प्रोक्योरमेंट हेड्स, पीवी प्लांट डिज़ाइनर्स, इंजीनियरिंग एक्सपर्ट्स, एसेट मैनेजमेंट लीडर्स, एचआर हेड्स, फाइनेंशियल कंसल्टेंट्स, डिस्कॉम्स, और अन्य संबंधित विशेषज्ञ मौजूद थे।

# कई बड़े देश अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर शुल्क लगाने पर राजी, N शिपिंग वार्ता में अहम फैसला



**लंदन।** संयुक्त राष्ट्र ने शिपिंग के लिए वैश्विक उत्सर्जन शुल्क को मंजूरी दे दी है। ऐसा पहली बार होगा जब एक संपूर्ण वैश्विक क्षेत्र अंतराष्ट्रीय कार्बन मूल्य निर्धारण तंत्र के अधीन काम करेगा।

दुनिया के कई बड़े देश अंतराष्ट्रीय शिपिंग के कारण होने वाले उत्सर्जन पर मूल्य लगाने पर सहमत हो गए हैं। शिपिंग यानी समुद्रों में होने वाला बड़े जहाजों का परिवहन विश्व के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रदूषणकारी उद्योगों में एक है। संयुक्त राष्ट्र की शिपिंग वार्ता में शुक्रवार को हुए अहम फैसले के बाद अब पहली बार ऐसा होगा कि सम्पूर्ण वैश्विक क्षेत्र अंतराष्ट्रीय कार्बन मूल्य निर्धारण तंत्र के अधीन काम करेगा।

IMO का यह टैक्स 2028 से लागू होगा और इसका उद्देश्य है कि शिपिंग उद्योग को ज्यादा साफ-सुथरे और हरित ईंधन की ओर ले जाया जाए। समुद्री जहाजों से निकलने वाला प्रदूषण वैश्विक स्तर पर तीन फीसदी कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। जैसे-जैसे जहाज बड़े होते गए और ज्यादा माल ले जाने लगे, वैसे-वैसे उनका ईंधन खर्च और प्रदूषण भी बढ़ा है।

# आईकू ने भारत में लॉन्च की ज़ेड10 सीरीज

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने एक बार फिर इंडस्ट्री में नए मानदंड स्थापित करते हुए भारत में अपनी लेटेस्ट ज़ेड10 सीरीज आईकू ज़ेड10 और आईकू ज़ेड10× – लॉन्च की है। अत्याधुनिक परफॉर्मेंस और शानदार इनोवेशन के साथ पेश की गई यह सीरीज़ खासतौर पर कॉलेज छात्रों के लिए तैयार की गई है, जो पावरफुल कनेक्टिविटी, इमर्सिव एंटरटेनमेंट और पूरे दिन भर भरोसेमंद परफॉर्मेंस की तलाश में हैं। आईकू ज़ेड10 सीरीज यूज़र्स को मेगाटास्किंग की शक्ति देती है, उन्हें उनके डाइनैमिक लाइफस्टाइल को आसानी से मैनेज करने और पूरे दिन कनेक्टेड रहने में सक्षम बनाती है। आईकू ज़ेड10 की कीमत 8जीबी+128जीबी वेरिएंट के लिए 21,999 (प्रभावी कीमत - 19,999); 8जीबी+256जीबी वेरिएंट के लिए 23,999 (प्रभावी कीमत - 21,999) और 12जीबी+256जीबी वेरिएंट के लिए 25,999 (प्रभावी कीमत - 23,999) रखी गई है। यह स्मार्टफोन 16 अप्रैल से दोपहर 12 बजे से बिक्री




के लिए उपलब्ध होगा, दो आकर्षक रंगों में – स्टेलर ब्लैक और ग्लेशियर सिल्वर। आईकू ज़ेड10× 5G की कीमत 6जीबी+128जीबी वेरिएंट के लिए 13,499 (प्रभावी कीमत - 12,499); 8जीबी+128जीबी वेरिएंट के लिए 14,999 (प्रभावी कीमत - 13,999) और 8जीबी+256जीबी वेरिएंट के लिए 16,499 (प्रभावी कीमत - 15,499) रखी गई है। यह 22 अप्रैल से दोपहर 12 बजे से टाइटेनियम और अल्ट्रामरीन कलर वेरिएंट्स में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

ग्राहक अमेज़न.इन और आईकू ई-स्टोर से आईकू ज़ेड10 सीरीज की खरीदारी पर निम्नलिखित ऑफ़र्स का लाभ उठा सकते हैं-

आईकू ज़ेड10 की खरीद पर ग्राहक चुनिंदा आईसीआईसीआई और एसबीआई क्रेडिट/डेबिट कार्ड्स के साथ 2000 की सीधी छूट या 2000 का एक्सचेंज बोनस प्राप्त कर सकते हैं। इसमें 6 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई सुविधा भी शामिल है।

वहीं, आईकू ज़ेड10× की खरीद पर ग्राहक चुनिंदा आईसीआईसीआई और एसबीआई क्रेडिट/डेबिट कार्ड्स पर 1000 की तात्कालिक छूट का लाभ उठा सकते हैं।

आईकू ज़ेड10 सीरीज के बारे में बात करते हुए, आईकू के सीईओ निपुण मार्या ने कहा, ÷जो लोग टेक्नोलॉजी के शौकीन हैं और परफॉर्मेंस को सबसे ज़्यादा अहमियत देते हैं, वे आईकू पर भरोसा करते हैं कि वह हमेशा बेहतरीन इनोवेशन लाए। आईकू ज़ेड10 इसी भरोसे का सबूत है। भारत की सबसे बड़ी 7300एमऐएच बैटरी के साथ, आईकू ज़ेड10 स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी की सीमाओं को आगे बढ़ाता है। लेकिन इसे खास बनाता है इसका बेहद स्लिम 0.789 सेमी का डिज़ाइन, जो हर तरह से बेहतरीन एक्सपीरियंस देता है। आज के यूथ के लिए बनाया गया, जो सिर्फ मल्टीटास्क नहीं बल्कि मेगाटास्क करते हैं आईकू ज़ेड10 और आईकू ज़ेड10× उनकी तेज़ और एक्टिव लाइफस्टाइल के साथ पूरी तरह से तालमेल बिठाते हैं।

# लखनऊ में बायर-सैलर मीट ने एनर्जी-एफिशियंट सीलिंग फैन्स को बढ़ावा दिया

**लखनऊ।** एनर्जी-एफिशियंट सीलिंग फैन के विशाल स्तर पर उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशियंट इकॉनॉमी और CLASP ने क्लार्क्स अवध, हजरतगंज, लखनऊ में एक बायर-सेलर मीट बुलाई। इस कार्यक्रम में खरीददारों और सीलिंग फैन निर्माताओं को सीधे संपर्क करने का अवसर मिला, जिससे उनके बीच वास्तविक लेन-देन को प्रोत्साहन मिला।

खरीददारों ने सीधे सीलिंग फैन निर्माताओं से बात कर इन फैन्स की विशेषताओं, मूल्य, फाईनेंसिंग के विकल्पों और विभिन्न फाईव स्टार मॉडलों की सर्विस के बारे में भी जाना। आमने-सामने हुई बातचीत से परफॉर्मेंस के बारे में विवरण और क्वालिटी की साझा प्रतिबद्धता के साथ उनके बीच विश्वास स्थापित हुआ।

इस कार्यक्रम ने सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य-नामित एजेंसियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों, डिस्कॉम्स और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारकों को ऊर्जा दक्ष पंखों की उपलब्धता और उनके लाभों के प्रति प्रभावी रूप से जागरूक किया।

सिर्फ़ जागरूकता बढ़ाने तक सीमित न रहते हुए, इस मंच ने संभावित खरीदारों को अपनी ख़रीद संबंधी आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने, उपयुक्त तकनीकी समाधानों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करने और विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर भी प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को संस्थागत खरीद प्रक्रियाओं और नियामक ढांचे की बेहतर समझ प्राप्त हुई, जिससे भविष्य में लेन-देन और निर्णय प्रक्रिया अधिक सुगम बन सके।

कार्यक्रम के दौरान एनर्जी एफिशियंट सीलिंग फैन अपनाने के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा, यानी फाईनेंसिंग के बारे में भी बात की गई। यहाँ मौजूद लोगों ने चर्चा की कि किस प्रकार एनर्जी सर्विस कंपनी (एसको) मॉडल फाईनेंसिंग के लचीले विकल्प प्रदान कर सकता है, जिनमें ''पे-एज़-यू-गो'' और ''शेयर्ड सेविंग्स'' मॉडल आते हैं, जिनके द्वारा संस्थान एक बार में ज्यादा बड़ी लागत लगाए बिना ही एनर्जी-एफिशियंट टेक्नोलॉजी अपनाने में समर्थ बन सकते हैं।

डॉ. सतीश कुमार, प्रेसिडेंट एवं एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, श्वश्वश्व ने कहा, ''इस प्लेटफॉर्म ने जागरुकता बढ़ाने के साथ बाजारों का भी निर्माण किया है। जब खरीददारों को निर्माताओं से सीधे मिलकर समाधानों पर स्पष्टता मिलती है, तब बिजली की बचत केवल नीतिगत स्वरूप में न रहकर एक व्यवहारिक और लागू किया जा सकने वाला लक्ष्य बन जाता है।''

नेहा ढींगरा, डायरेक्टर, ष्टरुस्क्क ने कहा, ''मांग का एग्रीगेशन किफायती और एनर्जी एफिशियंट उपकरणों को बड़े स्तर पर अपनाने में तेजी लाने का एक प्रमाणित टूल है। चढ़ते तापमान और कूलिंग की मांग तेजी से बढ़ने के साथ संस्थागत खरीददारों और एफिशियंट कूलिंग टेक्नोलॉजी के आपूर्तिकर्ताओं को एक साथ लाने का यह अभियान बाजार में महत्वपूर्ण तेजी ला सकता है।''

# सैमसंग ने भारत में पहली बार ग्लासेस-फ्री 3D और 4k 240H5 OLED ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स लॉन्च किए

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स के 2025 लाइन-अप की उपलब्धता की घोषणा की। इसमें क्रांतिकारी ग्लासेस-फ्री ओडिसी 3D, उद्योग का पहला 4k 240H5 ओडिसी ओएलईडी G8, और बेहद शानदार कर्व्ड ओडिसी G9 शामिल हैं।

ये मॉनिटर गेमिंग को मजेदार और शानदार बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, साथ ही ये गेमर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो बेहतरीन विजुअल क्वॉलिटी चाहते हैं। नया 27 इंच का ओडिसी 3D G90XF मॉडल भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला है, क्योंकि ये बिना चश्मे के 3D गेमिंग का अनोखा अनुभव देता है।

27 इंच और 32 इंच के आकार में उपलब्ध, ओडिसी ओएलईडी G8 G81SF मॉडल दुनिया का पहला 4k ओएलईडी मॉनिटर है जिसने 240H5 रिफ्रेश रेट के साथ उद्योग में एक नया मानक स्थापित किया है। ओडिसी G9 G91F मॉडल 49 इंच के डुअल क्यूएचडी डिस्प्ले और 1000R कर्व्ड स्क्रीन के साथ एक बेजोड़ अल्ट्रा-वाइड अनुभव प्रदान करता है। यह 32:9 या 21:9 गेम खेलते समय उच्च-गुणवत्ता के विज़ुअल्स दिखाता है।

पुनीत सेठी, वाइस प्रेसिडेंट, एंटरप्राइज़ बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में, हमारा लक्ष्य है कि सबसे आधुनिक डिस्प्ले टेक्नोलॉजी को सभी के लिए आसान बनाया जाए और भारतीय ग्राहकों को दुनिया की बेहतरीन तकनीक दी जाए। ओडिसी 3D, ओडिसी ओएलईडी G8 और ओडिसी G9 मॉनिटर्स की पेशकश के साथ, हम न सिर्फ दुनिया की पहली तकनीक को भारत ला रहे हैं, बल्कि गेमर्स के लिए मजेदार अनुभव, तेज स्पीड और शानदार विज़ुअल क्वॉलिटी को भी नए स्तर तक पहुंचा रहे हैं।

# लखनऊ में सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स 2025 का भव्य आयोजन

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा की जगमगाती दुनिया के सितारों और पर्दे के पीछे के कलाकारों को सम्मानित करने के लिए सरस सलिल के छठें भोजपुरी सिने अवॉर्डस 2025 का भव्य आयोजन राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। सभी लोगों के लिए यह एक यादगार शाम रही, जहां भोजपुरी फिल्म स्टार्स, मेकर्स और क्रू सभी ने इंडस्ट्री में अपने अद्भुत योगदान का जश्न मनाया।

फिल्म फसल के लिए बेस्ट एक्टर (पुरुष) अवॉर्ड दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के नाम रहा । फिल्म बड़की दीदी के लिए अंजना सिंह को बेस्ट एक्ट्रैस का खिताब दिया गया।वहीं फिल्म हिंदुस्तानी के लिए विजय कुमार यादव और फिल्म सूर्यवंशम के लिए निशांत उज्जवल बेस्ट फिल्म का अवार्ड को दिया गया। रजनीश मिश्र को फिल्म सूर्यवंशम के लिए बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार मिला। इन पुरस्कारों का स्वागत जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस साल की फिल्मों के पीछे की कहानियों और प्रतिभा की सच्ची सराहना के साथ किया गया।



इस अवार्ड नाइट के दौरान केवल विजेताओं ने ही ध्यान आकर्षित नहीं किया। बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश; संदीप बंसल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य; प्रभुनाथ राय, सदस्य, अखिल भारतीय भोजपुरी समाज; मुकेश बहादुर सिंह, अध्यक्ष, इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स, लखनऊ; पवन सिंह चौहान, अध्यक्ष, एसआर ग्रुप ऑफ एजुकेशन और सदस्य, विधानसभा परिषद; राजेश राय, सदस्य सूचना विभाग; सुरिंदर सिंह राजपूत, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कांग्रेस; और श्रीमती अनीता सहगल, एंकर और अभिनेत्री ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम स्थल की शोभा बढ़ाई।

भोजपुरी सिने अवार्ड की बात जो सबसे अलग थी, वह थी काम पर ध्यान केंद्रित करना, खासकर बैकस्टेज काम जिस पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता। एडिटर्स, सेट डिजाइनर्स, लाइटिंग क्रू, लेखकों और बैकग्राउंड स्कोर कलाकारों को भी मंच पर वास्तविक सराहना मिली। इस साल के पुरस्कारों में 50 से ज़्यादा श्रेणियां शामिल थीं, जिनमें एक्टिंग, डायरेक्टिंग, राइटिंग, म्यूजिक, प्रोडक्शन डिज़ाइन, एडिटिंग और कई अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य पुरस्कारों के अलावा, विशेष सम्मान भी प्रदान किए गए।

जिसमें लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवार्ड विजय खरे को दिया गया, जिनका भोजपुरी सिनेमा पर दशकों तक प्रभाव रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, दिल्ली प्रेस के एडिटर इन चीफ और पब्लिशर परेश नाथ ने कहा, हमें भोजपुरी सिनेमा को इतना बेहतरीन बनाने वाले लोगों को सम्मानित करने पर गर्व है।

## डिप्टी सीएम केशव मौर्या का कुशीनगर में भ्रमण कार्यक्रम आज


कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते एसपी

अवधनामा ब्यूरो

- पडरौना में मूर्तियों का करेंगे अनावरण

**कुशीनगर।** उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य का आज जनपद कुशीनगर में भ्रमण एवं निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस मौके पर श्री मौर्य पडरौना में कई मूर्तियों का अनावरण भी करनेगे। प्राप्त कार्यक्रम के अंतर्गत 11:30 बजे भारतीय इण्टर कॉलेज, बेलवा चुंगी, पडरौना में स्व. उमाशंकर कुशवाहा एवं श्रीमती बन्नी देवी के मूर्तियों के अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें, तत्पश्चात समय 12:35 बजे कोतवाली के सामने जूनियर हाईस्कूल के मैदान में प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें। इसके बाद उप मुख्यमंत्री समय 01:40 बजे सर्किट हाउस कुशीनगर में पार्टी पदाधिकारियों/ जन प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे तदोपरान्त विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा विकासशील एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने तैयारियों का जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# दुष्कर्म के घटना को लेकर लोगों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

- महराजगंज तहसील का अधिवक्ता समाज पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मुखर होकर सड़कों पर
- कस्बे के मुख्य मार्गों पर घूम-घूम कर विद्यालय प्रबंधक मुर्दाबाद और आरोपियों को फांसी दो के नारे लगाएं



**महराजगंज, रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत थुलवांसा गांव में संचालित ज्ञान विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा तीन की 11 वर्षीया छात्रा के साथ विद्यालय के ही बस ड्राइवर द्वारा किया गया दुष्कर्म के मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। घटना को लेकर अधिवक्ता समाज के लोग भी मुखर होकर सामने आ गए हैं।

आज शुक्रवार को सुबह लगभग 11 महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज और तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से आरोपियों को फांसी दो और प्रबंधक के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग के साथ-साथ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कस्बे के मुख्य सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव को सौंपा। आपको बता दें कि, विगत दिनों रायबरेली के महराजगंज थाना क्षेत्र के थुलवांसा स्थित ज्ञान विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा 3 की छात्रा के साथ उसी के स्कूल के बस चालक द्वारा बस में ही दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। इसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर आनन-फानन आरोपी को पड़कर जेल भेज दिया था। किंतु विद्यालय प्रबंधक समेत प्रबंधतंत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। घटना के दिन से ही बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर क्षेत्र में स्थित तनावपूर्ण बनी हुई है, घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। आज शुक्रवार को महराजगंज तहसील का अधिवक्ता समाज पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मुखर होकर सड़कों पर उतर आया और तहसील परिसर समेत महराजगंज कस्बे के मुख्य मार्गों पर घूम-घूम कर विद्यालय प्रबंधक मुर्दाबाद और आरोपियों को फांसी दो के नारे लगाएं। कक्षा तीन की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर अधिवक्ता समाज ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को देकर कहा है कि, ज्ञान विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा तीन की 11 वर्षीया छात्रा के साथ विद्यालय के ही बस ड्राइवर द्वारा बस के अंदर ही दुष्कर्म किया गया है। उक्त बस चालक की पूर्व में भी ऐसी शिकायतें होना बताया जाता है। अधिवक्ता समाज के लोगों ने कहा कि, बस चालक के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन भी इस घटना का जिम्मेदार है। महराजगंज बार एसोसिएशन ने मांग करी है कि, ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ अन्य विद्यालयों में भी चल रहे वाहनों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सुदृढ़ कराई जाए एवं दोषी स्कूल प्रबंधतंत्र के खिलाफ कठोर कार्यवाही करी जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि, यदि शीघ्र ही छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर कठोर कदम न उठाए गए तो अधिवक्ता संघ बड़े आंदोलन को बाध्य होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। साथ ही अधिवक्ता समाज के लोगों ने यह भी मांग करी है कि, बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी बस चालक को फांसी की सजा दिलाए जाने के लिए सरकार विशेष पैरवी करने के लिए निर्देशित करें।

## स्क्रैप लदे पकड़े गए ट्रकों के खिलाफ मुदकमा दर्ज

**तरयासुजान, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नेशनल हाइवे के रास्ते बिहार से पंजाब जा रहे स्क्रैप एवं सरिया लदे 12 ट्रकों के खिलाफ जीएसटी टीम के तहरीर पर तरया सुजान पुलिस ने शुक्रवार को राजस्व चोरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि तीन दिन पूर्व बुधवार को तरया सुजान थानाक्षेत्र के सलेमगढ़ टोल प्लाजा के समीप पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज अमित सक्सेना की अगुवाई में तमकुहीराज एवं तरया सुजान पुलिस ने 11 स्क्रैप एवं एक सरिया लदे कुल 12 ट्रक को कब्जे में लिया था। जबकि इस कारवाई के दौरान तमाम ट्रक चालक हाइवे किनारे संचालित ढाबे एवं पेट्रोल पंप पर अपनी ट्रक लगाकर मौके से फरार हो गए थे। जांच पड़ताल में कब्जे में लिए गए सभी ट्रकों के चालक ट्रक पर लदे स्क्रैप एवं सरिया का कोई वैध कागज प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। लगभग 36 घंटे बाद संयुक्त आयुक्त गोरखपुर संभाग के निर्देश पर जीएसटी एवं सेल टैक्स के इन जिम्मेदार अधिकारियो ने तरया सुजान पुलिस को बरामद ट्रकों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया। जिसके बाद तरया सुजान पुलिस ने सरिया एवं स्क्रैप लदे इन सभी ट्रकों के खिलाफ 318 (4) बीएनएस धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में सीओ अमित सक्सेना ने बताया कि मामले में आवश्यक कारवाई की जा रही है।

## शासन ने लोक निर्माण विभाग से मांगे प्रस्ताव

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन ने लोक निर्माण विभाग से सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण और निर्माण के प्रस्ताव फिर से मांगे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भेजे गए अधिकांश प्रस्ताव अभी तक लम्बित हैं। धनावंटन नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय और निर्माण खंड के कार्यालय शुक्रवार को देर शाम तक खुले रहे। कर्मचारियों ने देर तक काम किया, फिर भी काम पूरा नहीं हो पाया है। अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार और इंजीनियर रमेश चंद्र ने पुनः प्रस्ताव और कार्ययोजनाएं तैयार करने के लिए देर शाम तक आफिस में काम किया।



## 20 दिन से लापता व्यक्ति का गंडक नदी में मिला लाश

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** करीब बीस दिन पूर्व लापता एक व्यक्ति का शव कसया थाना क्षेत्र के भैंसहा हेतिमपुर छोटी गंडक नदी में शुक्रवार को तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान बुद्धिराम उर्फ गुड्डू पुत्र रामवृक्ष निवासी चरियाव बुजुर्ग थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया के रूप में हुई। बता दें कि कसया थाना क्षेत्र के भैंसहा हेतिमपुर छोटी गंडक नदी में शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक लाश बहते देखा जिसके बाद हड़कंप मच गया। लोगों भी भींड इकट्ठा हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, मौके से पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। देखने से शव सड़ा हुआ प्रतीत हो रहा था। बताया जा रहा कि चरियाव बुजुर्ग थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया निवासी बुद्धिराम पुत्र रामवृक्ष उम्र 35 वर्ष करीब 20 दिन से लापता था जिसका शव आज नदी में तैरता मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज परिजन को सूचना दिए। परिजन हत्या की आशंका जाता रहे है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी किया

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बरौलिया,मानमतीपुर और कौहार सम्पर्क मार्गों के निर्माण में कार्यदाई संस्था ने घोर लापरवाही की है। अधिशासी अभियंता की ओर से किए गए निरीक्षण में उल्लिखित कमियां दूर करने के बजाय कार्यदाई संस्था ने जानबूझकर ध्यान नहीं दिया। जन शिकायत मिलने पर अधिशासी अभियंता ने अवर अभियंता को मौके पर भेजकर निरीक्षण कराया। अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने कार्यदाई संस्था मेसर्स बंशल हाईवे इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड को नोटिस जारी की है और स्पष्टीकरण न मिलने पर कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है।

## आयोजित हुआ आशीर्वाद और सम्मान समारोह

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को भेंटुआ के घाटमपुर प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान आशीर्वाद और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि शिक्षा का महत्त्व बहुत अधिक है, क्योंकि यह हमें ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, और समाज में एक सकारात्मक भूमिका निभाने में मदद करती है। शिक्षा हमारी वह संपदा है जिसे कोई छीन और चुरा नहीं सकता है। किताबों के पन्नों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह सोचने, समझने और आगे बढ़ने की कला सिखाती है। यह हमें सही और गलत की पहचान कराती है और आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती है। यही कारण है कि शिक्षा को भोजन, पानी और हवा की तरह ही जीवन का आधार माना जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मैं तीन बच्चों की जिम्मेदारी लें रहा हू जो बच्चे पांचवी क्लास अच्छे अंक पास से पास करगे उनकी आगे की शिक्षा में जैसे (ड्रेस .कॉपी. बैग ) के लिए उनकी तरफ से 5000 हजार रूपए की मदद दी जाएगी।

## प्रवासी पदाधिकारियों की निगरानी में शुरू हुआ है भाजपा का गांव चलो अभियान

**अमेठी/गौरीगंज।** भाजपा का चलों अभियान 273 शक्तिकेन्द्रों व 1551 बूथों पर चलेगा।273 शक्तिकेन्द्रों पर प्रवासी के रूप में पार्टी पदाधिकारियों, पूर्व जिला अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी दी कि इस अभियान में बूथ समिति व पन्ना प्रमुख की बैठकें होगी। मन्दिर, अस्पताल, स्कूल एवं सेवा बस्ती में स्वच्छता अभियान भी चल रहा है।10 लाभार्थियों से मिलने के साथ कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करेंगे। भाजपा ध्वज लेकर गलियों में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ वरिष्ठ लोगों, सेनानी व कारसेवकों का सम्मान और शाम को चौपाल आयोजित होंगी।पार्टी ने 273 शक्तिकेन्द्रों पर प्रवासी बना कर जिम्मेदारी सौंपा है। प्रवासी कार्यकर्ता अपने निर्धारित शक्तिकेन्द्रों पर 8 घंटे प्रवास कर अभियान को सफल बनाएंगे।

# प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में शारदा संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज,रायबरेली।** प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी महराजगंज श्री राम मिलन यादव जी द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए ।प्रत्येक कक्षा से प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मुख्य अथिति द्वारा प्रगति पत्र, मेडल एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया साथी ही ऐसे बच्चों के अभिभावकों को भी विद्यालय स्तर से प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनको सम्मानित किया गया ।सत्र 2024-25 में विद्यालय को निपुण विद्यालय के रूप में स्थापित करने के लिए आदरणीय बीईओ सर द्वारा विद्यालय स्टाफ की सराहना की गई एवं अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की गई।

कार्यक्रम में विद्यालय की स.अ.अनीता मौर्या एवं शिक्षा मित्र रविशंकर जी का भी उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए उनको सम्मानित किया गया ।मंच का संचालन संजय कनौजिया द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कनौजिया के द्वारा आयोजित किया गया।उन्होंने कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय में पधारे समस्त अभिभावकों एवं अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्स्ष्ट अध्यक्ष राजू, शिक्षक संकुल, दिलीप अवस्थी जी, दिव्य प्रताप पूर्व प्रधान बृजेश, रामकुमार, कमलेश शुक्ला, दिनेश रावत, आशीष मौर्या सहित समस्त अभिभावक गण मौजूद रहे।

## कम्पोजित विद्यालय भादर प्रथम में मनाई गई महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती

**अमेठी/भादर अवधनामा संवाददाता।** कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती मनाई गई। शिक्षकों और बच्चों ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन दर्शन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुलाम भारत में शिक्षा की ज्योति महात्मा फुले ने जलाई थी। उन्होंने 1जनवरी1848को बालिकाओं के लिए पहला स्कूल खोला और अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षिका नियुक्त किया।फूले दम्पति ने सामाजिक भेदभाव और जातीय उत्पीड़न के विरुद्ध जीवन भर लड़ाई लड़ी और सत्यशोधक समाज की स्थापना कर सामाजिक बुराईयों को समूल नष्ट करने का संदेश दिया। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर उन्हें अपना गुरु मानते थे। गुलामगीरी और किसान का कोड़ा उनकी प्रसिद्ध पुस्तकें हैं। अवनीश वर्मा, विजय प्रताप, गणेश प्रसाद शर्मा, शिवकरन गुप्ता, संध्या गुप्ता कौशलेंद्र सिंह, लालती देवी,रिपु मौर्य, सीता, धनपती, निर्मला, बलवीर आदि मौजूद रहे।



## पोषण पखवाड़ा: निकाली गई जन-जागरूकता रैली



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कुपोषण का प्रबंधन कर स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पोषण पखवाड़े के चौथे दिन शुक्रवार को पोषण रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी निशा अनंत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा प्रतिभाग करते हुये तख्ती स्लोगन, पोषण नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरुक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र सरकार ने पोषण अभियान कार्यक्रम के तहत सातवां पोषण पखवाड़ा लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और समाज के संवेदनशील वर्गों के लिए पोषण के परिणामों में सुधार लाना है। यह अभियान 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलेगा और इसमें विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, कुपोषण का प्रबंधन करना और पोषण ट्रैकर के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

# रेलवे ट्रैक क्रॉस करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** गोरखपुर से रक्सौल जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन से रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए युवक का ट्रेन की चपेट में आने से मौत गई। घटना खड्डा रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर बंजारी पट्टी में बने अंडरपास के पास खंभा संख्या 318/2 के पास हुआ। युवक की पहचान इमाम हसन पुत्र नवी रसूल अंसारी निवासी शिवदत्त छपरा थाना खड्डा के रूप में हुई। परिजन के अनुसार युवक अपने घर से कमाने के लिए निकाला था जो खड्डा स्टेशन से ट्रेन पड़कर बाहर जाने वाला था युवा किसी कारणवश स्टेशन से 200 मीटर दूर बंजारी पट्टी अंडरपास के तरफ चला गया जहां रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन से उसकी मृत्यु हो गई। परिजन का कहना है कि वह बाहर जाने के लिए घर से निकला था युवक ट्रेन के लोको पायलट ने तुरंत घटना की जानकारी खड्डा थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक के पास से ब्राउन कलर का रियल मी मोबाइल फोन बरामद हुआ है, लेकिन कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला है। युवक ने हल्के नीले रंग की जींस और काले रंग की हाफ टी-शर्ट पहन रखी थी। उसके दाहिने हाथ की एक उंगली में अंगूठी भी थी।

# एसडीएम के नेतृत्व में नपं मथौली में आवास के पात्रता की हुई जांच


मथौली में पीएम आवास की जांच करते एसडीएम

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सरकार के मंशानुआर नगर पंचायतों में पीएम शहरी आवास योजना का लाभ पात्रता व्यक्ति को मिले, इस गरज से एसडीएम हाटा ने मथौली नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में आवास की पात्रता जांच कर चिन्हित किया। बता दें कि नगर पंचायत मथौली में लगभग 3 हजार से ज्यादा आवास का आवेदन हुआ है, इसमें विधवा, विकलांग भी शामिल है। आवेदन के आधार पर कितने लोग पात्र है, कितने अपात्र है इसकी जांच उप जिलाधिकारी हाटा योगेश्वर सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार नरेंद्र राम, नायब तहसीलदार सुनील सिंह सहित राजस्व टीम ने नगर के वार्ड नंबर 13, वार्ड नंबर 4, वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 6 व वार्ड नंबर 9 में पात्र व अपात्र व्यक्तियों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार के मंशानुसार नगरों में एक भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी किए लिस्ट के अनुसार घरङ्घर जाकर पात्रता की जांच की जा रही है। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान जो भी अपात्र मिल रहे उन्हें चिन्हित किया जा रहा है, पात्र व्यक्ति को ही आवास का लाभ मिलेगा। उन्होंने ने बताया कि पूर्व में बने आवासों का सत्यापन भी किया जा रहा है। इसमें भी अपात्र व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। ऐसे लोग जो गुमराह कर आवास का लाभ ले लिए है उनसे धन की रिकवरी कराई जाएगी।

## बिचौलियों को समाप्त किया सरकार ने : पवन मिश्र

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** यूपी की भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बरहज विधानसभा के बहोर में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित कर सरकार की योजनाओं का लाभ पाए लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है, यहाँ बड़ी संख्या में लोग खेती - किसानी और इससे जुड़े कारोबार में लगे हुए है। यूपी सरकार किसानों का विशेष ध्यान रखते हुए ब्लाक स्तर पर कृषि कल्याण केंद्रों और क्रय केंद्र को विकसित कर रही है, जिससे किसान और बाजार के बीच के बिचौलियों का खात्मा हुआ है और किसानों को उनकी फसलो का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने कहा की पिछले 8 वर्षों में सरकार के प्रयास से उत्तरप्रदेश का किसान खुशहाल हुआ है और उसकी आय दुगुनी हुई है। इस अवसर पर डॉ विनोद पाण्डेय, गिरीजेश सिंह, सुमन्त चतुर्वेदी, प्रदीप तिवारी, अशोक शर्मा, राकेश कुमार उपस्थित रहे।



## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली।** भदोखर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायित अभिरक्षा में जेल भेज दिया। भदोखर थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी और उनकी टीम ने कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित को शुक्रवार को थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पुल से गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित छोटेलाल पुत्र सीताराम निवासी दिल्लीहार थाना मिलएरिया पर सदर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था।

## यूपी में हुआ विकास का कीर्तिमान स्थापित : अजय

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को घाटी मंडल के सरया सेक्टर में जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से संपर्क कर उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियां को साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने कहा कि 8 वर्ष के शासनकाल में योगी आदित्यनाथ की सरकार में उत्तर प्रदेश में विकास के कृतिमान स्थापित की है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बीते 8 वर्षों में 5.94 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है. पीएम किसान सम्मन निधि के तहत 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को 8000 करोड रुपए से अधिक की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है. भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह टुनटुन ने कहा कि सभी जनपदों में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना संचालित की जा रही है।



# होमियोपैथी के संस्थापक सैमुअल हैनीमैन की मनी जयंती



हैनीमैन के चित्र के साथ चिकित्सक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयुष होम्योपैथिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया कुशीनगर के तरफ से हैनीमैन जयंती का आयोजन पडरौना नगर में देर शाम को किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार सिंह जिला होम्योपैथिक अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले डॉ हैनीमैन के प्रतिमा पर माला पहनाकर दीप प्रज्वलित किया गया। डॉ अशोक कुमार सिंह जिला होम्योपैथिक अधिकारी को चिकित्सकों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ अरुण कुमार गौतम ने कहा कि डॉ क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन एक जर्मन चिकित्सक थे, जिन्हें होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का संस्थापक माना जाता है। हैनीमैन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी के मिसेन शहर में हुआ था। वे एक चीनी मिट्टी के बरतन चित्रकार के पुत्र थे। आयुष होम्योपैथिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया कुशीनगर के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से डॉ अरुण कुमार गौतम को जिला अध्यक्ष, डॉ दिलीप तुलस्यान को उपाध्यक्ष, सचिव डॉ वेदप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष राजाराम जायसवाल, सलाहकार डॉ धनंजय कुमार मिश्र को चुना गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ मृत्युंजय ओझा ने किया। इस अवसर पर डॉ पी एन राय, डॉ विनय राय, डॉ अंगद यादव, डॉ सागर कृष्ण मौर्य, डॉ दीपक गौड़, डॉ पिंकेश राय, डॉ वैभव गौतम, डॉ विजय गुप्ता, डॉ विनोद सिंह, डॉ यशवंत भट्ट, डॉ बी के राय, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ अनिल कुशवाहा, डॉ खुरशेद आलम, डॉ विनीत श्रीवास्तव, डॉ जुल्फकार, डॉ अमानुल्लह अंसारी, डॉ शिप्रा मिश्रा, डॉ अनुराधा कांति जायसवाल, डॉ पूजा मौर्या, डॉ मुकेश कुशवाहा, डॉ अनिल गौतम, डॉ दिनेश मोहन राय, डॉ एम बी अंसारी, सुनील मौर्य, मुकेश कुशवाहा, रितेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## नवागत सीएमओ ने कार्यभार ग्रहण किया

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर सीएमओ ऑफिस पहुंचकर शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ आर डी कुशवाहा, नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार गुप्ता, डॉ अवधेश कुशवाहा, डीपीएम आदि कर्मचारियों ने फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिसके बाद पद ग्रहण कराया गया। डॉ भास्कर इसके पहले वरिष्ठ परामर्शदाता जिला संयुक्त चिकित्सालय कासगंज में थे। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि सरकार के मंशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं का कहा मरीजों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे फर्जी अस्पतालों व झोलाछाप चिकित्सकों पर शिकंजा भी कसा जाएगा। सीएमओ का तल्ख तेवर देख लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** नेशनल हाईवे 28 पर शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा भड़कुलवा चौराहे पर हुआ, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। मृत युवक की पहचान अखिलेश यादव (20 वर्ष) पुत्र वासुदेव यादव निवासी वार्ड संख्या-14, लोहिया नगर, करमहा उग्रसेन, नगर पालिका परिषद हाटा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, अखिलेश अपने गांव की एक युवती के साथ आवश्यक दस्तावेज बनवाने कसया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि अखिलेश सड़क किनारे नाली में जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी गई और एंबुलेंस से सीएचसी हाटा भेजा गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची हाटा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों ने बताया कि अखिलेश कुछ दिन पूर्व ही बाहर से घर लौटा था। उसके पिता बाहर फर्नीचर का कार्य करते हैं और अखिलेश परिवार का इकलौता बेटा था। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।


मृतक अखिलेश की फाइल फोटो

## निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में सौंपा ज्ञापन



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा राधे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि एवं बताए गए दुकानों से किताब और यूनिफॉर्म की खरीद फरोख्त के खिलाफ राज्यपाल प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में नया सत्र का प्रारंभ हो चुका है। उत्तर प्रदेश के निजी स्कूल पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हो चुके हैं एवं विद्यालयों को उन्होंने लूट का तंत्र बना दिया है। वे न सिर्फ मनमानी फीस वृद्धि कर रहे हैं। बल्कि अपने बताए दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी निजी स्कूलों के इस निरंकुशता और शोषण की घोर निंदा करती है एवं मांग करती है कि इस लूट तंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलों हेतु फीस किताबें और यूनिफार्म के लिए एक न्याय उचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलंब बनाया जाय। ज्ञापन देने वालों में तारकेश्वर सिंह जयनारायण प्रसाद सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद तिवारी, मोहम्मद जहीरूद्दीन, अनिल यादव, साजिद अली, अरशद अली, पलटन यादव, आफताब आलम, नागेंद्र सिंह, मोहम्मद वारिस, जय सिंह, अविनाश गौड़, सिराज अंसारी, सुरेश चंद्र मिश्रा, शबनम खातून, सरोज गौतम, नदीम सरवर, सुरेश चंद्र मिश्र आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य इकाईयां उपलब्ध करायें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : अपर जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा की अध्यक्षता में जननी सुरक्षा, गोल्डन कार्ड एवं आयुष्मान भारत तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान आदि की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, बैठक मे समीक्षा करते हुए अपर जिला अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य इकाईयाँ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध करायें और जनपद की स्वास्थ्य रैंक को उच्च स्तर पर लेकर आयें।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए 48 घंटे के भीतर होने वाले लाभार्थी भुगतान को शत- प्रतिशत कराये जाने का निर्देश दिया समीक्षा में पाया गया कि ब्लॉक शिकोहाबाद में जननी सुरक्षा योजना का लाभार्थी भुगतान कम होने पर अधीक्षक को निर्देशित किया कि प्रतिदिन भुगतान व प्रसव की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राम बदन राम ने सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जननी सुरक्षा योजना के 10 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग के प्रमुखता वाले 25 बिंदुओं, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, आयुष्मान भारत योजना, गेरसंचारी रोग नियंत्रण सहित स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित चिकित्सकों से पूछा कितनी डिलीवरी हो रही है और इसमें इतने उतार चढ़ाव क्यों आ रहे हैं, उन्होंने अस्पताल



में डिलीवरी कम होने पर भी नाराजी व्यक्त की, उन्होंने जेएसएस भुगतान के बारे में भी जानकारी ली, उन्होंने कहा कि पुराने डाटा की समीक्षा मत करो, इसको अपडेट करो अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एका खैरागढ़, मदनपुर, धनपुरा सबसे कम भुगतान करने वाली आशाओं की इकाई रही है, उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा व आंगनबाड़ी आपकी जिम्मेदारी है, इसमें सुधार लाएं और भुगतान ज्यादा से ज्यादा कराये, इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि डीसीपीएम और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आशा आंगनबाड़ियों के भुगतान को देखे और कोई भी भुगतान लंबित न रहे, एका के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर और उनके कार्यों की स्थिति ठीक न होने पर उनका स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए, मदनपुर में आशाओं के भुगतान की स्थिति जानने पर अवगत कराया की वाउचर लेट हो गए हैं जिस कारण पेमेंट नहीं हो पाया है, जल्द से जल्द पेमेंट करा दिया जाएगा। बी एच एस एन सी में समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बजट जो मिल रहा है उसे यूटिलाइज करें, अगर आप बजट को यूटिलाइज नहीं करते हैं, तो यह एक्सेप्टेबल नहीं होगा एवं ये वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है, उन्होंने एका की 17: की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एवं बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टिकरण जारी करने के निर्देश दिए, अपर जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को प्रोग्राम वाइज ओवरऑल फंड यूटिलाइज के कम खर्च करने पर भी नाराजगी व्यक्त की, सीआरएस पोर्टल से जारी किए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में जसराना टूंडला प्रगति कम होने पर उनको चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में सुधार लाएं, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें, आयुष्मान मित्र के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर से धनपुरा, अरांव, खैरगढ़ की जानकारी लेने पर वहां की स्थिति सही नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी वजह से प्रोग्राम पीछे जा रहा है, एक हफ्ते में प्रगति सही नहीं पाई जाती है तो आप पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की मेडिकल कॉलेज के कार्य को भी मॉनिटरिंग करते रहें और थोड़ा सख्ती की जरूरत है, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डी0पी0 एम0 मोहम्मद आलम, डैम सौरभ जैन, डी0 सी0 पी0 एम0 रवि कुमार, प्रबल प्रताप आदि उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली से बचने की सलाह

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जनता को बिजली से बचने व बिजली चमकने पर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की सलाह देते हुए सचेत किया। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा ने जानकारी देते हुए कहा कि आकाशीय बिजली से बचने के लिए, बिजली चमकने या गरजने पर सुरक्षित स्थान पर रहें, खुले में न जाएं, धातु के संपर्क से बचें और बिजली से चलने वाले उपकरणों से दूर रहें, आकाशीय बिजली से बचने के लिए महत्वपूर्ण उपाय है, सुरक्षित स्थान पर रहें, बिजली चमकने या गरजने पर, किसी पक्के मकान या कार के अंदर रहें, खुले में न जाएं, खुले में न खड़े हों, खासकर पेड़ों या बिजली के खंभों के पास, धातु के संपर्क से बचें, धातु के पाइप, नल, फव्वारे, वाश बेसिन आदि से दूर रहें, बिजली से चलने वाले उपकरणों से दूर रहें, बिजली से चलने वाले उपकरणों का उपयोग न करें, जैसे कि तार वाले टेलीफोन, मोबाइल फोन का उपयोग न करें, बिजली चमकने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें, पानी के पास न जाएं, पानी के पास या तैराकी के दौरान बिजली गिरने का खतरा अधिक होता है, इसलिए तुरंत बाहर निकलें, घर से बाहर निकलने से पहले मौसम की जाँच करें, यदि आप घर से बाहर जाने की योजना बना रहे हैं, तो पहले मौसम की जाँच करें और यदि बिजली चमकने या गरजने की संभावना है, तो अपनी यात्रा को टाल दें, बिजली गिरने के बाद भी सावधानी बरतें, बिजली गिरने के बाद भी कुछ समय तक सावधानी बरतें, क्योंकि बिजली गिरने का खतरा अभी भी बना रह सकता है, जंगल में रहने पर, यदि आप जंगल में हैं, तो छोटे एवं घने पेड़ों की शरण में चले जाएँ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- बेलगडी
## वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बेलगडी विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 15-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बेलगडी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बेलगडी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बेलगडी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बेलगडी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- मो. असहर**
**ग्रा.पं. बेलगडी**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-कृष्ण कुमार शुक्ला**
**ग्रा.पं. बेलगडी**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- टीकुर
## वि.खं. खेसरहा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत टीकुर विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 14-04-025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत टीकुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत टीकुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत टीकुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत टीकुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-अख्तर हुसैन**
**ग्रा.पं. टीकुर**
**वि.खं. खेसरहा**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-संदीप सिंह**
**ग्रा.पं. टीकुर**
**वि.खं. खेसरहा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कोटिया पांडे
## वि.खं. खेसरहा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कोटिया पांडे विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 23-04-025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कोटिया पांडे के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कोटिया पांडे के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कोटिया पांडे कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कोटिया पांडे के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-श्रीमती दुलारी देवी**
**ग्रा.पं. कोटिया पांडे**
**वि.खं. खेसरहा**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-संदीप सिंह**
**ग्रा.पं. कोटिया पांडे**
**वि.खं. खेसरहा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कपियवा
## वि.खं. खेसरहा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कपियवा विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 21-04-025 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कपियवा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कपियवा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कपियवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कपियवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सुनिल**
**ग्रा.पं. कपियवा**
**वि.खं. खेसरहा**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-शुभम मणि त्रिपाठी**
**ग्रा.पं. कपियवा**
**वि.खं. खेसरहा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- सूपा
## वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सूपा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 05-04-025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत सूपा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सूपा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सूपा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत सूपा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-कुलदीप पासवान**
**ग्रा.पं. सूपा**
**वि.खं. बांसी**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-महमूद अली**
**ग्रा.पं. सूपा**
**वि.खं. बांसी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- भगौतापुर उत्तरी
## वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत भगौतापुर उत्तरी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 07-04-025 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत भगौता पुर उत्तरी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भगौता पुर उत्तरी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत भगौता पुर उत्तरी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत भगौता पुर उत्तरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-प्रियंका**
**ग्रा.पं. भगौतापुर उत्तरी**
**वि.खं. बांसी**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-महमूद अली**
**ग्रा.पं. भगौतापुर उत्तरी**
**वि.खं. बांसी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- तारागुजरौलिया
## वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तारागुजरौलिया विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 08-04-025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत तारागुजरौलिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत तारागुजरौलिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत तारागुजरौलिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत तारागुजरौलिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-मैनावती**
**ग्रा.पं. तारागुजरौलिया**
**वि.खं. बांसी**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-महमूद अली**
**ग्रा.पं. तारागुजरौलिया**
**वि.खं. बांसी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- धमौरा
## वि.खं. खेसरहा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 11.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत धमौरा विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 21-04-025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत धमौरा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत धमौरा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत धमौरा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत धमौरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-वेद प्रकाश मिश्रा मिश्र**
**ग्रा.पं. धमौरा**
**वि.खं. खेसरहा**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-शुभम मणि त्रिपाठी**
**ग्रा.पं. धमौरा**
**वि.खं. खेसरहा**

# महंगाई व निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिला यूथ कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा।** जिला यूथ कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विवेक चन्द्र के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों और निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मौदहा को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि देश और विदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए जीवनयापन को बेहद मुश्किल बना दिया है। पहले से ही ये कीमतें आसमान छू रही थीं, लेकिन अब सरकार की नीतियों ने इसे और भी असहनीय बना दिया है। इससे गरीब किसान, मजदूर और आम नागरिकों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा, निजी स्कूलों द्वारा बच्चों से ली जा रही मनमानी फीस का मुद्दा भी उठाया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि निजी स्कूल गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। फीस के नाम पर हो रही इस लूट से गरीब और किसान परिवारों के बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

जिला यूथ कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल अंकुश लगाया जाए और निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। साथ ही, गरीब बच्चों को मुफ्त और सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।इस अवसर पर विवेक चन्द्र ने कहा, ÷हम सरकार से मांग करते हैं कि वह आम जनता की पीड़ा को समझे और महंगाई पर नियंत्रण के साथ-साथ शिक्षा को सबके लिए सस्ता और सुलभ बनाए। निजी स्कूलों की लूट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज किया।

# टैक्टर से कुचलकर बच्ची की मौत

**मुस्करा हमीरपुर।** ढाई वर्ष की मासूम बच्ची ट्रैक्टर से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई। वहीं ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और कार्रवाई शुरू कर दी। कस्बा थाना क्षेत्र की ग्राम गुंदेला निवासी महिपाल पुत्र गंगू सेन ने पुलिस को लिखित में बताया कि आज शुक्रवार समय करीब ढाई बजे दिन में नातिन वैष्णवी ढाई वर्ष पुत्री प्रिंस सेन अपने दरवाजे पर खेल रही थी, कि तभी मेरे ही गांव का निवासी तेजू पुत्र रामसनेही यादव तेज रफ्तार व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए निकाला और मेरी नातिन के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिससे नातिन की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान लाखन सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए और कस्बा थाना पुलिस को मोबाइल फोन से सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंच गए और मासूम बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया।

# अज़रा खातून वेस्ट टीचर के अवार्ड से हुई सम्मानित

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** प्राथमिक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के तत्वावधान में बेसिक शिक्षा में परिवर्तन विषय पर हुई संगोष्ठी में नगर क्षेत्र की प्रधानाध्यापिका को वेस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य एवं निगरानी समिति शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक सरिता भदौरिया, बीएसए राजेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सर्वजीत भदौरिया ने वृंदावन गार्डन में आयोजित संगोष्ठी में प्राथमिक पाठशाला अहीरन टोला नगर क्षेत्र की प्रधानाध्यापिका अजरा खातून को वेस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली प्रधानाध्यापिका अजरा खातून पूर्व डिप्टी स्पीकर स्व.शेख नफीसुल हसन की नातिन और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग रिज़वान अहमद की पत्नी हैं। इसके अलावा प्राथमिक पाठशाला पुरविया टोला नगर क्षेत्र की प्रधानाध्यापिका सीमा वर्मा को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका अजरा खातून को वेस्ट टीचर का अवार्ड मिलने पर अध्यापकों, अध्यापिकाओं सहित सह जिला विद्यालय डा.मुकेश यादव, इस्लामिया कालेज के प्रबंधक मो.अल्ताफ, प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, संजय शर्मा, डा.कुश चतुर्वेदी, शावेज़ नक़वी, अवध किशोर बाजपेई, राजू तिवारी, राजेश मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ठड़ेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**सुमेरपुर।** कस्बे के ठड़ेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अरुण कक्षा से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम प्रदान किए गए तथा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखण्ड परमधाम के व्यवस्थापक स्वामी सत्य प्रकाश जी रहे। विद्यालय के प्रबंधक पुष्पराज सोनी, सुशील गुप्ता, प्रिंसिपल अनामिका गुप्ता, कल्याण सिंह, अमित कुमार और मंगली प्रसाद ने भी समारोह में भाग लिया। मुख्य अतिथि स्वामी सत्य प्रकाश जी ने बच्चों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधक पुष्पराज सोनी ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को सदैव परिश्रम करना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### डॉ.राजीव चौहान ने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण पर चर्चा की



**इटावा।** ईको क्लब के कार्यक्रमों के अंतर्गत विकास खंड बढ़पुरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला भवानीदास में प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ.राजीव चौहान ने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। हमें अपने ग्रह की रक्षा करने और इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए काम करना होगा। उन्होंने तेंदुआ लकड़बग्घा और सियार के प्राकृतिक आवास एवं व्यवहार के विषय में विस्तृत जानकारी दी जिस से मानव और जंतुओं के बीच संघर्ष न हो। कार्यक्रम में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे ताकि वायु प्रदूषण को कम किया जा सके और ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाई जा सके। जल की बचत करनी होगी और इसका सही तरीके से उपयोग करना हो गा तथा अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक मुनेश भदौरिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### पांच हजार लीटर पानी टंकी का सदर प्रमुख ने किया लोकार्पण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** विधानसभा रॉबर्ट्सगंज ग्राम पंचायत बछोघा पानी की समस्या से जुझ रहे है आम जनमानस को विकासखंड के रावटसगंज के सदर ब्लाक प्रमुख भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत द्वारा बोरिंग सहित 5000 लीटर का पानी टंकी का उद्घाटन करते हुए ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत द्वारा किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि आम जनमानस को इस भीषण गर्मी में जल पिलाने का काम किया जो आम जनमानस द्वारा सराहना और आशीर्वाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पूज्य बाबा योगी आदित्यनाथ को दिया आम जनमानस ने कहा वर्षो से पानी की समस्या को दूर करने का काम बीजेपी के नेता अजीत रावत ने किया। इस लोकार्पण उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह, पूर्व सभासद राजन गुप्ता, का पूजा सवाल आलोक रावत विजय बहादुर राधेश्याम संगम लाल मंगल मोदनवाल किशन मोदनवाल छविंदर गुप्ता अमरनाथ भारती रिशु कुमार राजेश कुमार चौरसिया आदि लोग उपस्थित है।

### मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए पर्यावरण, सामाजिक और शासन( ईएसजी) पर हुई कार्यशाला



**इटावा।** यूपीएसआईसी, यूपीकॉन एवं जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ईएसजी कार्यशाला में उद्यमियों को दी गई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को अपग्रेड, स्केल अप और डिजिटाइजेशन करने एवं सरकारी योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी। जनपद में यूपीएसआईसी, यूपीकॉन एवं जिला उद्योग केंद्र द्वारा शुक्रवार को जनपद के नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में पर्यावरण, सामाजिक और शासन(ईएसजी) विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रेसिंग एंड अक्सिलरेटिंग एम0एस0एम0ई0 परफॉरमेंस( रॅप )की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि यह योजना विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम0एस0एम0ई0 )के प्रदर्शन में सुधार करना है। यह योजना प्रधानमंत्री जी द्वारा अनुमोदित एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित है। रैंप योजना के कई अन्य उद्देश्य हैं, जिनमें एम0एस0एम0ई0के लिए बाजार और ऋण उपलब्धता में सहायता, केंद्रीय और राज्य स्तर पर संस्थानों और शासन को मजबूत करना, केंद्र-राज्य संबंधों और साझेदारी में सुधार, विलंबित भुगतान के मुद्दों का समाधान इत्यादि शामिल हैं।

# बाल कुपोषण और मृत्यु दर पर आयोजित हुआ क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोनभद्र नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने शुक्रवार को बाल कुपोषण और मृत्यु दर में कमी विषय पर एकदिवसीय क्षमता निर्माण सत्र का आयोजन किया। यह सत्र एनसीएल के सीईटीआई स्थित मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक(कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, सिंगरौली के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रतिनिधिगण , मुख्यालय एवं विभिन्न परियोजनाओं से सामुदायिक विकास के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विशेष तौर पर आमंत्रित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सीटीएआरए), आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर डॉ सतीश बी. अग्निहोत्री ने व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल ने सिंगरौली की भौगोलिक व जननांकीय स्थित के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाज के समावेशी विकास के लिए एनसीएल सीएसआर की जिम्मेदारियों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होने विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक आंकड़ों व संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रखकर हेल्थ फॉर ऑल हेतु कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही नई तकनीक व सामाजिक नवाचार के माध्यम से समाज को नव आयाम देने हेतु प्रेरित किया।

# गाड़ी में गाना बजाने के विवाद में इलाज दौरान हुई मौत से पुलिस ने हत्या की बढ़ाई धारा

**आरोपियों को कुरारा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के भटपुरा जलाला गांव में मंगलवार की रात बोलोरो गाड़ी में दररवाजे पर गाना बजाने के विवाद में दो पक्षों में लाठी डंडे कुलाहड़ी से मारपीट हुई थी। जिसमे घायल हुए तीन लोगो का कानपुर में उपचार चल रहा था जिसमे एक घायल युवक की मौत हो गई है। जिसमे पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा बढ़ाकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। क्षेत्र के भटपुरा जलाला गांव में मंगलवार की रात आठ बजे अपनी बोलोरो गाड़ी में गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई थी। जिसमे पुलिस ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला करने का मुकदमा बुधवार की रात में दर्ज किया था। गुरुवार को सुबह तीन बजे गंभीर रूप से घायल शिवम पुत्र राम बाबू की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिससे परिजनों में शोक व्याप्त है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या करने की धारा बढ़ाई है। जिसमे आरोपी कल्लू पुत्र होरीलाल, पंकज पुत्र कल्लू, कजलपुत्री कल्लू, राम अवतार पुत्र बलीराम, बबलू पुत्र शंकर,आशा पत्नी बबलू,विजय कुमारी पत्नी हरिकिशन, रानी पत्नी कल्लू तथा कस्बा कुरारा के वार्ड 9 निवासी छंगा पुत्र अज्ञात, व बाल अपराधी अभिषेक पुत्र अनिल, सनी पुत्र कल्लू निवासी भटपुरा जलाला को पुलिस ने गिरफ्तारकर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने इनके पास से हत्या में प्रयुक्त दो कुल्हाड़ी, एक फरसा,एक लोहे का पाइप तथा तीन लाठी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव, उपनिरीक्षक रिंकू तिवारी, कांस्टेबल शिवम कुमार, विजय कुमार,यतींद्र कुमार रहे। सभी आरोपियों को पुलिस के बज्र वाहन से थाने से ले जाया गया है।

# अनपरा प्रो वॉलीबॉल लीग संस्करण -7 का उद्घाटन

**सोनभद्र/अनपरा।** जिसमे मुख्य अतिथि इं निखिल चतुर्वेदी (महाप्रबंधक प्रशासन) इं विजय बहादुर (महाप्रबंधक द ताप) सम्मानित अतिथि इं गजेंद्र सिंह,इं. एस. पी. यादव, इं कर्मेन्द्र सिंह, इं महेन्द्र सिंह,डा. आर. एन. बरनवाल प्रतियोगिता के अध्यक्ष इं. उत्पल शंकर,उपाध्यक्ष इं. पीयूष राय सचिव इं श्री दिनेश त्रिपाठी, ,इं धर्मेंद्र यादव,सभी की उपस्थिति मे हुआ द्य इस प्रतियोगिता मे अनपरा, डिबूलगंज, बीना, बीजपुर, शक्तिनगर, खड़िया ककरी, रेणुसागर,और आस पास के वॉलीबॉल खिलाडियो को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है द्य ये प्रतियोगिता सुरेश चंद्र मिश्र (सचिव सोनभद्र वॉलीबाल संघ) कि एक योजना के तहत स्पोर्टिंग क्लब अनपरा द्वारा 6वर्षो से कराया जा रहा है द्य जिसमे नए खिलाडियो को भी अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलद्य इस प्रतियोगिता मे इं धीरेन्द्र चौबे (मालिक टीम स्पाइकर्स), इं अनिरुद्ध सिंह (मालिक टीम ब्लॉकर्स) की भूमिका निभा के इन बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

# एसएमजीआई के छात्रों ने किया सीडीआरआई, लखनऊ का भ्रमण

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** एसएमजीआई के बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट, (सीडीआरआई )लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण किया। एसएमजीआई के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों को सीडीआरआई लखनऊ के सेमिनार हॉल में सीडीआरआई कैंपस और उसकी वर्किंग यूनिट्स को वीडियो द्वारा विस्तार से दिखाया गया। सीडीआरआई के एकेडमिक अफेयर यूनिट के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डा.संजीव यादव एवं टाक्सिकोलॉजी की सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट डा. सारिका सिंह ने पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। जिसमें छात्रों को सीडीआरआई की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बताया गया तथा यह भी बयाया गया कि शोध के क्षेत्र में जाकर आप किस प्रकार से अपना कैरियर वैज्ञानिक के रूप में भी बना सकते हैं। प्रेज़ेटेशन के दौरान छात्रों ने शोध के प्रति अपनी विशेष जिज्ञासा प्रदर्शित की। बी.फार्म चतुर्थ वर्ष के छात्र अमित कुमार ने सीडीआरआई संस्थान के प्रति अपने विचार भी प्रस्तुत किये जिसको सभी ने सराहा। तत्पश्चात सभी छात्रों को फार्मास्युटिक्स, फार्माकोलॉजी एवं फार्माकैमिस्ट्री लैबों का भ्रमण कराया गया जिसमें छात्रों को शोध के बारे में तथा उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में विभिन्न प्रकार के रसायन, उपकरणों का विवरण भी प्रशिक्षण सत्र में प्रदान किया गया। मैडिसिनल एवं प्रोसेस्ड कैमिस्ट्री के प्रिंसिपल साईटिस्ट डा.रनवीर सिंह ने छात्रों को डिस्टिलेशन एवं प्युरिफिकेशन के बारे में डेमो दिखाया तथा गन्ने से सीएमसी पालिमर को बनाने की प्रक्रिया भी दिखाई। सीआरआई के टैक्निकल असिस्टेंट नितिन तिवारी ने कैंपस में भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग किया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने सीडीआरआई की निदेशक डा.राधा रंगाराजन का विशेष आभार व्यक्त किया एवं इस शैक्षिक भ्रमण के लिये डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा तथा समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। भ्रमण का नेतृत्व डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने किया तथा विभागाध्यक्ष डा.रेहान उद्दीन, एसोसिएट प्रोफेसर श्वेता सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर दानिश खान एवं स्टाफ बृजेन्द्र ने छात्रों का कुशल मार्गदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण मैं कई नए शोध अनुभव भी प्राप्त किए।

# रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल महंगे होने पर यूथ कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**इटावा।** रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल पर अधिभार लगाने से जनता पर अप्रत्यक्ष बोझ पड़ने के सम्बंध में शौज़ब रिज़वी जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के मूल्यों में की गई 50 रुपये की बढ़ोत्तरी तथा पेट्रोल व डीजल पर 2 रुपये टैक्स बढ़ाने की कांग्रेस कड़ी निन्दा करती हैं। रसोई गैस के मूल्यों में बढ़ोत्तरी से जनता पर जहाँ सीधा असर पड़ेगा वहीं पेट्रोल व डीजल पर अधिभार लगाने से जनता पर अप्रत्यक्ष रूप से बोझ पड़ेगा। केन्द्र सरकार का यह कदम पूरी तरह से जन-विरोधी है। रसोई गैस की कीमत बढ़ाने से हर घर व हर गृहस्थी प्रभावित होगी और उस पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी तरह पेट्रोल व डीजल के अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हो रही हैं और केन्द्र सरकार कच्चे तेल की कीमतों के हिसाब से पेट्रोल व डीजल के दामों में कटौती करने के वजाय उन पर अधिभार लगाया है जो निन्दनीय है। यूथ कांग्रेस की मांग है कि केन्द्र सरकार द्वारा लगाये गये रसोई गैस के मूल्यों में बढ़ोत्तरी तथा पेट्रोल व डीजल पर लगाया गया अधिभार तुरन्त वापस लिया जाये।

# CISF भर्ती में ओबरा नगर पंचायत की सराहनीय भूमिका



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ओबरा।** नगर में 24 दिसंबर से 20 जनवरी तक सम्पन्न हुई CISF फायर की भर्ती प्रक्रिया में नगर पंचायत ओबरा ने अतुलनीय सहयोग प्रदान कर अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वहन किया। इस दौरान प्रतिदिन नगर के CISF कैंपस में 300 से 350 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही, जिनके रहने, खाने और परिवहन की व्यवस्था नगर पंचायत ने बखूबी संभाली। नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरों के साथ-साथ बौद्ध विहार, चित्रगुप्त मंदिर, और मालवीय मिशन स्कूल के माध्यम से अभ्यर्थियों के रुकने की समुचित व्यवस्था की गई। वहीं, CISF कैंपस की साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने का कार्य भी नगर पंचायत ओबरा के कर्मचारियों ने जिम्मेदारी के साथ किया। इस सेवाभावी कार्यों से प्रभावित होकर ष्ट्रद्बस्स्न कमांडेंट एवं उनकी पूरी टीम ने नगर पंचायत ओबरा की सराहना की और एक विशेष समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष चाँदनी, अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल, तथा सफाई नायकों व अन्य कर्मचारियों को विशेष प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कमांडेंट द्वारा कहा गया कि ओबरा नगर पंचायत ने जो सहयोग और समर्पण दिखाया, वह अनुकरणीय है। ऐसे प्रयासों से भर्ती प्रक्रिया को सुचारु और गरिमामय रूप देने में बहुत मदद मिलती है। इस अवसर पर नगर पंचायत की ओर से अध्यक्ष चाँदनी ने कहा, यह सम्मान केवल हमारे लिए नहीं, पूरे ओबरा नगर के लिए गर्व की बात है। हम भविष्य में भी इसी तरह प्रशासनिक सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते रहेंगे।

# निजी स्कूलों की मनमानी, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सोपा आरोप लगाया कि शिक्षा का पूरी तरह से बाजारीकरण हो गया है जिससे गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है कांग्रेस ने स्कूलों में मनमानी फीस वसूली बंद करने और बगैर मान्यता संचालित विद्यालयों को बंद करने की मांग उठाई है कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामराज गोविंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में नए सत्र का प्रारंभ हो चुका है निजी स्कूल पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हो चुके हैं विद्यालयों को उन्होंने लूट का तंत्र बना दिया है विना सिर्फ मनमानी फीस वृद्धि कर रहे हैं बल्कि अपनी बताई की दुकानों से किताबें यूनिफॉर्म मनमानी दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं इससे गरीब अभिभावक इस भीषण महंगाई में अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने में सक्षम नहीं हो पा रहा है सरकार की दोहरी नीति से गरीब वर्ग के बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित ऐसे में गरीबों के हितों को ध्यान में रखकर प्राइवेट विद्यालयों में मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाई जानी चाहिए शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद खान ने कहा कि इस भीषण महंगाई में जहां एक तरफ अभिभावकों के लिए अपना घर चलना मुश्किल हो रहा है वहीं स्कूलों के इस लूट तंत्र के कारण के अभिभावक गण मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं निजी स्कूलों का यह आचरण ना तो लोकतंत्र और ना ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है कांग्रेस पार्टी निजी स्कूलों के इस निरंकुश और शोषण प्रवृत्ति की भर्त्सना करती है मांग किया कि निजी स्कूलों में फीस किताबें एवं यूनिफार्म के लिए छात्र हितकारी नियमावली बनाई जाए। पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र पासवान ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हैं गरीबों के कारण अभिभावकों के साथ बच्चे भी मजदूरी करने के लिए विश्वास है जिससे वह पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं सरकार की योजनाएं जमीन पर नहीं उतर रही है जिसका दुष्परिणाम है कि गरीब वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित है। उपस्थित प्रदेश सचिव ईश्वजितेंद्र पासवान जी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कमले ओझा जी पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सेतराम केशरी N S Y के जिलाध्यक्ष अंशु मदेशिया महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उषा चौबे, जिलाउपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, P C C सदस्य राजबली पांडे, शहर उपाध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला प्रदीप कुमार चौबे शहर महासचिव प्रांजल श्रीवास्तव शंकर लाल भारती शहर सचिव देवेंद्र शर्मा ,जिला महासचिव बाबूलाल पनिका, जिला महासचिव दयाशंकर पांडे जिला महासचिव सारद पनिका जिला सचिव संतोष नेताम, जिला सचिव जितेंद्र पांडे, जिला सचिव रामेश्वर यादव,शीतला पटेल, संदीप गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष लल्लू राम पांडे, शमीम अख्तर, प,रामप्यारे गोंड, रामपति गोंड, जीउत मौर्या, शशि बाला, सुधीर पाठक, मंजू देवी, अहमद हुसैन, प्रेमकांत विश्वकर्मा, बसंतलाल गोंड, विनोद शास्त्री, संतोष नेताम, सुरेंद्र चौहान, रामबली गोंड, ऋषिराज, आदि सैकड़ों कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिराव फुले जी की मनी जयंती

**सपा जिला पार्टी कार्यालय चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए संगोष्ठी का आयोजन**

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर महात्मा ज्योतिराव फुले जी की जयंती मनाई गई चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया और संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले की एक दूरदर्शी समाज सुधारक विचारक और कार्यकर्ता थे जिन्होंने 19वीं सदी के भारत में जातिगत भेदभाव को चुनौती देने और महिलाओं की शिक्षा की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपना जीवन हाशिए पर पड़े हुए समुदायों के उत्थान और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज अपने राजनीतिक जीवन में किसानों नौजवानों महिलाओं आदिवासियों एवं हर तपके के पिछड़े लोगों की लड़ाई सदन तक लड़ने का काम कर रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे।

गोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल प्रधान जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल रमेश सिंह यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर नगर अध्यक्ष सरदार पारब्रह्म सिंह जितेंद्र उमर अफरोज खान पंचदेव सिंह खरवार केदार यादव तौफीक अली राधेश्याम अर्जुन कामरान खान श्रीराम बियार सत्यम पांडे अर्जुन सिंह मोजनवाल सुजीत मोदनवाल सुशील राय मदन मोहन मिश्रा पीयूष यादव जिज्ञासु विमलेश सिंह पटेल के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फीस के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

■ निजी स्कूलों की इस तरह की लूट को तत्काल रोके जाने की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** निजी स्कूलों की अभिभावकों से स्कूल फीस में वृद्धि, कॉपी-किताबें और ड्रेस चुनिन्दा दुकानों से खरीदने के लिए दबाव बनाने के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए विरोध प्रदर्शन में राज्यपाल को ज्ञापन भेज निजी स्कूलों की इस तरह की लूट को तत्काल रोके जाने की मांग की गयी।

कांग्रेस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में निजी स्कूलों की अवैध वसूली के विरोध में प्रदर्शन किया गया। नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही स्कूल फीस में भारी वृद्धि, चुनिन्दा दुकानों से पाठ्यक्रम और ड्रेस खरीदने के दबाव के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने निजी स्कूलों के अभिभावकों से की जा रही वसूली का विरोध जताया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर हुए प्रदर्शन के जरिए जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के संयुक्त तत्वावधान में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में राज्यपाल से निजी स्कूलों के लूट तंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलों की फीस, किताबें और यूनिफार्म के लिए न्यायोचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलम्ब बनवाने की मांग की। अमित श्रीवास्तव, डॉ. शहजाद और रुद्रदमन सिंह ने कहा कि भीषण महंगाई के इस दौर में जहां अभिभावकों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में निजी स्कूलों के इस लूट तंत्र की वजह से अभिभावकों को घोर मानसिक प्रताडना से गुजरना पड़ रहा है। निजी स्कूलों का यह आचरण न तो लोकतंत्र और न ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है। ज्ञापन कार्यक्रम में निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, राजेन्द्र पाण्डेय, किश्वर जहां एडवोकेट, आर.बी. सिंह, रईस अहमद, फखरुल इस्लाम, देवानंनद तिवारी, मोहम्मद उबैद खान, आकिल हुसैन शीजू, मोहम्मद नसीम, अमन यादव, संजय श्रीवास्तव, महीप सिंह, बब्बन पाण्डेय, वेदप्रकाश, मुकेश सिंह, नितांत सिंह, सुरेश लोधी, हसन अब्बास, मेहताब जायसी, शन्नो खान, जेबा मलिक, सुरेन्द्र सक्सेना, अकील अहमद खान, रफीक मलिक, छोटे मियां, मोहम्मद सलमान, परवेज मंसूरी, रामबोध पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

## रेशम सखी के रूप में रेशम कीट पालन करेंगी महिलाएं

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ते हुए रेशम क्लस्टर विकसित किये जायेंगे। समूहों के मध्य से रेशम सखियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। इस तरह स्वयं सहायता समूहों की दीदियां रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी और रेशम सखी के रूप में काम करके अपनी आमदनी बढ़ायेंगी। इस कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग द्वारा 50,000 स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आगामी पाँच वर्षों में रेशम उत्पादन से जोड़ने हेतु अनुबंध किया जा चुका है। इस मसौदे व अनुबंध की अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। शहतूत रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने हेतु 14 सदस्यीय दल जिसमें राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय मिशन प्रोफेशनल सम्मिलित हैं, को 24 से 26 मार्च, 2025 के मध्य तीन दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर, कर्नाटक में आयोजित किया जा चुका है।

### उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की योजनाओं की समीक्षा

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के विस्तार और सामुदायिक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा

■ किसानों की समृद्धि के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ज़ोर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को उद्यान निदेशालय के सभागार में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार गहन समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा किसानों की उत्तरोत्तर समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री सिंह ने कहा कि उद्यान विभाग राज्य के किसानों को आधुनिक और लाभकारी कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में योजनाओं के तहत हुए क्षेत्रफल विस्तार और प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्यों को निर्धारित करने पर जोर दिया। प्रदेश में फूल, मसाला और औषधीय खेती की फसलों के क्षेत्रफल को जलवायु क्षेत्र के अनुरूप बढ़ाया जाए, जिसके लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि औद्यानिक खेती से कम क्षेत्रफल में अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है, जो किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सिंह ने निर्देश दिया कि प्रचार-प्रसार और जागरूकता अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने निदेशालय स्तर पर अनुभागवार समीक्षा करते हुए सभी योजना प्रभारियों को किसान हित में सकारात्मक और प्रभावी तरीके से योजनाओं को लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनपदों से नियमित रिपोर्ट तैयार करने और सुधारात्मक कदम उठाने पर भी बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पक्ष ठीक से प्रस्तुत कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, प्रदेश के सार्वजनिक और अलंकृत उद्यानों को और अधिक सुंदर बनाकर विभाग की छवि को मजबूत करने के निर्देश दिए।

# महात्मा ज्योतिबा फुले: सामाजिक न्याय के अग्रदूत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा भागीदारी भवन स्थित सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 198वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, रामचंद्र कनौजिया, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, डॉ. संजय गोंड, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, कुमार प्रशान्त, निदेशक, समाज कल्याण विभाग के साथ विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अरुण द्वारा भागीदारी भवन रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 200 वर्षों पूर्व सामाजिक, आर्थिक समानता एवं नारी शिक्षा के संबंध में जो योगदान एवं प्रेरणा महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने दी वहीं हमें डॉ. आंबेडकर जी के माध्यम से भारतीय संविधान में दिखाई देती है। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने उनकी पत्नी माता सावित्री बाई फुले जी का भी स्मरण किया, जिन्होंने नारी शिक्षा एवं उनके कल्याण के लिए नई राह दिखाई।

## हैदर जैदी के ईसाले सवाब के लिए मजलिस आज

**लखनऊ।** उर्दू दैनिक आग के पत्रकार हमीदुल हसन जैदी के स्वर्गीय पिता अबुल हसन जैदी और स्वर्गीय तहजीब हैदर जैदी के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिस होगी। स्वर्गीय अबुल हसन जैदी के ईसाले सवाब की मजलिस हुसैनाबाद के मुफ्तीगंज के बेल वाला टीला स्थित इमामबाड़ा मजाहिर हसनैन जैदी में सुबह 10 बजे होगी। मजलिस को मौलाना अम्बर आब्दी खिताब करेंगे। वहीं स्वर्गीय तहजीब हैदर जैदी के ईसाले सवाब की मजलिस हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित रौजए हजरत अली में सुबह 9 बजे होगी। तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना अकील अब्बास मारूफी खिताब करेंगे।

# हनुमान जयंती के अवसर पर बांटे गए मटके

■ दिया गया संदेश मटका दान से आती है परिवार में समृद्धि

■ हनुमत सेवा समिति द्वारा श्री राम हनुमत महोत्सव 26 और 27 अप्रैल को बलरामपुर गार्डन में होगा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हनुमान जयंती के अवसर पर एक दिन पूर्व शुक्रवार 11 अप्रैल को हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय द्वारा जरूरतमंदों में मिट्टी के मटकों का वितरण मड़ियांव क्षेत्र किया गया। इसके माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि मटके के शीतल जल से जहां लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा वहीं गर्मियों में मटका दान का अनुसरण करने वाले दाता, के घर में भी सुख-समृद्धि आएगी और लक्ष्मी जी की कृपा हमेशा बनी रहेगी। सेवा भाव को महत्व देते हुए विवेक, न केवल कुष्ठ रोगियों की सेवा अमावस्या पर भोजन और दवा दान करके कर रहे हैं बल्कि निःशुल्क हनुमत पाठशाला का संचालन करके जरूरतमंदों बच्चों का भविष्य भी संवार रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को विवेक पाण्डेय ने अपने सदर स्थित समिति के प्रधान कार्यालय में श्री राम हनुमत महोत्सव के निमंत्रण कार्ड का विमोचन भी किया। प्रथम निमंत्रण कार्ड प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हनुमत सेवा समिति की ओर से श्री राम हनुमत महोत्सव का आयोजन 26 और 27 अप्रैल 2025 को शाम 04:30 बजे से अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया जा रहा है। प्रेमकांत तिवारी के संचालन में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान होंगे। इस दौरान लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया द्वारा विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। शनिवार 26 अप्रैल को महोत्सव का आरंभ शाम 4:30 बजे मंगलाचरण से होगा। इस क्रम में शाम 04:45 बजे नई दिल्ली के विश्वविख्यात स्वर सम्राट, भक्ति भूषण आदरणीय अजय याग्निक द्वारा सुण्दरकाण्ड का सस्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। उसके उपरांत रात्रि 08:00 बजे मनोकामना बैलून प्रार्थना और रात्रि 08:05 बजे हनुमत कृपा सम्मान का वितरण किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे सुमधुर भजन गायक धर्मेंद्र मधुर और हरिद्वार के समूह द्वारा हनुमत भजनों पर, पुष्पांजली अर्पित की जाएगी। रात्रि 09:30 बजे ज्योति प्रार्थना, आरती प्रसाद और दिव्य हनुमत भण्डारा होगा। प्रसाद सेवा हेतु मित्तल मिष्ठान ठाकुरगंज के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय मित्तल और भण्डारे हेतु कैसरबाग स्थित बजरंग टायर्स और बी बजरंग लैण्ड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन प्रवेश कुमार सिंह दिन्नू भईया और अमीनाबाद स्थित एस.डी. कुन्दन किराना स्टोर की भावना सिंह और हेमा जोशी सहित राजेश पाहवा द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## प्रो. ए जमाल हैदर जैदी की मजलिस कल

**लखनऊ।** प्रो. ए जमाल हैदर जैदी की कल रात में अचानक तबियत खराब हो गई और उन्हें लारी अस्पताल में एडमिट किया। डाक्टर्स की कोशिश के बाद भी मरहूम को बचाया न जा सका। कल रात में इंतेकाल हो गया। आज जुमा की नमाज के बाद मरहूम को गुफरामआब में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

मरहूम शिया पीजी कॉले लखनऊ में कमेस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड थे। इससे पहले मरहूम दो बार यूपी हायर एजुकेशन सर्विस कमीशन प्रयागराज के सीनियर मेम्बर और आफिसियेटिंग चेयरमैन भी रह चुके हैं। इंतेहाई खुश एखलाक और आला सलाहियतों के मालिक थे। इल्म के मैदान में मरहूम का काफी योगदान रहा है। अपने पीछे दो मासूम बच्चों, पत्नी और जईफ मान को छोड़ा है मरहूम के सय्यूम की मजलिस रविवार को रात आठ बजे इमामबाड़ा गुफरमआब में होगी।

# प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सर्वोच्च प्राथमिकता है: गुलाब देवी

अवधनामा ब्यूरो



■ वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में माध्यमिक शिक्षा विभाग निभा रहा अहम भूमिका : मंत्री गुलाब देवी

■ माध्यमिक शिक्षा केवल शैक्षिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक समृद्धि की नींव है: माध्यमिक शिक्षा मंत्री

■ नए शैक्षिक सत्र में नामांकन अभियान चलाया जाएगा और कक्षा-08 पास छात्रों को माध्यमिक शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य की दिशा में माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रदेश गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षिक स्तर पर सुधार और विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ने हेतु ठोस कदम उठा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक छात्र-छात्रा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा केवल शैक्षिक दायित्व नहीं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक समृद्धि की नींव है। 01 अप्रैल, 2025 से नया शैक्षिक सत्र आरंभ हो चुका है। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शैक्षिक सत्र के निर्धारित किए गए लक्ष्यो को समयबद्ध पूरा करने की रूपरेखा तैयार की गई हैं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने मंडलीय और जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय निरीक्षण और अनुश्रवण की प्रक्रिया गंभीरता से अपनाई जाए। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक स्तर से साप्ताहिक व मासिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे योजनाओं की प्रगति पर निरंतर नजर रखी जा सके। विद्यालयों में विशेष नामांकन अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़ा जा सके। मंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि कक्षा-08 उत्तीर्ण कर चुके किसी भी विद्यार्थी को माध्यमिक शिक्षा से वंचित न रहने दिया जाए।

# रौजों के पुनर्निर्माण को लेकर हुआ प्रदर्शन

## वक्फ संशोधन विधेयक वापस लेने की भी मांग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना स्थित जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और इमामों के रौजों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर मजलिस उलमा-ए-हिन्द के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों अपने हाथों में पवित्र रौजों के पुनर्निर्माण और वक्फ संशोधन कानून को वापस लेने की तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शन के जरिए जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए संयुक्त राष्ट्र, सऊदी अरब और केन्द्र सरकार को ई-मेल से ज्ञापन भेजा गया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने सऊदी हुकूमत को जायोनी शासन की शक्ल बताया। उन्होंने कहा कि जो रसूल की पत्नियों और उनके साथियों की तौहीन का झूठा आरोप शियों पर लगा उन्हें काफिर कहते हैं वह जन्नतुल बकी में रसूल की पत्नियों और उनके साथियों की कब्रों के विध्वंस पर खामोश क्यों हैं। सऊदी हुकूमत ब्रिटेन और औपनिवेशिक ताकतों की गुलाम है। सऊदी मुफ्तियों ने आज तक इस्लाम और कुरान का अपमान करने वालों के खिलाफ कोई फतवा जारी नहीं किया, लेकिन इस्लामी समुदायों के काफिर होने का फतवा देते रहते हैं। सऊदी अरब में बार, क्लब और कैसीनो खुल रहे हैं और रियाद शराब और शबाब का केन्द्र बन चुका है। प्रसिद्ध नर्तकियों को नृत्य के लिए आमंत्रित किया जाता है, लेकिन एक भी मौलवी ने इसकी निंदा नहीं की। गाजा युद्ध ने आले सऊद के चेहरे पर पड़ा नकाब हटा दिया है और अब मुसलमान उनकी हकीकत से बाखबर हो चुके हैं। मुसलमानों को एकजुट होकर जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए आवाज उठाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने केन्द्र सरकार से वक्फ संशोधन कानून वापस लिये जाने के नारे लिखी तख्तियां लेकर वक्फ संशोधन कानून वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन को मौलाना रजा हुसैन रिजवी, मौलाना फैज अब्बास मशहदी, मौलाना शबाहत हुसैन और खानकाहे सलाहुद्दीन से बाबर सफवी ने भी सम्बोधित करते हुए सऊदी हुकूमत से जन्नतुल बकी में रौजों के पुनर्निर्माण की मांग की। वक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार से सऊदी अरब पर जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए दबाव डालने की मांग की, जिससे रौजों के निर्माण की अनुमति मिल सके। प्रदर्शन का संचालन मौलाना आदिल फराज ने किया। प्रदर्शन में मौलाना सरताज हैदर जैदी, मौलाना फिरोज हुसैन जैदी, मौलाना नजर अब्बास रिजवी सहित अन्य उलमा व बड़ी संख्या में नमाजी शामिल थे।

## सोचैम के यूपी को-चेयरमैन ने विजय किरण आनंद से की मुलाकात

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एसोचैम के यूपी को-चेयरमैन हसन याकूब ने इन्वेस्ट यूपी के नवनियुक्त सीईओ विजय किरण आनंद से उनके कार्यालय में मुलाकात कर बधाई दी और स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश में आर्थिक विकास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एसोचैम, उत्तर प्रदेश स्टेट डेवलपमेण्ट काउंसिल और इन्वेस्ट यूपी के बीच संभावित सहयोग के अवसरों पर प्रकाश भी डाला गया। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने प्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए एसोचैम के नेटवर्क का फायदा उठाने के लिए उत्साह जताया वहीं हसन याकूब ने निवेशकों के अनुकूल नीतियों को सुविधाजनक बनाने में इन्वेस्ट यूपी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से प्रदेश के व्यापार, पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और प्रदेश में सतत विकास में योगदान की उम्मीद है।

## सिंधी भाषा दिवस पर संगोष्ठी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी द्वारा दिनांक 11 अप्रैल 2025 को सिंधु भवन, मवाईया, लखनऊ में सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी तथा छात्रों द्वारा सिंधी गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा पर अकादमी निदेशक अभिषेक कुमार 'अखिल', राजाराम भागवानी, सुधामचन्द, प्रकाश गोधवानी दुनीचन्द, हरीश वाधवानी आदि ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वक्ता सुधामचन्द चंदवानी द्वारा अवगत कराया गया कि सिंधी भाषा को 1947 में अखंड भारत के विभाजन के बाद सिंधियों को सिंध प्रान्त छोड़ना पड़ा और वे यहाँ भारत देश के विभिन्न प्रान्तों में आकर बसे। भारत में सिंधियों का कोई विशेष भाषाई राज्य नहीं है, भारत सरकार ने सिंधियों की न्यायोचित माँग और देशभक्ति को देखते हुये दिनांक 10 अप्रैल, 1967 को चेटीचंड के पावन दिवस पर ही सिंधी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में मान्यता प्रदान की गयी थी और इस वर्ष 58 साल पूर्ण हुये हैं।

# 46 सेवानिवृत्ति शिक्षकों को किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विकास खण्ड सरोजनी नगर के वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक सेवानिवृत हुए 46 शिक्षक और शिक्षिकाओं को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ , विकास खंड सरोजनी नगर जनपद लखनऊ द्वारा गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज विजनौर में सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह-2020 से 2025 आयोजित कर विदाई दी गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय आर0 एस0 कुशवाहा पूर्व राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय इंजी0 अवनीश कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद लखनऊ खंड-स्नातक,उत्तर प्रदेश एवं अध्यक्ष क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षिका गीता कुरील द्वारा किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौना, सरोजिनी नगर लखनऊ के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक विद्यालय दादूपुर और बेसिक विद्यालय पहाड़पुर के बच्चों ने, मैं बेटी हिंदुस्तान की और सत्यमेव जयते मनमोहक गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया इस कार्यक्रम को तैयार करने वाले शिक्षक श्रीमती अनीशा सिंह एवं रश्मि मिश्रा ने कई दिनों तक लगातार मेहनत करके बेसिक के बच्चों को तैयार किया। जिला अध्यक्ष सुधांशु मोहन द्वारा अतिथियों को बुके और माल्यार्पण द्वारा स्वागत कर बैज अलंकरण किया गया। तत्पश्चात 2020 के 5 शिक्षक, 2021के 9 शिक्षक, 2022 के 6 शिक्षक, 2023 के 9 शिक्षक, 2024 के 7 शिक्षक तथा 2025 के 10 सेवानिवृत शिक्षकों को साल, स्मृति चिन्ह, पुस्तक और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रान्तीय मंत्री वंदना सक्सेना, जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह ने सेवानिवृत शिक्षकों की लंबी उम्र की कामना की, विकासखंड सरोजिनी नगर के मंत्री धीरेंद्र कुमार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को एक विद्यालय को गोद लेने हेतु प्रेरित किया। जनपद लखनऊ के समस्त विकासखंड के अध्यक्ष मंत्री व कुछ सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया।

# पीएनबी हाफ मैराथन 2025 ने डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत के लिए 'साइबर रन' में नागरिकों को किया एकजुट

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी), ने आज नई दिल्ली में फिटनेस, सामुदायिक भावना और साइबर जागरूकता के एक शक्तिशाली गठजोड़ के साथ पहले पीएनबी हाफ मैराथन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में मैराथन का औपचारिक रूप से शुभारंभ एम. नागराजू (सचिव, डीएफएस), अशोक चंद्र (पीएनबी एमडी एवं सीईओ), समीर बंसल (पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस एमडी एवं सीईओ), गिरीश कौसगी (पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एमडी एवं सीईओ) और पीएनबी के शीर्ष प्रबंधन द्वारा किया गया।

डीएफएस सचिव ने साइबर अपराध के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय प्रयासों के लिए पीएनबी की भी सराहना की। अशोक चंद्र, एमडी एवं सीईओ, पीएनबी ने कहाः ÷पीएनबी जब राष्ट्र को अपनी निरंतर सेवा के 131 वर्ष पूर्ण कर रहा है तब साइबर रन वित्तीय कल्याण और डिजिटल सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम भारत के विकास गाथा की रीढ़ है, और पीएनबी को गर्व है कि वह जागरूकता, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से इस राह का नेतृत्व कर रहा है। 13800 से अधिक धावकों ने तीन श्रेणियों --- 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन (2600 धावक), 10 किलोमीटर एनर्जेटिक (5850 धावक), और 5 किलोमीटर फन-फील्ड (5350 धावक) में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो साइबर सुरक्षा जागरूकता और एक डिजिटल रूप से समावेशी सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में एक साझा कदम का प्रतीक है। लाइव म्यूजिक बैंड और रास्ते भर मनोरंजक गतिविधियों ने उत्साहजनक माहौल बनाया, जिससे पूरी सुबह प्रतिभागी ऊर्जावान रहे और माहौल जीवंत बना रहा। चुनौतीपूर्ण 21.1K दौड़ में, महिलाओं की श्रेणी में 2,00,000 का शीर्ष पुरस्कार प्राप्त कर उजाला विजेता बनीं, इसके बाद 1,50,000 प्राप्त कर रेनू सिंह पहली रनर-अप रहीं और सोनिका 1,00,000 प्राप्त कर दूसरी रनर-अप रहीं। पुरुषों की श्रेणी में, हेमंत सिंह ने 2,00,000 का पुरस्कार प्राप्त कर विजेता का खिताब जीता। उनके बाद हरीश शेरोआन रहे, जिन्होंने 1,50,000 के साथ नजदीकी मुकाबले में पहला रनर-अप का स्थान हासिल किया, और बानी सिंह ने 1,00,000 के साथ दूसरे रनर-अप स्थान प्राप्त किया। एनर्जेटिक 10K दौड़ में, महिलाओं की श्रेणी में 2,00,000 का शीर्ष पुरस्कार प्राप्त कर नीता रानी शीर्ष पर रहीं, जिसके बाद 1,50,000 प्राप्त कर तामसी सिंह पहली रनर-अप और 1,00,000 प्राप्त कर अनीता सिंह दूसरी रनर-अप रहीं। पुरुषों की श्रेणी में, 2,00,000 का पुरस्कार प्राप्त कर गौरव विजेता बने साथ ही 1,50,000 प्राप्त कर बलराम पहले रनर-अप और 1,00,000 प्राप्त कर सावन दूसरे रनर-अप रहे।